| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,508.46 |
| निफ्टी | 24,619.00 |
| सोना | 71,300 |
| चांदी | 92,000 |
| डॉलर | 84.85 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
मंगलवार 10 दिसम्बर 2024
मार्गशीर्ष शुक्ल 09 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 78
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in


## सत्ता पक्ष ने की थी चर्चा कराने की मांग

# जॉर्ज सोरोस से सोनिया गांधी के संबंध पर संसद में हंगामा

बीजेपी ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप में कहा गया, सोनिया गांधी के संबंध फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक (एफडीएल-एपी) से हैं। अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस से इस संगठन को पैसा मिलता है। यह संगठन एक अलग कश्मीर की वकालत करता है। इस पर सोमवार को संसद में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी पर लगे आरोपों को लेकर सोमवार को संसद में जोरदार हंगामा हुआ। बीजेपी के आरोपों को विपक्षी सांसदों ने बेबुनियाद बताया। हंगामें को बढ़ता देख लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इससे पहले सुबह 11 बजे सदन में अध्यक्ष ओम बिरला के आसन पर आते ही विपक्षी सदस्य अपने स्थानों से उठ कर कुछ मुद्दे उठाने लगे, जो साफ सुनाई नहीं दिए। इस पर ओम बिरला ने पूछा कि क्या वे सदन नहीं चलने देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल में किसी विषय को नहीं उठाया जाता है। अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल सबसे अहम समय होता है। देश चाहता है कि सदन की कार्यवाही चले। आप सदन में गतिरोध पैदा कर रहे हैं। उन्होंने दोबारा कहा कि आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं। इस पर विपक्षी सदस्य कुछ कहने लगे। उसके बाद ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी।



### केंद्रीय मंत्री ने कहा सोरोस भारत को बदनाम करने में लगे

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को सदन के बाहर जॉर्ज सोरोस रिपोर्ट पर कहा कि सोरोस का मामला संसद में उठ चुका है। अभी संसद चल रही है, इसलिए में इसका डिटेल सदन के बाहर नहीं कहूंगा। हम चाहते हैं कि संसद अच्छी तरह चले। जो रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में आई है, इसमें जो तथ्य हैं, वे सबके सामने हैं। इसमें गंभीर आरोप हैं।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि मैं किसी नेता का नाम नहीं लेना चाहता। सोरोस फाउंडेशन से जुड़ी हुई कई और ताकतें हैं, जो भारत के खिलाफ काम कर रही हैं। भारत के सांसद हों या नागरिक हों, सभी को देश के लिए काम करना और देश के खिलाफ काम करने वालों को बेनकाब करना है। इसमें कोई पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। मेरी बस इतनी ही अपील है कि हम एकजुट रहें, देशविरोधी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ें।

इस पर राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि केंद्र में सरकार आपकी है, जांच करवा लीजिए। जिस रिपोर्ट को एक दिन कोट आपने (सरकार ने) कोट किया था, इसके लिए उसने (सोरोस) कहा कि कहां से इस कोट कर दिया गया। एक उद्योगपति के बचाने में ये लोग पूरे देश का बेड़ा गर्क कर रहे हैं।

वहीं भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि अमेरिकी बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस और ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। इनका साथ राहुल गांधी दे रहे हैं। इसलिए वे लोकसभा में राहुल गांधी से 10 सवाल पूछूंगा।

वहीं बीजेपी सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि सदन में नियम 267 के तहत चर्चा की मांग उठाकर हम देश की जनता को यह बताना चाहते हैं कि कौन लोग देश की सुरक्षा के साथ षड्यंत्र कर रहे हैं। उनके बयान से नाराज कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि सारा देश यह देख रहा है, सदन में सभापति के आदेश की अवहेलना हो रही है। शून्य काल में सत्ता पक्ष सदन को नहीं चलने दे रहा है। तिवारी ने कहा कि सदन की परंपरा रही है कि बिना सभापति की अनुमति के कोई नहीं बोलता है और जो बोलता है वह रिकॉर्ड में नहीं जाना चाहिए। इसलिए बीजेपी सांसद वाजपेयी ने जो कहा वह रिकॉर्ड में नहीं जाना चाहिए।

बता दें सोमवार 9 दिसंबर को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन भी है। इस हंगामे से पहले सदन की कार्यवाही शुरू होने पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने उनके स्वास्थ्य को लेकर अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं। सभापति ने सभी को लोकतंत्र की भी बधाई दी। उन्होंने बताया कि संविधान सभा की पहली बैठक आज ही के दिन यानी 9 दिसंबर 1946 को हुई थी।

## आईआरसीटीसी का सर्वर डाउन, कहीं साइबर अटैक का मामला तो नहीं ?

मुंबई। सोमवार को आईआरसीटीसी की वेबसाइट डाउन होने के कारण टिकट बुक नहीं हो सके। रेल यात्री परेशान दिखे, खासकर उन लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई जो तत्काल टिकट बुक कराना चाहते थे। सोमवार सुबह बुकिंग विंडो खुलते ही आईआरसीटीसी का सर्वर डाउन हो गया। मालूम हो कि हर दिन लाखों यात्री ऑनलाइन सिस्टम से टिकट बुक करते हैं। सर्वर डाउन होने से यात्रियों के साथ-साथ रेलवे प्रशासन को भी आर्थिक चपत लगी। अब लोग सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत कर रहे हैं, लेकिन आईआरसीटीसी की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। मालूम हो कि सुबह के समय आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर लॉग इन करने पर डाउनटाइम का मैसेज मिल रहा था। संदेश में कहा गया कि रखरखाव कार्य के कारण ई-टिकटिंग सेवा अगले 1 घंटे के लिए बंद रहेगी। टिकट रद्द करने और टीडीआर का भुगतान करने के लिए लोगों को ग्राहक सेवा नंबर पर ईमेल या कॉल करने के लिए कहा जा रहा था। आमतौर पर आईआरसीटीसी का सर्वर रात में मेंटेन किया जाता है, लेकिन सुबह 10 बजे तत्काल टिकट बुक करने का समय आते ही सोशल मीडिया पर सर्वर डाउन होने की शिकायतें आने लगी। तत्काल टिकट बुक करने वालों को काफी परेशानी हो रही थी। अब लोग सोशल मीडिया पर लोग अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इतना ही नहीं आईआरसीटीसी को टैग कर लोगों द्वारा कई तरह के सवाल पूछे जा रहे हैं।

### - कहीं साइबर अटैक तो नहीं ?

आईआरसीटीसी का साइट डाउन होने के बाद लोग साइबर अटैक की बात कर रहे हैं। क्योंकि सुबह 10 बजे से मेंटेनेंस मरम्मत की चर्चा लोगों को पच नहीं रही है। दरअसल, एसी तत्काल के लिए टिकट की बुकिंग सुबह 10 बजे शुरू होती है। जबकि नॉन-एसी की बुकिंग सुबह 11 बजे से शुरू होती है। आईआरसीटीसी की सेवाएं बंद होने के कारण दोनों टिकटों की बुकिंग संभव नहीं थी। अब लोग आईआरसीटीसी के जवाब का इंतजार कर रहे हैं और ये पूछ रहे हैं कि कहीं ये साइबर अटैक का मामला तो नहीं है ?

## खास खबर

### गुलमर्ग में बर्फबारी से पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद

जम्मू । जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में बर्फबारी होने से पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि पर्यटकों के बीच मशहूर गुलमर्ग में दोपहर में बर्फबारी हुई। आखिरी सूचना मिलने तक बर्फबारी जारी थी। उन्होंने बताया कि दो से तीन इंच बर्फ जमा हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों सहित कई इलाकों में भी बर्फबारी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में हल्की बर्फबारी का अनुमान जाहिर किया है। ट्रैवल एजेंट ने कहा, "हम इस वर्ष अच्छी मात्रा में बर्फबारी की उम्मीद कर रहे हैं ताकि पर्यटक आकर आनंद उठा सकें। पिछले वर्ष गुलमर्ग में बहुत कम बर्फबारी हुई थी, जिसके कारण पर्यटक घाटी से दूर रहे।

### एनसीडब्ल्यू की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा भाजपा की राज्यसभा उम्मीदवार

नई दिल्ली (भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आंध्र प्रदेश, ओडिशा और हरियाणा के राज्यसभा उम्मीदवारों की घोषणा की है । भाजपा ने आंध्र प्रदेश से रयागा कृष्णैयाह, ओडिशा से सुजीत कुमार और हरियाणा से रेखा शर्मा पर दांव लगाया है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा का कार्यकाल 6 अगस्त को समाप्त हो गया था। उच्च सदन के लिए चुनाव 20 दिसंबर को होंगे और नतीजे भी उसी दिन घोषित किये जायेंगे। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और हरियाणा राज्यसभा के लिए छह सदस्यों का चुनाव करेंगे। आंध्र प्रदेश में तीन, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और हरियाणा में एक-एक सीट खाली थी।

### पवन कल्याण को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस ने शुरू की जांच

अमरावती। आंध्रप्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के सरकारी आवास पर उन्हें जान से मारने की धमकी वाला फोन आया. सूत्रों ने बताया कि कल्याण को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया और कॉल करने वाले ने उनके साथ गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को इस कॉल के बारे में सूचित कर दिया गया है तथा घटना की जांच शुरू कर दी गई है. फिलहाल पता नहीं चल पाया है कि धमकी देने वाला कौन था और कहां से कॉल की गई थी. पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

### पाकिस्तानी सेना प्रमुख के टैंक से गिरने का वीडियो वायरल

नई दिल्ली । सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी आर्मी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में देख सकते हैं पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर दो और अधिकारियों के साथ टैंक पर खड़े दिख रहे हैं। हालांकि 7 सेकंड के वीडियो में कभी वे आगे की तरफ गिरते दिख रहे हैं, तब कभी पीछे की तरफ गिर रहे हैं। हालांकि वीडियो में उनके गिरने का पैटन कुछ अलग सा लग रहा है। जब वीडियो की पड़ताल की तब यह वीडियो एआई से बनाया हुआ मिला। सोशल मीडिया पर एक एक्स यूजर ने दावा किया कि चीन के सामने अभ्यास करते हुए पाकिस्तान के आर्मी के जवान टैंक से गिर गए।

## संजय मल्होत्रा को रिजर्व बैंक का नया गवर्नर नियुक्त किया गया

नई दिल्ली। संजय मल्होत्रा को रिजर्व बैंक का नया गवर्नर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास के कार्यकाल में विस्तार नहीं किए जाने के बाद की गई है, जो लगातार मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ था। संजय मल्होत्रा ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के तहत राजस्थान कैडर से अपनी सेवा शुरू की थी। वह अब रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद केंद्रीय बैंक की जिम्मेदारियां संभाली थी। संजय मल्होत्रा का कार्यकाल अगले तीन साल के लिए होगा। संजय मल्होत्रा के पास वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में अत्यधिक अनुभव है। उन्होंने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव के तौर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। इसके अलावा, उन्हें केंद्र और राज्य सरकारों में टैक्स और वित्तीय मामलों का भी गहरा अनुभव है। बता दें कि शक्तिकांत दास का कार्यकाल भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था और उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए गए। हालांकि, सरकार ने उनके कार्यकाल में कोई विस्तार करने का निर्णय नहीं लिया है। बताया जा रहा है कि संजय मल्होत्रा की नियुक्ति का फैसला वित्तीय सेवा क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए लिया गया है।

## महाराष्ट्र में शिंदे गुट को गृह मंत्रालय नहीं देगी भाजपा

मुंबई। महाराष्ट्र को देवेंद्र फडणवीस के रूप में नया मुख्यमंत्री मिल चुका है, लेकिन अब तक मंत्रालयों को लेकर चर्चाएं जारी हैं। सूत्रों के हवाले से खबर है कि भारतीय जनता पार्टी ने शिवसेना को गृह मंत्रालय देने से मना कर दिया है। गुरुवार को हुए समारोह के दौरान फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वहीं, एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी चीफ अजित पवार उपमुख्यमंत्री बने।

रिपोर्ट में भाजपा के सूत्र के हवाले से बताया, भाजपा ने गठबंधन के साथ शिवसेना को दो टूक कह दिया है कि वह उन्हें गृहमंत्रालय नहीं दे सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा ने शिंदे को राजस्व, शहरी विकास और लोक निर्माण विभागों में से चुनने के विकल्प दिए हैं। साथ ही अजित पवार को वित्त और योजना देने की बात कही है।



फडणवीस ने कहा था कि 16 दिसंबर से नागपुर में शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र से पहले कैबिनेट विस्तार होगा। वहीं, रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा के अंदरूनी सूत्रों ने संकेत दिए थे कि कैबिनेट का विस्तार विशेष सत्र के दौरान 7 से 9 दिसंबर के बीच हो सकता है।

बताया जा रहा है कि महायुति में शिवसेना की तरफ से गृह मंत्रालय मिलने का दबाव मिल रहा था। इधर, 288 में से 132 सीटें अपने नाम करने वाली भाजपा गृहमंत्रालय भी अपने पास रखने पर जोर दे रही है। फडणवीस ने हाल ही में कहा, केंद्र में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार है। दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्रालय भाजपा के पास है। इसके बाद उसी पार्टी को गृहमंत्रालय मिलने से आपसी सहयोग आसान हो जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा के सूत्रों ने बताया है कि भाजपा के पास 18 से 20 मंत्री हो सकते हैं। शिवसेना के पास 12 से 14 मंत्री और एनसीपी को 9 से 11 मंत्री हो सकते हैं। संभावनाएं हैं कि महायुति सरकार में 30 से 35 मंत्री बन सकते हैं। राज्य में सीएम सहित कुल 43 मंत्री रह सकते हैं। खबर है कि भाजपा ऊर्जा, जल संसाधन, आदिवासी कल्याण, आवास, ग्रामीण विकास, ओबीसी कल्याण और उच्च और तकनीकी शिक्षा भी लेने के मूड में है।

## एक बार फिर दिल्ली के 40 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। एक बार फिर दिल्ली में सोमवार की सुबह 40 स्कूलों को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। आरके पुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल और पश्चिम विहार स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल सहित बाकी स्कूलों को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली है। सुबह करीब 7 बजे दिल्ली दमकल विभाग को इस घटना की सूचना दी गई है। धमकी भरे ई-मेल के बाद स्कूल प्रशासन ने छात्रों को घर भेज दिया है,साथ ही पुलिस को भी सूचित किया गया है। दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच में बताया कि आज दिल्ली में 40 से अधिक स्कूलों को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली है। ई-मेल में लिखा है कि मैंने स्कूल भवनों के अंदर कई बम लगाए हैं। बम छोटे हैं और बहुत अच्छी तरह छिपाए हुए हैं। इससे इमारत को ज्यादा नुकसान नहीं होगा,लेकिन बम फटने पर कई लोग घायल हो जाएंगे। अगर मुझे 30,000 डॉलर नहीं मिले तो मैं बमों को ब्लास्ट कर दूंगा। यह घटना एक महीने से अधिक समय बाद हुई है। तब देश भर के कई सीआरपीएफ स्कूलों, जिनमें दिल्ली के दो और हैदराबाद का एक स्कूल शामिल है,को ई-मेल के माध्यम से बम धमकियां मिली थीं। दिल्ली पुलिस ने बताया था कि 21 अक्टूबर की रात तमिलनाडु के एक सीआरपीएफ स्कूल को पहली बार धमकी मिली थी,जिसके बाद देश भर के सभी संबद्ध स्कूलों को अलर्ट जारी किया गया था।

## 4 हजार किलोमीटर दूर सीरिया में तख्तापलट, भारत के माथे पर क्यों बढ़ी चिंता

नई दिल्ली। दिल्ली से करीब 4 हजार किलोमीटर की दूरी पर स्थित दमिश्क में तख्तापलट हुआ है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर-अल-असद को विद्रोहियों के डर से देश छोड़ना पड़ा है। असद सरकार का गिरना यूं सीरिया का आंतरिक मामला है, लेकिन इससे विदेश मोर्चे और कश्मीर के मसले पर भारत की चिंता बढ़ गई है। इसकी वजह असद सरकार सेक्युलर थी और हमेशा ही कश्मीर के मसले पर भारत के रुख का समर्थन किया था। यहां तक कि इस्लामिक सहयोग संगठन में भी तुर्की और मलयेशिया जैसे देशों के इतर सीरिया का रुख कभी भारत के खिलाफ नहीं गया। 2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद जब तुर्की जैसे देशों ने इस पर टिप्पणी की थी, तब असद सरकार का कहना था कि यह भारत का आंतरिक मामला है। लेकिन अब जिस तहरीर अल शाम नाम के संगठन का सीरिया की सत्ता पर कब्जा किया है, वहां तुर्की का समर्थक है। वहीं तुर्की, जो कि कश्मीर के मसले पर पाकिस्तान के रुख का समर्थन किया था। कई बार चेतावनी जारी करने के बाद तुर्की संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर भारत को चुभने वाली बात करता रहा है। कहा जाता है कि इस विद्रोही संगठन को तुर्की का समर्थन हासिल है। उसकी ओर से इन लोगों को हथियार मिलते हैं।

## झारखंड में नाला विधायक रबिंद्रनाथ महतो का स्पीकर बनना तय

जामताड़ा। हेमंत सोरेन की नई सरकार में मंत्रिमंडल का गठन हो गया है। सोमवार से विधानसभा का पहला सत्र शुरू हुआ। जिसमें फिर तय हो गया है कि जामताड़ा जिले के नाला विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक रबिंद्रनाथ महतो ही फिर से स्पीकर बनने जा रहे है। इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित विधायकों की सीएम सोरेन के आवास पर हुई बैठक में इस पर सहमति बनी है।

हालांकि 8 दिसंबर को महतो के पिताजी का देहांत होने के कारण उनका पूरा परिवार अभी शोकाकुल है, लेकिन उनके विधानसभा अध्यक्ष बनने की घोषणा से समर्थकों में खुशी दिख रही है।

स्पीकर बनते ही बनेगा नया रिकॉर्ड

नाला विधायक महतो के झारखंड विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष बनते ही एक नया कीर्तिमान स्थापित करने वाले हैं। वे झारखंड के पहले वैसे विधायक बनने वाले हैं, जो लगातार दूसरी बार विधानसभा अध्यक्ष बनने जा रहे है। यही नहीं महतो पहले इसतरह के विधायक है जो दो कार्यकाल में स्पीकर बन रहे है। इसके पहले अब तक ऐसा नहीं हुआ था। इतना ही नहीं महतो ने चौथी बार विधायक बनते ही इसके पूर्व भी उस मिथक को तोड़ा था जिसमें यह देखा जाता है कि विधानसभा अध्यक्ष रहते हुए कोई भी जनप्रतिनिधि विधायक नहीं बनते हैं।

## सात फार्मा कंपनियों की दवाइयां निकलीं नकली, ड्रग कंट्रोल विभाग ने लगाया बैन

-यह कार्रवाई अमानक दवाइयों के बढ़ते खतरे को रोकने की दिशा में अहम कदम

जयपुर। राजस्थान के ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने नकली और अमानक दवाइयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सात फार्मा कंपनियों की नौ दवाइयों के कुछ बैचों की बिक्री पर रोक लगा दी है। जांच में पाया गया कि इन दवाओं में चार नकली दवाएं हैं, जबकि पांच दवाइयों के सैंपल गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं।

हेपारिन सोडियम इंजेक्शन खून को पतला करने के लिए उपयोग की जाने वाली यह दवा अमानक पाई गई। एविल इंजेक्शन यह इंजेक्शन मानसिक रोगियों को नींद के लिए दिया जाता है। कैल्शियम कार्बोनेट और विटामिन डी-3 की गोलियां के सैंपल भी अमानक पाए गए हैं। सुपाटेल-टिरियो हाइपरटेंशन वाले मरीजों को दी जाने वाली यह दवा गुणवत्ता पर खरी नहीं उतरी है। लिवोसिट्राजिन मोंटेलुकास्ट के सैंपल अमानक पाए गए हैं। निमोस्लाइड पेरासिटामोल टेबलेट अमानक पाई गई। सल्फामैथोक्साजोल और ट्राइमेथोप्रिम का इंजेक्शन संक्रमण नियंत्रण में इस्तेमाल की जाने वाली यह दवा भी अमानक पाई गई है। अल्पोजलम टेबलेट यह दवा भी मानकों पर खरी नहीं उतरी है।

ड्रग कंट्रोलर ने बताया कि नवंबर में बाजार से लिए गए दवाइयों के सैंपल जांच में फेल पाए गए। इन दवाओं पर तुरंत प्रतिबंध लगाकर संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे डॉक्टर की सलाह के बिना दवाइयां न लें और दवाइयां खरीदते समय उनके बैच नंबर और निर्माण कंपनी की जांच जरूर करें।

## पीएम मोदी ने लांच की 'बीमा सखी योजना, ग्रामीण महिलाओं को बनाएगी आत्मनिर्भर

पानीपत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के पानीपत में 'बीमा सखी योजना लांच की। यह योजना खासतौर पर ग्रामीण महिलाओं के लिए तैयार की गई है, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके।'बीमा सखी योजना के तहत महिलाओं को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ बीमा एजेंट के रूप में काम करने का मौका मिलेगा। यह योजना तीन सालों तक महिलाओं को मासिक स्टाइपेंड और कमीशन-आधारित इंसेंटिव देगी जिससे उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिलेगी।

कौन होगा पात्र?

बीमा सखी योजना के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया काफी



सरल है। महिलाओं की उम्र 18 से 70 साल के बीच होनी चाहिए और वे कम से कम 10वीं कक्षा पास की हो। हालांकि, एलआईसी एजेंटों या कर्मचारियों के रिश्तेदार, जैसे पति-पत्नी, बच्चे, माता-पिता, भाई-बहन या ससुराल वाले योजना के लिए आवेदन नहीं कर सकते। इसके अलावा, एलआईसी के पूर्व कर्मचारी या पूर्व एजेंट जो दोबारा नियुक्ति चाहते हैं, वे भी योजना के लिए पात्र नहीं हैं।

योजना के तहत महिलाओं को तीन साल तक मासिक स्टाइपेंड मिलेगा। पहले साल 7,000 प्रति माह का स्टाइपेंड मिलेगा। दूसरे साल 6,000 प्रति माह का स्टाइपेंड मिलेगा, लेकिन इसके लिए शर्त है कि पहले साल पूरी की गई पॉलिसियों में से करीब 65 प्रतिशत पॉलिसियां दूसरे साल के हर माह के अंत तक सक्रिय बनी रहें। तीसरे साल 5,000 प्रति माह का स्टाइपेंड दिया जाएगा, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि दूसरे साल पूरी की गई पॉलिसियों में से कम से कम 65 प्रतिशत पॉलिसियां तीसरे साल के हर महीने के अंत तक सक्रिय रहें। यानी हर साल का स्टाइपेंड पाने के लिए महिलाओं को अपनी पॉलिसियों को सक्रिय बनाए रखना होगा।

'बीमा सखी योजना के आवेदन प्रक्रिया के दौरान महिलाओं को कुछ जरूरी दस्तावेज जमा करना होगा। इसमें हाल ही की पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाण, पता प्रमाण और 10वीं की मार्कशीट शामिल हैं।

## पश्चिम बंगाल में भीषण विस्फोट में तीन लोगों की मौत

मुर्शिदाबाद । पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के सागरपाड़ा थाना क्षेत्र के खैरतला इलाके में हाल ही में एक भयंकर हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। एक देसी बम बनाने के दौरान हुए विस्फोट ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। पुलिस और स्थानीय गवाहों के अनुसार घटना मामून मोल्ला के घर में हुई, जहां देसी बम बनाने का काम चल रहा था। विस्फोट इतना तेज था कि मकान की छत ढह गई और पूरा घर मलबे में बदल गया। मृतकों की पहचान मामून मोल्ला, शकीरुल सरकार और मुस्ताकिन शेख के रूप में हुई है। इनमें से मुस्ताकिन शेख सागरपाड़ा की महरब कॉलोनी का निवासी था, जबकि मामून मोल्ला और शकीरुल सरकार खैरतला के निवासी थे। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोग भयभीत हैं और घटना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए हैं। पुलिस ने भारी सुरक्षा बल तैनात कर इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मकान के मलबे की जांच हो रही है ताकि विस्फोट के पीछे की साजिश का पता लगाया जा सके कि इस घटना में कौन-कौन शामिल थे। यह घटना स्थानीय अवैध गतिविधियों और देसी बम निर्माण के खतरों को उजागर करती है। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी देने की अपील की है।

# जनकल्याण पर्व अब नजदीक है, जल्दी रूपरेखा तैयार करे-कलेक्टर श्री मीना

## योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना है अभियान का मूल उद्देश्य, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मुख्य समारोह में होंगे सम्मानित, समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों से की चर्चा

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज )। कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में सोमवार को समय सीमा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने विभागवार योजनाओ की समीक्षा करते हुए विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुए जिला परिवहन विभाग प्रमूख को निर्देशित किया कि ड्राइविंग लायसेंस बनवाने के लिए बडे स्तर पर कैंप का आयोजित कर अभियान चलवाकर लायसेंस बनवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि 11 दिसम्बर से जनकल्याण पर्व प्रारम्भ होना है। इस पर्व में पूर्ण रूप से सक्रिय रहकर अभियान के संचालन को सुगमता से क्रियान्वित करे। बैठक में एडीएम जीएस धुर्वे, जिपं सीईओ अभिषेक सराफ, संयुक्त कलेक्टर केसी ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर एमआर कौल, डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।**

### जनकल्याण पर्व का सफल रूप से होगा संचालन

कलेक्टर श्री मीना ने मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार करने की विभाग प्रमूखों से चर्चा की। उपस्थित विभाग प्रमूखों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले भर में 11 दिसंबर 24 से 26 जनवरी 25 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जाना है। इस अभियान में भारत सरकार एवं राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरा लाभ उसके पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुंचे यही सुशासन का मूल उद्देश्य है। पर्व के रूप में आयोजित इस विशेष अभियान के तहत भारत सरकार एवं राज्य शासन की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ प्रदान कर योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन लाया जाये। साथ ही उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित है, लक्ष्य अनुरूप लाभ प्रदान किया जाए ताकि कोई भी पात्र हितग्राही संबंधित योजना के लाभ से वंचित न रह सके।



### जनकल्याण पर्व की सम्पूर्ण कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन से होगी क्रियांवित

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि जनकल्याण पर्व पूरे जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चलाया जाएगा। वहीं इस अभियान से सबंधित संपूर्ण कार्यवाही सीएम हेल्पलाईन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। जिसमे 11 दिसम्बर को लंबित आवेदनों की संख्या की प्रविष्टी पोर्टल पर करेगें तथा जिले की प्रगति की समीक्षा अभियान के दौरान प्राप्त आवेदन तथा 11 दिसम्बर को लंबित आवेदनों के कुल योग के निराकरण के अनुसार की जायेगी । साथ ही ऐसी हितग्राहीमूलक योजनाएं जो लक्ष्य आधारित हैं, जिनमें शासन स्तर से लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। उसके अनुसार हितलाभ प्रदान करने की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री मीना ने सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन की लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कार्ययोजना बनाकर लंबित शिकायतों का तेजी से निराकरण करें। 50 दिन से अधिक लंबित शिकायतें निराकरण के लिए शेष न रहे, इस गंभीरता से ले।

### राजस्व महाअभियान 3.0 का 26 जनवरी तक होगा क्रियान्वयन

समय सीमा बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि राजस्व महाअभियान 3.0 की समय अवधि 15 दिसम्बर बढ़ाकर अब 26 जनवरी 2025 तक चलाया जायेगा। राजस्व अभियान-3.0 से जुडे अधिकारी कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन कर दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण रूप से सुनिश्चित करें ।

### शिविर में प्राप्त आवेदनों का तत्काल करे निराकरण

कलेक्टर श्री मीना ने सभी विभाग प्रमूखों को निर्देशित किया कि 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक चलने वाले अभियान का प्रत्येक ग्राम पंचायत/शहरी वार्ड स्तर पर शिविरो का आयोजन होना है। जिसकी तिथि और समय की जानकारी उपलब्ध करवाएं । उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों में से सत्यापन के बाद जिन हितग्राहियों के आवेदन का तत्काल निराकरण कर उन्हें मौके पर ही लाभ दिया जा सकता है। ऐसे हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। शिविर में प्राप्त होने वाले अथवा शिविर के ठीक पूर्व पोर्टल पर दर्ज होने वाले नवीन आवेदनों को भी विचार में लिया जाएगा और उनका भी यथासंभव उसी दिन विधिवत निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### जनकल्याण पर्व में उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्य समारोह में किया जाएगा सम्मानित

जनकल्याण पर्व के इस अभियान में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियो को भोपाल में 26 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यं अतिथि के द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा।

# मिरगपुर के युवक पर धारदार हथियार से हमला

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। तिरोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मिरगपुर में एक युवक पर गांव के ही दूसरे युवक ने धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर दिया. घायल युवक को कटंगी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसका उपचार जारी है फिलहाल युवक की हालत में सुधार है. पूरी घटना रविवार की रात करीब साढ़े 08 बजे के आस-पास की है. पीड़ित युवक निखिल पिता इन्द्र कुमार शेण्डे ने बताया कि वह गांव में ही एक छोटा पान ठेला चलाता है जहां आकर रोहित पिता राजू राने ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. निखिल के बताए अनुसार रोहित राने की गांव में रहने वाले सचिन मेश्राम और शरद रामटेके से रंजिश है. सचिन मेश्राम का कैरम बोर्ड उसकी दुकान के बगल में है. जिस कारण सचिन और शरद रामटेके का अकसर उसकी दुकान पर आना-जाना लगा रहता है. निखिल ने बताया कि रोहित अकसर उसकी दुकान में आकर गाली-गलौज करता था तथा सचिन और शरद को दुकान में ना आने की धमकी देता था और दोनों को दुकान आने देने पर पान-ठेला पलटा देने की धमकी दिया करता था. रविवार की शाम साढ़े 08 बजे रोहित शराब के नशे में आया और फिर निखिल की छाती पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. निखिल को हमले के बाद कुछ समझ नहीं आया और वह बेहोश हो गया. बेहोशी की हालत में ही निखिल को अस्पताल में लाकर भर्ती करवाया गया था. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है लेकिन पीड़ित का कहना है कि आरोपी पर कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही है।



# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने बुलाया बंद

## मंगलवार को कटंगी बंद मांगा जनसमर्थन

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार की तरफ अपना ध्यानाकर्षण करवाने के लिए अब नगर बंद का आह्वान किया है. किसान संगठन राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने सोमवार की शाम 05 बजे कटंगी शहर में दुकानों और प्रतिष्ठानों में पहुंचकर सभी से मंगलवार को होने वाले बंद में सहयोग करने की अपील की है. वहीं वाहन के माध्यम से शहर भर में बंद की मुनादी भी करवाई जा रही है ताकि मंगलवार को सभी बंद में अपना समर्थन दे और कोई भी दुकानदार अपने प्रतिष्ठान ना खोले. राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले किसान बीते 02 दिसंबर से अपनी मांग को लेकर उपार्जन केंद्रों के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे है. कटंगी और तिरोड़ी दोनों ही तहसील क्षेत्र के सभी 26 उपार्जन केंद्रों में 09 दिसंबर की शाम तक वीरानी ही छाई हुई दिखाई दी. यहां उपार्जन केंद्रों में कर्मचारी हर दिन की तरफ पहुंचे और शाम ढलते ही अपने घरों की तरफ वापस लौट गए. किसी भी उपार्जन केंद्र में आज तक एक किलो भी धान की खरीदी नहीं हो पाई. बहुतायत संख्या में किसान अपनी उपज को ना बेचकर धरना प्रदर्शन को अप्रत्यक्ष समर्थन दे रहे है जबकि कई किसान अपने घरों से निकलकर धरना स्थल पर बैठकर प्रदर्शन में शामिल हो रहे है. किसान भाजपा सरकार से अपने संकल्प पत्र के मुताबिक 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य और गत वर्ष की खरीदी का 917 रुपए प्रति क्विंटल बकाया बोनस प्रदान करने की मांग कर रहे है। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ करीब 05 माह से लगातार समय-समय पर प्रशासनिक अधिकारियों के जरिए ज्ञापन सौंपकर सरकार को संकल्प पत्र के अनुसार उनका वादा याद दिलाने की कोशिश करते रहा है. लेकिन सरकार ने कभी किसानों की मांगों को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई. नतीजा 02 दिसंबर से जब सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की शुरुआत की तो किसान संगठन ने भी किसानों के साथ धरना प्रदर्शन की शुरुआत कर दी. किसान संगठन ने शांतिप्रिय ढंग से अपना धरना प्रदर्शन कर रहे है. मगर, इन 08 दिनों में सत्ताधारी दल के किसी भी नेता ने किसानों से सीधे संवाद नहीं किया बल्कि सोशल मीडिया पर किसान संगठनों को ही गलत ठहराने की कोशिश कर दी. इन नेताओं ने किसान संगठनों और किसानों से कहा कि वह सरकार पर विश्वास करे और अपनी उपज को उपार्जन केंद्रों में बेचे लेकिन किसान संगठन और किसान दोनों ही इन नेताओं पर विश्वास नहीं कर रहे है. खैर, मंगलवार को बंद का आह्वान किसानों ने किया है।



### आप और बसपा ने दिया समर्थन

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के धरना प्रदर्शन और कटंगी बंद को आम आदमी पार्टी और बहुजन पार्टी ने भी अपना समर्थन दिया है. आम आदमी पार्टी प्रदेश सचिव इंजीनियर प्रशांत मेश्राम, जिला उपाध्यक्ष योगराज ठाकरे और विधानसभा अध्यक्ष गुलाब पुष्पतोड़े ने सामूहिक रुप से प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने किसानों की सभी मांग अपना पूर्ण समर्थन दिया है वह कटंगी बंद में भी किसानों के साथ खड़े है. उन्होंने कहा कि किसानों की मांग बिलकुल जायज है. वहीं बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष संजय शेण्डे ने भी बताया कि उनकी पार्टी की तरफ से भी किसानों का पूर्ण समर्थन है।

# किसानों के आधार लिंक कराए - सीईओ पटले

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीना के मार्गदर्शन में सोमवार को बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा जिले के सभी शाखा प्रबंधको, पर्यवेक्षको, संस्था प्रबंधको एवं समिति कर्मचारियों की वीसी के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान श्री पटले ने निर्देशित किया कि वर्तमान में उपार्जन कार्य प्रारंभ है और ऐसे किसान जिनके खाते आधार से लिंक नही है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर खातो को आधार से लिंक कराये। इसके अलावा शाखा स्तर पर सभी कर्मचारी अमानत संग्रहण एवं नवीन खातो को खोलने के लिए अभियान चलाये। इसके लिए आगामी 1 जनवरी से अमानत पखवाड़े का आयोजन किया जाना है। श्री पटले ने बताया कि 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत कार्यक्षेत्र के पात्र हितग्राहियों का सर्वे करना है तथा उन्हे किसान क्रेडिट कार्ड नियमानुसार तैयार कर प्रदाय किया जाना है। इसके साथ ही फिशरमेन, पशु पालन केसीसी के प्रकरण समिति एवं शाखा स्तर से परीक्षण उपरांत मुख्यालय में स्वीकृति के लिए भेजे। किसी भी स्थिति पात्र हितग्राही के प्रकरण शाखाओं एवं समिति में लंबित नही रखना है। श्री पटले ने वसूली, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, रबी वितरण आदि विषयों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राकेश असाटी विपणन अधिकारी, राजेश नगपुरे प्रवास अधिकारी, सारंग बिसेन, अमरेश परिहार इन्वेटरी मैनेजर, रौनक चौकसे आदि उपस्थित रहे।



# आपात स्थिति में अत्यंत हाईरिस्क गर्भवती माता का डॉक्टरों ने किया ऑपरेशन

## नाजुक स्थिति में प्रसूता यशवंती की बचाई जान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। गत गुरुवार को परसवाड़ा विकासखण्ड के बासी निवासी यशवंती मर्सकोले की डिलीवरी होना था। सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि यशवंती का केस अत्यंत हाईरिस्क था। जिसका प्रसव जिला चिकित्सालय में स्टॉफ द्वारा ऑपरेशन कर किया गया। उन्होंने बताया कि महिला की ओवल समय से पूर्व अपने स्थान से छूट गई थी। जिसके कारण अत्यंत रक्तस्राव हो रहा था और स्थिति भी अत्यंत नाजूक हो गई थी। प्रसूता यशवंती मर्सकोले को सांस लेने में भी अत्यंत तकलीफ थी। बीपी निम्नस्तर पर था जिसके बचने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही थी। ऐसी स्थिति में चिकित्सा स्टॉफ द्वारा जीवन रक्षक दवाएं देकर महिला को ठीक करने का प्रयत्न किया गया। इस दौरान स्त्री रोग विषेशज्ञ डॉ.अर्चना लिल्हारे द्वारा सीएमएचओ डॉ.मनोज पाण्डेय, सिविल सर्जन डॉ.निलय जैन को अवगत कराया गया एवं सभी के परामर्श पर निष्चेतता विषेशज्ञ डॉ.लोकेश वासनिक द्वारा ऑपरेशन के दौरान होने वाली रिस्क और खतरों से प्रसूता के परिजनों को अवगत कराया गया। ऑपरेशन प्रारम्भ होते ही प्रसूता के लिए तुरंत 2 यूनिट खून की व्यवस्था की गई। ड्यूटी डॉक्टर सहित नर्सिंग ऑफिसर, ओटी, एएनसी वार्ड की क्लोज मॉनीटरिंग करके पूरी चिकित्सा टीम के सपोर्ट से महिला को अत्यंत जटिल खतरे से बाहर कर सफल ऑपरेशन किया गया। जिसमे माता ने एक बच्चे को जन्म दिया जिसका वजन मात्र 965 ग्राम था। जिसे नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई में विषेशज्ञों चिकित्सकों की देखरेख में रखा गया था। किंतु बच्चे की जान नही बच पायी वहीं माता यशवंती पूर्णत: स्वस्थ है।



# सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम कोपे के अमराई टोला में सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार पिता पुत्र घायल हो गए। दोनों घायल दिलीप पिता घुड़न भंडारी 50 वर्ष और उसके बेटे कुलदीप पिता दिलीप भंडारी 35 वर्ष दोनों ग्राम नेवरगांव थाना वारासिवनी निवासी है। जिन्हें जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया ।इस दुर्घटना में दिलीप भंडारी की पत्नी सुबन बाई भंडारी 50 वर्ष को मामूली चोटे आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलीप भंडारी नेवर गांव निवासी अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करते हैं ।8 दिसंबर को दिलीप भंडारी अपने बेटे कुलदीप और पत्नी शुबन बाई के साथ मोटरसाइकिल में अपनी लड़की के ससुराल ग्राम कोपे आए थे और शाम 7~15 बजे दिलीप भंडारी अपने बेटे कुलदीप भंडारी और पत्नी शुबन बाई के साथ मोटरसाइकिल में कोपे से अपने गांव नेवरगांव जाने निकले थे। मोटरसाइकिल कुलदीप भंडारी चला रहा। ग्राम कोपे के अमराई में नेवरगांव रोड पर सामने से तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल ने कुलदीप भंडारी की मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। जिससे दिलीप भंडारी उसका बेटा कुलदीप भंडारी और पत्नी सुबन बाई भंडारी मोटरसाइकिल सहित गिर गए। इस सडक दुर्घटना में दिलीप भंडारी और कुलदीप भंडारी घायल हो गए थे। वहीं सुबन बाई भंडारी को मामूली चोंटे आई। दुर्घटना में घायल दोनों पिता पुत्र को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।


**आवश्यकता है**

कार चलाने हेतु ड्राईव्हर की आवश्यकता है

योग्यता-10वीं पास, वेतन- 10000 +

बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही संपर्क करें

संपर्क करें

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स

चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एवं मॉल द्वितीय तल, मेन रोड, बालाघाट (मप्र)

मो. 9201340520, 9244872544

मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 6.00 से 8.30 बजे तक

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है। कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।

संपर्क करें

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स

चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)

मो. 09201340520/09244872544

बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

**आवश्यकता है**

चपरासी की आवश्यकता है

बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करें

अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए

वेतनमान- 10000+

संपर्क करें

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स

चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)

244944 मो. 9201340520,9244872544

मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

**लामता में "पद्मेश"**

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

**परसवाड़ा में "पद्मेश"**

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता

तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# महिला से हुई 9 लाख 97 हजार रुपए की ठगी

## पहले 4 लाख 45 हजार की तोड़ी एफडी,फिर 4 लाख का लिया लोन,और खाते से निकले हजारों, जिले में नहीं रुक रहा साइबर ठगी का ग्राफ ,अब तक वर्ष भर में 661 प्रकरण दर्ज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिले में साइबर ठगी का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहा है जहां एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर ठगी के ग्राफ को कम करने के लिए नित्य नए प्रयास कर सेमिनार और अभियान चलाकर आम जनता को जागरूक करने का काम कर रही है, तो वही साइबर ठगों द्वारा भी हर बार नए-नए तरीके से जिले की जनता को अपना निशाना बनाते हुए साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा हैं और जिले की भोली भाली जनता की गाढ़ी कमाई को लूट लिया जा रहा है, ऐसा ही एक ताजा मामला कोतवाली थाने के साइबर सेल में आया है जहां साइबर ठगों द्वारा ठगी का नया तरीका निकालते हुए जिले की जनता को ठगा जा रहा है जहां वृद्ध महिला जो की पेंशनधारी है जिन्होंने ऑनलाइन मोबाइल के माध्यम से पेंशन को लेकर अप्लाई किया हुआ था, जिसे साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन मोबाइल का पूरा कंट्रोल अपने हाथों में लेते हुए पेंशनधारी महिला से अलग-अलग हिस्सों में 9 लाख 97 हजार रुपए की साइबर ठगी कर ली जिसमें एक खाते की एफडी तोड़ के पेंशनधारी महिला के नाम पर 4 लाख कुछ रूपये का लोन भी ले लिया है, जिसकी शिकायत पेंशनधारी महिला ने कोतवाली थाने की साइबर शाखा में किया है। आपको बता दे कि मोबाईल के इस युग में ऑनलाईन फ्राड के मामले बढ़ते जा रहे है। बालाघाट सायबर नोडल थाना में सायबर फ्राड के मामले रोजाना ही सामने आ रहे है। जहां साइबर ठगों द्वारा नित्य नए प्रयास कर जिले की जनता को अपना निशाना बना ही लिया जाता है ,अभी कुछ दिन पहले ही हमारे द्वारा साइबर थाने में आई एक शिकायत जिसमें साइबर ठगों द्वारा ठगी का नया तरीका अपनाते हुए लोगों से मोबाइल फोन पर शादी का कार्ड भेजने के नाम पर एपीके फाइल के माध्यम से लाखों रुपए की ठगी की खबर प्रकाशित की गई थी , तो वहीं इसके पहले भी अलग-अलग तरीके से साइबर ठगों द्वारा जिले की जनता को अपना निशाना बनाया जा रहा है, तो लोगों के मोबाइल नंबरों पर फोन करके साइबर ठगी करने के प्रयास किए गए हैं, तो कुछ मामलों में साइबर ठगों ने लाखों रुपए भी आम जनता से लूटा है , वही अभी कोतवाली थाने के साइबर सेल में एक नया साइबर ठगी का मामला आया है , जिसमें एक पेंशनधारी महिला द्वारा मोबाइल पर ऑनलाइन क्रोम ब्राउज़र के माध्यम से पेंशन को लेकर कुछ समस्या होने पर एप पर अप्लाई किया हुआ था, इसके बाद साइबर ठगों ने वृद्ध महिला का पूरा मोबाइल का कंट्रोल अपने पास ले लिया और सबसे पहले अकाउंट की एक एफडी से साढे चार लाख रुपये लगभग ले लिया और कुछ केस निकाल कर महिला के नाम से चार लाख कुछ राशि का लोन ले लिया गया, ऐसा कुल मिलाकर महिला से 9 लाख 97 हजार रुपए की साइबर ठगी कर ली गई, जबकि देखा जाए तो अभी तक एक वर्ष में 661 प्रकरण साइबर शाखा में दर्ज हुए हैं, जबकि इसके पहले वर्ष 2023 के आंकड़ों पर गौर करें, तो लगभग 868 अपराध साइबर दर्ज के हुए थे, जिसमें बताया जा रहा है कि पुलिस की जागरूकता से साइबर अपराध का ग्राफ कुछ कम हुआ है, किंतु अभी-अभी साइबर ठगों द्वारा ई -सिम के माध्यम से पुनः अपराध बढ़ रहे हैं और मोबाइल बंद होने पर साइबर ठगों द्वारा सिम का क्लोन बनाकर लाखों रुपए की ठगी की जा रही है।




### वृद्ध महिला से 9 लाख 97 हजार की ठगी

सायबर थाना आरक्षक मेघा तिवारी ने बताया कि पीड़िता बुजुर्ग महिला के पति के, दिवंगत होने से उनकी राशि और पेंशन को अपने खाते में लाने के लिए गूगल क्रोम से बैंक का कस्टमर केयर नंबर निकाला। जिसमें उन्होंने कॉल किया लेकिन कॉल नहीं लगा। दूसरे दिन महिला को एक अज्ञात कॉल आया, जिसमें कॉलर ने उनसे कहा कि आपने कस्टमर केयर में कॉल किया था। जिसके लिए हम आपको एक लिंक भेज रहे है, उस लिंक को ओपन करेंगे तो आपकी समस्या हल हो जाएगी। महिला के मोबाईल नंबर पर अज्ञात कॉलर ने रिमोट एक्सेप ऐप, की लिंक भेजी। जैसे ही बुजुर्ग महिला ने लिंक को खोला, उनका मोबाईल, कॉलर ने हैक कर लिया और हैकर ने ना केवल 4 लाख 45 हजार की एफडी को तुड़वाकर राशि निकाल ली, बल्कि पीएनबी से उनके नाम से 4 लाख रूपए का लोन भी ले लिया। इसके अलावा उनके खाते से 99 हजार और 49 हजार रूपए की राशि भी निकाल ली। जिसका पता चलने के बाद, महिला ने इसकी शिकायत सायबर थाना में की है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और पीड़िता महिला ने जो जानकारी दी है, उसके आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है।

### जिले में एक साल में 661 प्रकरण दर्ज

जिले में एक जनवरी से 09 दिसंबर तक 661 सायबर ठगी के मामले दर्ज किए गए है। जिसमें जिसमें जनवरी में 64, फरवरी में 62, मार्च में 64, अप्रैल में 58, मई में 63, जून में 53, जुलाई में 58, अगस्त में 56, सितंबर में 49, अक्टूबर में 72, नवंबर में 47 और 09 दिसंबर तक 15 मामले दर्ज किए गए है। जिसमें सोशल मीडिया, परिचित व्यक्ति बनकर, ओटीपी, ट्रेडिंग सहित अन्य सायबर ठगी के मामले है।

# भरवेली में जश्ने गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस आज

## जामा मस्जिद चौक ग्राउंड में शाम को लंगर, तो रात में तकरीर का होगा प्रोग्राम

## हैदराबादी मौलाना अहमद नक्शबंदी की आमद को लेकर लोगो मे उत्साह



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम भरवेली में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी महान सूफी संत ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर शरीफ के सालाना उर्स मुबारक के मौके पर जश्ने गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। भरवेली जामा मस्जिद कमेटी और केजीएन ग्रुप भरवेली के सँयुक्त तत्वाधान में 10 दिसम्बर मंगलवार को आयोजित इस जश्ने गरीब नवाज कॉन्फ्रेस में देश के जाने माने इस्लामी विद्वान उपस्थित होकर अपने तकरीर के जरिये ख्वाजा गरीब नवाज की जिंदगी पर रौशनी डालेगें। इस आयोजन के प्रमुख मेहमान मौलाना अहमद नक्शबंदी हैदराबाद और अपनी मीठी आवाज के धनी शदाब व पैकर कलकता खास तौर से मौजूद रहेगें। जहां कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार शाम जामा मस्जिद चौक ग्राउंड में लंगर ए आम के साथ की जाएगी। जहां बाद नमाज मगरिब लंगर ए आम का आयोजन किया जाएगा, तो वही बाद नमाजे ईशा जश्ने गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा। जिसमें हैदराबादी मौलाना अहमद नक्शबंदी अपने हैदराबादी अंदाज में ख्वाजा गरीब नवाज अजमेरी की जीवनी पर आधारित बयान पेश करेंगे। तो वही देश और पूरी दुनिया में मशहूर मीठी आवाज के धनी शदाब व पैकर कलकता द्वारा हुजूर की शान में एक से बढ़कर एक नाते रसूल पेश की जाएगी। इसके अलावा आयोजन के दौरान शहर काजी अब्दुल हबीब नूरी सहित स्थानीय हाफिज कारी ,जिले भर के मौलाना हाफिजे कुरान व तलबा प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। यह तमाम जानकारी सोमवार को भरवेली जामा मस्जिद ग्राउंड आयोजन स्थल पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रम आयोजक जामा मस्जिद कमेटी और केजीएन ग्रुप भरवेली के पदाधिकारियो व सदस्यों द्वारा दी गई। जिन्होंने शहरे बालाघाट, भरवेली सहित जिले और आसपास के तमाम शहरों व गांव में मौजूद ख्वाजा साहब के चाहने वाले अकीदतमंदों से इन दोनों ही आयोजन में ज्यादा से ज्यादा तादाद में शिरकत फरमाकर प्रोग्राम को कामयाब बनाने की गुजारिश की है आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान हॉफिज शमीम खान, शेख नफीस, रियाजुल हक, हाजी इस्राईल कुरैशी, परवेज कुरैशी,अरशद अली, राजिक अली, शहजाद खान, शम्मु खान, शाहरुख खान,शकील अहमद और इकबाल अहमद सहित आयोजन समिति जमा मस्जिद व केजीएन ग्रुप भरवेली के अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कॉन्फ्रेंस में विभिन्न उलमाओं की होंगी शिरकत- हाफिज़ शमीम

आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा के दौरान हाफिज शमीम खान ने बताया कि ख्वाजा गरीब नवाज अजमेरी की शान में जामा मस्जिद भरवेली समीप ग्राउंड में जश्ने गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस का आयोजन मंगलवार शाम किया गया है जिसमें बाद नमाज ए मगरिब लंगर ,तो बाद नमाजे ईशा तकरीर का आयोजन होगा। इसमें हैदराबादी मौलाना अहमद नक्शबंदी,नात खां शदाब व पैकर कलकता मुख्य रूप से तशरीफ लाएंगे। इसके अलावा मौलाना रईस अहमद शहडोल, हाफीज मोहम्मद हनीफ रजबी नागपुर, मौलाना अब्दुल वहीद नूरी, मौलाना अब्दुल अजीज भरवेली, मौलाना हफीज शमीम भरवेली, मौलाना अहमद रजा डिंडोरी, मौलाना जफर रजा कादरी नूरी मस्जिद बालाघाट, आसिफ अली नूरी भरवेली, सैयद सैफुद्दीन बुढी बालाघाट, मौलाना शमीम नूरी कोसमी बालाघाट सहित अनेक जगह के मौलाना हफीज इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेगें।आयोजन समिति जामा मस्जिद व केजीएन ग्रुप के तमाम पदाधिकारियो सदस्यों ने गरीब नवाज के चाहने वालों से उम्मीद की है कि वह ज्यादा से ज्यादा तादाद में इस प्रोग्राम में मौजूद रहकर अपनी उपस्थिति के रूप में इसे कामयाब करने अपना योगदान देगें।

# ओबीसी, एससी-एसटी मंच का धरना प्रदर्शन 16 को

## भूपेंद्र सुहागपुर की गिरफ्तारी, डोंगरिया कॉलेज में मजदूर की मौत और समर्थन मूल्य को लेकर कलेक्ट्रेट का करेंगे घेराव, आंबेडकर गार्डन में एक बैठक का आयोजन कर पदाधिकारियो ने किया ऐलान , बनाई आंदोलन, धरना प्रदर्शन,कलेक्ट्रेट घेराव कर ज्ञापन सौपने की

**बालाघाट ( पदमेश न्यूज़ )।शादी का झांसा देकर प्रेमिका शिक्षिका से कई बार दुष्कर्म करने वाले मामले में फरार चल रहे भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सुहागपुर की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जहां 17 नवंबर को महिला शिक्षिका द्वारा लिखित में शिकायत और एफआईआर दर्ज करने के बाद से ही फरार भाजयुमो जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सुहागपुर कि 22 दिन बाद भी गिरफ्तारी न होने पर ओबीसी एसटी एससी मंच सवाल उठाते हुए भाजपा नेताओ और पुलिस पर बलात्कार के आरोपी को संरक्षण दिए जाने का आरोप लगाया है। जिन्होंने बलात्कार के आरोपी भूपेंद्र सुहागपुरे की गिरफ्तारी, गायत्री महायज्ञ आयोजन स्थल सरदार पटेल कॉलेज डोंगरिया में टेंट कर्मी मजदूर की मौत की जांच और किसानों के समर्थन मूल्य मांग को लेकर आगामी 16 दिसंबर को नगर के काली पुतली चौक में धरना प्रदर्शन आंदोलन करने की रणनीति बनाई है। जहां उन्होंने 16 दिसंबर को न सिर्फ धरना प्रदर्शन करने बल्कि कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपने का भी ऐलान किया है। इन तीनों मुद्दों पर चर्चा कर ठोस निर्णय निकालने के लिए सोमवार को नगर के आंबेडकर गार्डन में ओबीसी, एससी-एसटी मंच की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जहां उपस्थित विभिन्न संगठनो और मंच के पदाधिकारियो ने इन तीनों मुद्दों पर सह विस्तार चर्चा कर 16 दिसंबर को धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया जाने का ऐलान किया है।**



### बैठक में प्रमुख 3 मुद्दों पर हुई चर्चा

ओबीसी, एससी-एसटी मंच द्वारा नगर के आंबेडकर गार्डन में आहूत की गई इस बैठक में प्रमुख रूप से तीन मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें, दलित शिक्षिका के यौन शोषण के आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सुहागपुर की 22 दिन बाद भी गिरफ्तारी नही होने पर नाराजगी जाहिर की गई ।जहा आरोपी की गिरफ्तारी,के अलावा गायत्री महायज्ञ आयोजन स्थल सरदार पटेल कॉलेज डोंगरिया में पर टेंट कर्मी मजदूर की मौत की जांच और किसानों के, समर्थन मूल्य की मांग को लेकर 16 दिसंबर सोमवार को काली पुतली चौक में धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया ।इस दौरान ओबीसी एससी एसटी मंच प्रतिनिधि महेश सहारे, आप जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल, रहीम खान, हाजी शोएब खान, दिनेश धुर्वे सुखदेव मुनि कुतराहे, शुभम उइके, मो. नजीर खान, मुनेश देशभर्तार, प्रशांत बोरकर, अब्दुल इमरान शेख, मो. नवाज खान, धर्मेंद्र कुरील, एसएल रंगारे, रितेश बोरकर, नीलेश बौद्ध, केसी बौद्ध, अश्विन गेड़ाम, किशोर मरावी, राजकुमार नागेश्वर, और अंकुश चौहान सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व विभिन्न संगठनों के सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ता बनकर काम कर रही पुलिस- महेश

चर्चा के दौरान मंच प्रतिनिधि महेश सहारे ने बताया कि भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सुहागपुरे वाले मामले मामले को 22 दिन बीत चुका है अब तक बलात्कार के आरोपी सुहागपूरे की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है ।17 नवंबर को एक महिला ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है लेकिन आज तक भूपेंद्र की गिरफ्तारी नहीं हो पाई ।बालाघाट पुलिस भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता बनकर काम कर रही है। अगर यह किसी विपक्षी दल के नेता या किसी मुस्लिम भाई द्वारा ऐसी घटना की गई होती तो बीजेपी आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद के लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करते। पुलिस भी आरोपी को अब तक कब का गिरफ्तार कर लेती। उनके घर के लोगों को उठा लेती, उनके घर में बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया जाता। वही कहीं तो एनकाउंटर में हत्या हो जाती लेकिन बालाघाट जिले में अगर यही कृत्य कोई बीजेपी का नेता करता है तो पुलिस चुपचाप बैठे रहती है। वही सरदार पटेल कॉलेज डोंगरिया शैक्षणिक संस्था में धार्मिक कार्यक्रम किया गया वहां एक टेंट मजदूर की गिरकर मौत हो गई। हम मृतक सुरेंद्र के घर गए थे ।पता चला कि वह दो भाई थे। जिसमें बड़े भाई की पहले ही मृत्यु हो चुकी है वही सुरेंद्र घर में अकेला कमाने वाला था वह भी हादसे का शिकार हो गया। उनकी कोई जमीन जायजाद नहीं है ।कवेलू वाला घर है उसकी एक बहन मानसिक रूप से कमजोर है। मां-बाप भी बूढ़े हो चुके हैं उन्हें किसी प्रकार की कोई मदद नहीं की गई। ना ही उन्हें मुआवजा दिया गया। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है लेकिन सरकार द्वारा वादे के मुताबिक 3100 रु समर्थन मूल्य नहीं दिया जा रहा है। इन तीनों मुद्दों को लेकर 16 दिसंबर दिन सोमवार को नगर के काली पुतली चौक में धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाने की रणनीति बनाई गई है।

### कलेक्ट्रेट का घेराव कर सौपेंगे ज्ञापन- उम्मेद

आयोजित बैठक को लेकर की गई चर्चा के दौरान ओबीसी, एससी-एसटी मंच प्रतिनिधि उम्मेद लिल्हारे ने बताया कि विगत 26 नवंबर को मंच ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर 05 दिसंबर तक महिला शिक्षिका को शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन शोषण के आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग की थी लेकिन आज तक पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जो पुलिस की भूमिका पर एक बड़ा सवाल है। दलित शिक्षिका के यौन शोषण के आरोपी भूपेन्द्र सुहागपुरे की गिरफ्तारी और गायत्री महायज्ञ के आयोजन स्थल सरदार पटेल कॉलेज डोंगरिया में टेंट कर्मी मजदूर की संदेहास्पद मौत पर जांच की मांग को लेकर मंच आगामी 16 दिसंबर को धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करेगा। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल कॉलेज में हवन के दौरान एक मजदूर की गिरकर मौत हो गई उसकी एफआईआर का कुछ अता-पता नहीं है उसके माता-पिता बूढ़े हैं। मृतक के परिजनों को किसी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया गया है ना तो कालेज वाले कि तरफ से, ना तो आयोजन कराने वालों की तरफ से मुआवजा दिया गया और ना ही शासन प्रशासन की तरफ से कोई मदद की गई। इसकी जांच होनी चाहिए और उसके दोषियों को जेल भेजा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मंच,कल होने वाले किसानों के समर्थन मूल्य की मांग को लेकर बालाघाट बंद आंदोलन को समर्थन देगा और किसानों के साथ सड़क पर उतरेगा।

# बोर्ड पैटर्न पर शुरू हुई 9वीं से 12 वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा

## दो पालियो में आयोजित हो रही परीक्षा, नियम अनुसार सुरक्षा की दृष्टि थाने में रखे गए पेपर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल के कैलेंडर अनुसार 9 दिसंबर से 9 वीं से लेकर 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है, बताया जा रहा है कि यह अर्धवार्षिक परीक्षा का पैटर्न मुख्य परीक्षा जैसे ही रखा गया है जिसमें आने वाले माध्यमिक शिक्षा मंडल के प्रश्न पत्रों को नियम अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से नजदीकी पुलिस थानों में रखा जा रहा है और परीक्षा के पूर्व ही थानों से पेपर को लाकर स्कूलों में बटा जा रहा है यह परीक्षा 18 दिसंबर तक जिले में चलेगी जिसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा की गाइडलाइन अनुसार या परीक्षा को संपन्न कराया जा रहा है। आपको बता दे कि जिले के शासकीय स्कूलो में 09 दिसंबर से बोर्ड पैटर्न पर कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो गई है। जो आगामी 18 दिसंबर तक चलेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार जिले में दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षक उमाशंकर पटले ने बताया कि प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक 9 वीं और 10 वीं कक्षा की परीक्षा आयोजित हो रही है, जबकि दोपहर 1.30 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक 11 और 12 वीं की परीक्षा आयोजित हो रही है। शिक्षक उमाशंकर पटले ने बताया कि परीक्षाएं पूरी तरह बोर्ड पैर्टर्न पर, बोर्ड के निर्देशानुसार आयोजित कराई जा रही है। जिसमें भोपाल से ही प्रश्नपत्र भेजे गए है, जिसे मुख्यालय के थानों में रखे गए है। उन्होंने बताया कि पूरी तरह से बोर्ड पैटर्न पर आयोजित अर्द्धवार्षिक परीक्षा में केवल, परीक्षार्थियों को स्कूल केन्द्र में ही परीक्षा देनी होती है और स्कूल के शिक्षक ही विषयवार उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते है। उन्होंने बताया कि केवल 9 वीं एवं 11 वीं में ही त्रैमासिक और अर्द्धवार्षिक के 5-5 फीसदी अंक, मुख्य परीक्षा में जोड़े जाते है, जिसका फायदा विद्यार्थियों को मिलता है। 9 वीं, 10 वीं के परीक्षार्थियों ने हिन्दी और 11 वीं, 12 वी के विद्यार्थियो ने हल किया भौतिक, अर्थशास्त्र और पशुपालन का प्रश्नपत्र 09 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित 9 से 12 वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के पहले दिन 9 वीं, 12 वीं के विद्यार्थियों ने हिन्दी और 11 वीं, 12 वीं के परीक्षार्थियों ने भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र और पशुपालन विषय का प्रश्नपत्र हल किया।



# एक महिला की कीटनाशक दवाई के सेवन से मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कीटनाशक दवाई के सेवन के बाद 5 दिन से जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला की इस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई ।मृतिका कचरा बाई पति फागुलाल धेडाम 51 वर्ष ग्राम खमरिया थाना रूपझर निवासी है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस महिला की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कचरा बाई अपने परिवार के साथ खेती किसानी करती थी जिसके परिवार में पति फागुलाल ,छोटी लड़की राखी और एक लड़का सुशील है, कचरा बाई की तीन लड़कियों की शादी हो चुकी है और वे सभी अपने ससुराल में रहती है। 4 दिसंबर को 12 बजे कचरा बाई बोदा चराने के लिए अपने घर के पीछे खेत तरफ गई थी । 4 बजे कचरा बाई बोदा लेकर अपने घर लौटी ।तब उसने बताई कि उसे अच्छा नहीं लग रहा है ।घबराहट हो रही है। तब कचरा बाई को 108 एंबुलेंस से उसके परिवार वालों ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये थे। कचराबाई के मुंह से कीटनाशक की दुर्गंध आ रही थी। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान 9 दिसंबर को सुबह कचरा बाई की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने कचरा बाई की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये। कचरा बाई ने कीटनाशक दवाई का सेवन किस वजह से की स्पष्ट नहीं हो पाया है। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक रामेश्वर बिसेन, आरक्षक विक्रम शर्मा ने धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना रूपझर भिजवा दी है।

# बगैर नं. प्लेट ट्रैक्टर ट्राली से कर रहे थे रेत का अवैध परिवहन

## वन विभाग टीम ने की कार्यवाही, ट्रैक्टर किया जप्त, दतला नाला का मामला, आरोपी राकेश गिरफ्तार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बैहर सामान्य वन परिक्षेत्र के सहायक वृत्त मोहगांव टीम द्वारा सामूहिक वन गस्ती के दौरान वन परिक्षेत्र नाले से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे एक बगैर नंबर प्लेट के ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन वाले मामले में राकेश सैय्याम को गिरफ्तार किया है। जिस पर वन विभाग की टीम ने संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैहर सामान्य एवं वन परिक्षेत्र उपवनमण्डलाधिकारी के निर्देशन पर बैहर सामान्य वन परिक्षेत्र के सहायक वृत्त मोहगांव की टीम द्वारा रविवार रात को बीट केवलारी कक्ष क्रमांक 1600 मे सामूहिक गश्ती की जा रही थी ।इसी दरमियान उन्होंने दतला नाला पर रेत का उत्खनन कर एक ट्रैक्टर में रेत भरते व्यक्ति दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर बगैर नंबर प्लेट बगैर नम्बर ट्राली के ट्रेक्टर में वाहन चालक थाना बैहर ग्राम केवलारी निवासी 36 वर्षीय राकेश सैय्याम पिता तामन सिंह सैय्याम रेत भर था। जिससे पूछताछ करने पर वह रेत के उत्खनन और परिवहन को लेकर आवश्यक दस्तावेज पेश नही कर सका ।जिसपर वन विभाग टीम ने उसे पकड़ लिया। जिसे ट्रैक्टर सहित बैहर परिक्षेत्र कार्यालय कैम्पस मे लाया गया। कैम्पस में ट्रेक्टर की जप्ती बनाकर उसे खडा किया गया। वही रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन के इस मामले में बीट प्रभारी के द्वारा वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2673/59 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ।वही इस पूरे मामले को जांच में लिया है ।उक्त कार्यवाही मे परिक्षेत्र सहायक अधिकारी वृत्त मोहगांव गजेन्द्र बिसेन, राजेन्द्र दुबे, बीट प्रभारी बीट मोहगांव श्रीमति ओमकली धुर्वे, बीट प्रभारी बीट केवलारी दीपक सिंह, वनरक्षक राजीक खान ,रवि मेरावी इबरार खान, सुनील मेरावी ,पंकज मरकाम राजकुमार मरकाम,सहित अन्य की अहम भूमिका रही !



# किसान संगठन के आव्हान पर लालबर्रा बंद आज

## किसान संगठन के पदाधिकारियों ने व्यापारियों से की बंद में सहयोग करने की अपील

**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सहकारिता विभाग के द्वारा २ दिसंबर से २३०० रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर से धान खरीदी प्रारंभ कर दी गई है जिसका किसानों के द्वारा पूरजोर विरोध किया जा रहा है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में घोषणा करने के साथ ही अपने चुनावी संकल्प पत्र में भी किसानों को धान का समर्थन मूल्य ३१०० व गेंहू का समर्थन मूल्य २७०० दिये जाने की बात कही गई थी लेकिन विधानसभा चुनाव जीतने के बाद सरकार के द्वारा किसानों के साथ वादा खिलाफी की गई थी जिसका किसानों के द्वारा लोकसभा चुनाव में भी विरोध किया गया था जिसके देखते हुये भाजपा के वरिष्ठ दिग्गज नेताओं के द्वारा बड़े बड़े मंचों से कहा गया था कि बोनस सहित किसानों को धान का ३१०० रूपये व गेंहू का २७०० रूपये समर्थन मूल्य दिया जायेगा जिसके बाद किसानों के द्वारा मध्यप्रदेश की २९ की २९ सीटें भाजपा की झोली में डाल दी गई थी उसके बावजूद सरकार के द्वारा किसानों के साथ वादा खिलाफी की गई और २ दिसंबर से जब धान खरीदी प्रारंभ की गई तो किसानों को धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये के स्थान पर २३०० प्रति क्विंटल सरकार के द्वारा दिये जाने के निर्देश दिये गये है जिसके विरोध में संपूर्ण जिले सहित लालबर्रा विकासखण्ड के सभी धान खरीदी केंद्रों में २ दिसंबर से किसान ३१०० रूपये प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य दिये जाने की मांग को लेकर डटा हुआ है और अपने इस आंदोलन आगे बढ़ाते हुये किसान संगठन के द्वारा १० दिसंबर को लालबर्रा बंद का आव्हान किया गया है एवं विशाल ट्रैक्टर रैली, धरना प्रदर्शन व आंदोलन की रणनीति तैयार की गई है। जिसके चलते ९ दिसंबर को शाम ५ बजे से किसान संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा बड़ी संख्या में किसानों के साथ नगर मुख्यालय की दुकानों में जाकर व्यापारी बंधुओं व छोटे दुकानदारों से हाथ जोड़कर किसान आंदोलन को समर्थन देने १० दिसंबर को अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर लालबर्रा बंद को सफल बनाने की अपील की गई जिसे व्यापारियों के द्वारा भी अपना भरपूर समर्थन दिया और किसान संगठन को लालबर्रा बंद में सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।**





किसान संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि गत २ दिसंबर से हमारा किसान अपने खरीदी केंद्रों के सामने बैठकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन व आंदोलन कर रहा है ताकि सरकार उसकी आवाज सुने उसे उसकी फसल का वाजिब दाम मिले सरकार अपनी निंद से जागे और चुनाव में किसानों से किये गये ३१०० रूपये धान व २७०० गेंहू का समर्थन मूल्य के वादे को पूरा करे लेकिन एक सप्ताह से अधिक से समय बीतने के बाद भी अब तक शासन प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है न ही उनका कोई प्रतिनिधि मंडल किसानों से मुलाकात कर मांग को पूरा करने का आश्वासन दे रहा है जिससे किसान आक्रोशित हो गये है और अपने इस आंदोलन को वृहद स्तर पर करने की रणनीति तैयार की गई है जिसके तहत १० दिसंबर को किसान संगठन के द्वारा धरना प्रदर्शन, ट्रैक्टर रैली, आंदोलन व लालबर्रा बंद का आव्हान किया गया है और सभी किसान साथियों से अधिक से अधिक संख्या में ट्रेक्टर बैलगाड़ियां लेकर नगर मुख्यालय पहुंचने की अपील की गई। साथ ही इस विशाल धरना प्रदर्शन, किसान आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। इस कार्यक्रम के तहत हमारे द्वारा ९ दिसंबर को लालबर्रा मुख्यालय सहित आस पास के ग्रामों में भ्रमण कर व्यापारी बंधुओं व छोटे दुकानदारों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इस किसान आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करे और व्यापारियों व हमारे छोटे दुकानदारों साथियों ने हमें पूरा भरोसा दिलाया है कि वे १० दिसंबर को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर किसान आंदोलन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज करवायेंगें उनके इस सहयोग के लिये हमारा किसान संगठन उनका आभार व्यक्त करता है।

### इमरजेंसी सेवाएं रखेगी चालू

किसान संगठन के द्वारा १० दिसंबर को लालबर्रा मुख्यालय पूरी तरह से बंद का आव्हान किया गया है जिसे व्यापारी बंधुओं के द्वारा भी समर्थन दिया गया है लेकिन सभी प्रतिष्ठान बंद रहने के साथ ही इमरजेंसी सेवाओं को चालू रखा गया है जिसमें मेडिकल, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, पेट्रोल पंप, एलपीजी गैस जैसे अन्य सेवाएं चालू रहेगी इस बंद से इन सेवाओं पर कोई भी असर नहीं पड़ेगा।

### बैलबाजार में एकत्रित होंगे सभी किसान

१० दिसंबर को विकासखण्ड स्तरीय धरना प्रदर्शन, ट्रेक्टर रैली, आंदोलन व आम सभा में सम्मिलित होने के लिये सभी आस पास के किसान सिवनी मार्ग के पावर हाऊस बैल बाजार में एकत्रित होंगे। जहां से एक विशाल ट्रेक्टर रैली निकाली जायेगी जो नगर का भ्रमण करेंगी तत्पश्चात् सभी किसान अपने वाहनों को हाईस्कूल मैदान में सुरक्षित रखने के बाद सभा स्थल बस स्टैण्ड पहुंचेगे जहां पर सभी किसान साथी व किसान संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा आम सभा को संबोधित किया जायेगा और देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी महोदय अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौपेंगें।

### किसानों को उचित मूल्य देने वचन बध्द है सरकार - डुलेंद्र

जिला पंचायत सदस्य डुलेंद्र ठाकरे ने बताया कि किसान संगठन के द्वारा १० दिसंबर को लालबर्रा बंद का आव्हान किया गया है जिसको लेकर सभी किसान संगठन के पदाधिकारियों व किसानों ने बाजार में घुमकर व्यापारी से अनुरोध किया है कि वे सभी किसानों के इस आंदोलन में अपनी दुकानें बंद रखकर अपना समर्थन दे जिसमें हमें सभी व्यापारी बंधुओं, छोटे दुकानदारों, सब्जी व्यापारियों, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, मजदूरों, विभिन्न राजनीतिक दलों व सरपंच संघ सहित अन्य संगठनों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इस आंदोलन में ग्रामीण अंचलों से आने वाले सभी किसान बैलबाजार में एकत्रित होंगे जहां से ट्रेक्टर रैली, बैलगाडी रैली व बाईक रैली सहित अन्य वाहनों की रैली निकाली जायेगी जो नगर का भ्रमण करने के पश्चात हाईस्कूल मैदान पहुंचेगी जहां पर सभी किसान अपने वाहन खड़े कर पैदल सभास्थल बस स्टैण्ड पहुंचेगे और आमसभा को सम्बोधित कर अपने विचार प्रकट करेंगें तत्पश्चात सभी किसान साथियों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा जायेगा। श्री ठाकरे ने बताया कि सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में सभी कृषक बंधु इस आंदोलन में बड़ी संख्या में पहुंचकर सरकार को यह अहसास करा दे कि सब विचारधारा के लोग एक है सभी किसान है और सरकार को मजबूर कर दे कि उन्होंने अपने वचनपत्र में जो कहा था कि ३१०० रूपये धान व २७०० रूपये गेंहू का समर्थन मूल्य दिया जायेगा तो हमें यह मूल्य दे, २४ घंटे बिजली सरकार हमें दे। किसान साथियों से अपील है कि वे शांतिपूर्ण ढंग से नियम कानून के दायरे में रहकर आंदोलन करे, सभी लोग एकजुटता का परिचय, हमारे इस आंदोलन में विरोधाभाष की स्थिति निर्मित न होने दे। सरकार हमारे किसानों को उचित मूल्य देने के लिये वचनबध्द है वह अपना वचन पूरा करे अन्यथा भविष्य में उन्हें इसका खामियाजा भुगतने के लिये तैयार रहना पड़ेगा।

### सरकार बनने की होड़ में पार्टी ने की थी घोषणाएं - किशोर

जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल ने बताया कि लोकसभा या विधानसभा चुनाव में हमारे किसान से किसी भी राजनीतिक दल से अपनी फसल का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग नहीं की थी बल्कि राजनीतिक दलों के द्वारा ही सरकार बनाने की होड़ में अनेक घोषणाएं की गई थी और पार्टियों के वरिष्ठ दिग्गज नेताओं के द्वारा भी विभिन्न मंचों के माध्यम से ३१०० रूपये धान व २७०० रूपये गेंहू का समर्थन मूल्य दिये जाने की घोषणा की गई थी। हमारा प्रदेश के मुख्यमंत्री से निवेदन है कि हमारे किसानों ने कोई मांग नही की थी आपने ही किसानों से वादा किया था कि उन्हे उनकी फसल का वाजिब दाम देगें तो आप अपना वादा निभाये किसानों को धान का ३१०० रूपये व गेंहू का २७०० समर्थन मूल्य दे जिससे हमारा किसान सहकारिता में अपनी उपज को बेच सके। श्री पालीवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति के अनुसार हमारा बालाघाट जिला अन्य जिलों से भिन्न है यहां पर हमारा किसान दोनों सीजन में धान की फसल का उत्पादन अच्छे से करता है जिसकी वजह से ही बालाघाट को धान का कटोरा भी कहा जाता है। हमें धान की फसल उत्पादन के लिये पानी की आवश्यकता अधिक होती है और हमारे क्षेत्र का किसान सिंचाई के लिये कुएं पर अधिक निर्भर है एवं सिंचाई के लिये किसानों को २४ घंटे बिजली की आवश्यकता पड़ती है इसलिये सरकार हमें २४ घंटे बिजली प्रदाय करे जिससे हमारा किसान धान की फसल का उत्पादन कर सके। साथ ही यह भी बताया कि सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में हमारा किसान शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहा है सरकार किसानों की सुध ले उनकी जायज मांगों को पूरा यही हमारी सरकार से मांग है और १० दिसंबर को हमारे किसान परिवार के द्वारा लालबर्रा व जिला बंद का आव्हान किया गया है जिसमें सभी व्यापारी बंधुओं, राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों से आग्रह है कि वे किसान के इस आंदोलन में अपना सहयोग प्रदान करे।

# धरपीवाड़ा के किसानों ने लालबर्रा बंद को दिया समर्थन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। धान का समर्थन मूल्य ३१०० दिये जाने की मांग को लेकर पूरे जिले में किसान संगठन के द्वारा आंदोलन चरणबध्द तरीके से चलाया जा रहा है जिसमें सभी किसानों की एकजुटता देखने को मिल रही है और २ दिसंबर से जारी धान खरीदी केंद्र में अब तक एक भी किसानों ने अपनी उपज को नहीं बेचा है इसी धरना प्रदर्शन व आंदोलन के तहत १० दिसंबर को किसान संगठन के द्वारा विशाल ट्रेक्टर रैली, धरना प्रदर्शन, आंदोलन व लालबर्रा बंद का आव्हान किया गया है। जिसके लेकर नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी दूर स्थित धान खरीदी केंद्र पलाकामथी में ९ दिसंबर को प्रात: धरपीवाड़ा सहित आस पास के अन्य किसान एकत्रित हुये और सभी ने लालबर्रा बंद कार्यक्रम में अपना समर्थन दिया। साथ ही सभी किसानों १० दिसंबर को मुख्यालय में होने वाले ट्रेक्टर रैली, धरना प्रदर्शन व आंदोलन को सफल बनाने के लिये अधिक से अधिक संख्या में बैलगाड़ी, ट्रेक्टर लेकर पहुंचने की अपील की गई है जिसमें किसानों ने आश्वस्त किया है कि वे इस आंदोलन में अपना पूरा समर्थन व सहयोग प्रदान करेंगें।



तत्संबंध में जानकारी देते हुये धरपीवाड़ा किसानों ने बताया कि सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ में पूरे विकासखण्ड सहित जिलें में २ दिसंबर से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है और अपनी मांगों को लेकर सरकार के प्रति विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से कर रहे है परंतु शासन प्रशासन के कानों में जुं तक नहीं रेंग रही है इसलिये विकासखण्ड के सभी किसान से विचार विमर्श करने के बाद लालबर्रा मुख्यालय में १० दिसंबर को ट्रेक्टर रैली, धरना प्रदर्शन व आमसभा आयोजित की गई है जिसमें हमारे धरपीवाड़ा पलाकामथी के किसानों ने अपना समर्थन दिया है और सभी किसान इस धरना प्रदर्शन को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करेगें।

# हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल की अर्ध्दवार्षिक परीक्षा प्रारंभ





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. के निर्देशानुसार ९ दिसंबर से शासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल की अर्ध्दवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो गई है और नगर मुख्यालय में स्थित सीएम राइज़ शासकीय उत्कृष्ट उन्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित विकासखण्ड के समस्त हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल के परीक्षा प्रभारियों को परीक्षा संबंधित गोपनीय सामग्रियों का वितरण किया गया। सामग्री प्राप्त करने के बाद परीक्षा संबंधित समस्त गोपनीय सामग्रियों को पेटी में बंद कर थाने में जमा किया गया एवं कक्षा ९ वीं, १० वीं, ११ वीं, १२ वीं के विषयवार प्रश्नपत्रों थाने से स्कूल ले जाकर अर्ध्दवार्षिक परीक्षा प्रारंभ करवाई गई। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है जिसमें प्रथम पाली में कक्षा ९ वीं, १० वीं के विद्यार्थियों ने प्रात: ९ से १२ बजे तक एवं दूसरी पाली में कक्षा ११ वीं, १२ वीं के विद्यार्थियों ने दोपहर १.३० बजे से दोपहर ४.३० बजे तक पर्चा हल किया। मुख्यालय में स्थित सीएम राइज़ शासकीय उन्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल की अर्ध्दवार्षिक परीक्षा लोक शिक्षण संचालनाचय के निर्देशानुसार ९ दिसंबर को आयोजित की गई जिसमें प्रथम पाली में सुबह ९ बजे से १२ बजे तक कक्षा ९ वीं, १० वीं के विद्यार्थियों ने हिन्दी का पर्चा हल किया और दूसरी पाली में दोपहर १.३० बजे से ४.३० तक कक्षा ११ वीं, १२ वीं के विद्यार्थियों ने भौतिक शास्त्र , पशुपालन व अर्थशास्त्र विषय का पर्चा हल किया। अर्ध्दवार्षिक परीक्षा शासन के निर्देशानुसर बोर्ड पैटर्न पर लिये जा रहे है और परीक्षा संपन्न होने के बाद जल्द परिणाम घोषित कर ई - ग्रेड में आने वाले विद्यार्थियों की एक्स्ट्रा क्लास लगाकर पढ़ाया जायेगा ताकि आगामी वार्षिक परीक्षा में अज्छे अंको से विद्यार्थी उत्तीर्ण हो सके। चर्चा में सीएम राइज़ शासकीय उज्चत्तर उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य लक्ष्मीचंद मानवटकर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ९ दिसंबर से बोर्ड पैटर्न पर कक्षा ९ वीं से लेकर कक्षा १२ वीं तक की अर्ध्दवार्षिक परीक्षा दो पाली में आयोजित की गई। जिसमें प्रथम दिन पहली पाली में कक्षा ९ वीं, १० वीं के विद्यार्थियों ने हिंदी विषय का पर्चा हल किया और दूसरी पाली में कक्षा ११ वीं, १२ वीं के विद्यार्थियों ने भौतिकशास्त्र, अर्थशास्त्र व पशुपालन विषय का पर्चा हल किया। इस अर्ध्दवार्षिक परीक्षा के लिये विद्यालय में ६ कमरों में बज्चों के लिये बैठक व्यवस्था की गई है। कक्षा ९ वीं कुल २८५ बज्चे दर्ज है जिनमें से २७८ बज्चे उपस्थित ७ बज्चे अनुपस्थित रहे, कक्षा १० वीं में कुल दर्ज २०५ सभी बज्चे उपस्थित रहे इसी तरह से ११ वीं में कुल दर्ज २९७ उपस्थित २९२ अनुपस्थित ५ रहे और कक्षा १२ वीं कुल दर्ज २५३ में से सभी बज्चे इस परीक्षा में उपस्थित रहे, यह परीक्षा १८ दिसंबर तक निरंतर चलेगी।

# बदलीनुमा मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता

## बेमौसम बारिश का सता रहा डर:युध्द स्तर पर जारी है गाहनी कार्य

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में गत दिनों से ही मौसम में परिवर्तन हो गया जिसके बाद दिनभर आसमान बादलों से ढंका रहता है जिसके कारण पूरे क्षेत्र में उमस भरी गर्मी का अहसास हो रहा है। अचानक मौसम में आये बदलाव से बेमौसम बारिश के आसार को देखते हुए किसानों के द्वारा अपने खलिहानों में रखी धान की खरई को पाल-तिरपाल से ढांका गया वहीं मिसाई कार्य में जुटे किसानों के द्वारा आनन-फानन में खलिहानों में रखे पैरा व धान को सुरक्षित किया गया। आपको बता दें कि वर्तमान में क्षेत्रीय किसानों के द्वारा गहानी कार्य युध्द स्तर पर किया जा रहा है लेकिन अचानक प्राकृतिक आपदा के रूप में मौसम ने करवट बदली जिसके पश्चात बारिश के आसार को देखते हुए मिसाई कार्य मिसाई कार्य तेजी से किया जा रहा है। चर्चा में क्षेत्रीय कृषकों ने बताया कि खरीफ फसल की कटाई के पश्चात



खलिहानों में खरई बनाकर रखा गया है एवं रबी फसलों का बुवाई कार्य पूर्ण होने के पश्चात गाहनी कार्य प्रारंभ किया गया है लेकिन बारिश की संभावनाओं को देखते हुए गाहनी कार्य रोक दिया गया है, ऐसी स्थिति में यदि बेमौसम बारिश होती है तो खलिहान में रखी धान की खरई भींग जायेगी और मौसम कब खुलेगा यह कह पाना मुश्किल है। किसानों ने बताया कि बदलीनुमा मौसम को देखते हुए बारिश के पूर्ण आसार नजर आ रहे है, ऐसी स्थिति में यदि बारिश होती है तो गहानी कार्य चालू करने के लिये लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

### कैसे होगी क्वालिटी मेंटेन :धान के दाने पर पड़ेगा असर

क्षेत्र के अधिकांश हिस्से में धान की फसल कटने के पश्चात खलिहानों में धान की खरई बनाकर सुरक्षित किया गया है ऐसी स्थिति बारिश होती है तो खुले आसमान के नीचे रखी खरई भींगने से धान के दाने पर बुरा असर पड़ने की पूरी संभावना है, अब किसान इस बात को लेकर चिंतित है कि यदि धान की क्वालिटी में असर पड़ा तो वह कैसे इस धान को खरीदी केंद्रों में जाकर बेच पायेगा क्योंकि शासन के द्वारा किसानों से एफएक्यू क्वालिटी का ही धान खरीदने के निर्देश जारी हुए है।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# किसानों के लिये वारासिवनी पूर्णतः रहा बंद

## आंदोलन के माध्यम से किसानों ने सरकार से घोषणा पूरी करने की मांग







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विधानसभा और लोकसभा चुनाव में किसान हित में किए गए वादों को लेकर इन दिनों पूरे प्रदेश भर में घमासान मचा हुआ है। विपक्षीय राजनीतिक संगठनों का किसानों के द्वारा लगातार सरकार से गुजारिश की जा रही है कि किसानों को समर्थन मूल्य ३१०० रूपये दिया जायें। लेकिन सरकार ने अभी तक अपने वादे को पूरा नहीं किया । लिहाजा किसानों ने अपनी आवाज को बुलंद करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफएक दिन वारासिवनी नगर बंद करते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधा। क्षेत्र के सभी किसान सुबह से ही नगर के अनाज मंडी पर एकत्रित हूए और रैली के माध्यम से नगर में खुली दुकानों को बंद करवाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाप नारे बाजी करते हूए नजर आये और सरकार से ३१०० रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदी की मांग को लेकर सरकार से आग्रह किया ।**

### चारो खुट बंद रहा वारासिवनी

किसानों के द्वारा सरकार से वाजिब समर्थन मूल्य घोषणा अनुरूप दिए जाने के लिए १ दिसंबर से क्षेत्र में आंदोलन किया जा रहा है। जिसके तहत वारासिवनी बंद का आह्वान उनके द्वारा किया गया था। इसी कड़ी में ९ दिसंबर को किसानों के लिए वारासिवनी चारों खुट बंद रहा जहां पर व्यापक रूप से इस बंद का असर देखने को मिला। जिसमें व्यापारियों के द्वारा स्वयं से अपने प्रतिष्ठान सुबह से बंद रखे गयें। जिसमें किसान संगठन के द्वारा प्रातः बाइक रैली निकालकर सुबह नगर का भ्रमण भी किया गया। हालांकि उन्हें इस दौरान कोई प्रतिष्ठान खुला नहीं मिला। जहां चारों तरफ सन्नाटा पसरा रहा और वाहनों के आने जाने का शोर सुनाई देता रहा।

### अति आवश्यक सेवा की प्रारंभ रही दुकाने

इस बंद के दौरान देखने में आया कि केवल नगर में अति आवश्यक सेवाओं की वह भी चुनिंदा स्थानों पर लोगों के द्वारा दुकाने प्रारंभ रखी गई। जिसमें डेरी दूध दही वह अन्य सामग्री की दुकान सुबह १० बजे तक प्रारंभ रही जिसके बाद वह भी बंद हो गई। तो वहीं नगर के कुछ स्थानों पर मेडिकल दुकान खोली गई पेट्रोल पंप और ट्रांसपोर्ट पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा जारी रहे इसके अलावा पूरा नगर बंद नजर आया।

### किसान आक्रोश रैली का हुआ आयोजन

बंद को लेकर किसानों के द्वारा विशाल आक्रोश रैली का आयोजन नगर में किया गया। इस दौरान क्षेत्र से पहुंचे किसान कृषि उपज मंडी वारासिवनी में एकत्रित हुए जहां से दोपहर में विभिन्न प्रकार के नारे लगाते हुए आक्रोश रैली निकाली गई। जो नगर के नेहरू चौक, जय स्तंभ चौक ,बस स्टैंड होते हुए वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम सभा स्थल पर पहुंची। जहां रैली का समापन किया गया इस दौरान किसानों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला। जहां प्रदेश और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जाती रही। इस रैली में विधायक विवेक पटेल,सुभाष पारधी,किशोर बिसेन, नुपचंद टेभंरे, चंद्रविजय ठाकुर,पप्पु पटेल,बुध्देश बिसेन, यूगलकिशोर सुलकिया,हर्षित राणा, सचिन बिसेन,भानू राहंगडाले,सुरेश बिसेन,रूपेन्द्र सोनवाने, योगेन्द्र बिसेन,चंद्रकुमार हरिनखेडे,प्रशांत बिसेन,वैंटकर सहारे, लक्ष्मणसिंह पारधी, हेमंत राहगंडाले,डालसिंह शरणागत सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### आमसभा का हुआ आयोजन

वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में भारतीय किसान मजदूर महासंघ के तत्वाधान में किसानों की आम सभा का आयोजन किया गया। यह आमसभा किसान संगठन के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के किसानों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जहां पर किसानों के द्वारा सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश और केंद्र सरकार के द्वारा विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान मध्य प्रदेश में किसानो को ३१०० रुपये धान ,२७०० रुपये गेहूं का समर्थन मूल्य देने की घोषणा की गई थी। परंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद जो दूसरा खरीदी सीजन पर भी मात्र २३०० रुपए धान का समर्थन मूल्य देने को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। सरकार से घोषणा को पूरा करने की मांग करते हुए जल्द मांग पूरी ना होने पर उग्र आंदोलन की बातें भी कही गई।

### किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

आमसभा स्थल पर ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजीव रंजन पांडे किसानों का ज्ञापन लेने पहुंचे। जहां किसानों ने उन्हें मुख्यमंत्री का नाम ज्ञापन देकर सरकार को उनकी घोषणा पर ध्यान आकर्षण कराया गया। जिसमें कहा कि किसानो के लिए आपके द्वारा जो चुनाव के घोषणा पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के रूप में दर्शाया गया था। विभिन्न मंचों से पूर्व मुख्यमंत्री ,मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री एवं अन्य नेताओं के द्वारा ३१०० धान, २७०० रुपये गेहूं का समर्थन मूल्य देने की जो बात कही गई थी उसे जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की गई।

### किसानों का राजनीति से कोई लेना देना नहीं हम अपनी की लड़ाई लड़ रहे है-मूरतसिंह पारधी

किसान मूरतसिंह पारधी ने कहा की हमारे किसान भाईयों के साथ सरकार ने छलावा किया गया है। ३१०० धान ,२७०० गेहूं देश के प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय नेताओं ने घोषणा किया था आज १ साल पूरा हो गया किसानों के साथ छलावा है। हम सरकार से मांग कर रहे हैं कि किसानों के हित की बात कहते हुए वोट मांगा था। यह छत्तीसगढ़ ,मध्यप्रदेश और राजस्थान में घोषणा पत्र में कहा गया था जिसके लिए संसद के अंदर राहुल गांधी को भी प्रधानमंत्री से पूछना चाहिए कि वह घोषणाओं का क्या हुआ। अभी विधानसभा का शीतकालीन सत्र चालू होगा तो उसमें बता रहे हैं कि विपक्ष घेराव करेगा अच्छी बात है आवाज उठाओं। हमारा राजनीति से कोई लेना देना नहीं है हम पेट की लड़ाई लड़ना चाहते हैं इन्होंने झूठ बोलकर सत्ता प्राप्त की है।

### हम किसानों की मांगे पुरी नही हुई तो पुनः उग्र आंदोलन करेंगे- उपेन्द्र बिसेन

किसान उपेंद्र बिसेन ने कहा कि हम अपनी मांग को पूरी करने अपने क्षेत्र का उपयोग करें जो हमारे पास है हमारी ताकत गांव में है विधानसभा में है तहसील में है। वह ताकत दिखाएं जितने नेता है वह आरोप प्रत्यारोप कर किसानों को बाटते हैं । हम सभी किसानों को संगठन के माध्यम से एकत्रित होकर अपनी आवाज को उठाना है। यदि सरकार हमारी मांग को नहीं मान रही है तो पुनः हमारे द्वारा आंदोलन किया जाएगा और सरकार को मनाने का प्रयास किया जाएगा ताकि हमें हमारा हक मिले। हमारे द्वारा सरकार से मांगा नहीं गया था उनके द्वारा कहा गया था जब कहा तो देना चाहिए जो कहा गया था वह नहीं देने के कारण हम आज सड़क पर उतरे हैं।

### २५ दिसम्बर को आर पार की लड़ाई होगी- पप्पु पटेल

पप्पू पटेल ने कहा कि किसानों का नगर बंद का कार्यक्रम था सिर्फ किसानों का था यदि कोई नेता किसान बनकर आया तो उसे उसकी भूमिका में बराबर नीचे बैठने कहा गया है। कार्यक्रम चालू हुआ भोलाराम पटले पिपरिया ने किसानों की बात ना कहते हुए नेताओं को उल्टा बोला किसानों की छवि खराब हुई है। जिस भाषा का उसने उपयोग किया है वह अशोभनीय भाषा है उन्हें स्टेज ना दे जिन्हें बोलने को आता नहीं है। यह दुखदाई बात है उसे बुलाया किसी ने तो किसानों की बात रखना था नेताओं पर आरोप नहीं लगाना था। उसने कांग्रेस का एजेंट बनकर अपनी बात रखा और किसानों को गुमराह किया भाजपा के बड़े नेताओं को बोलो स्थानीय नेता सभी साथ में है। चाहे कांग्रेस हो बीजेपी हो या बीएसपी यह किसानों के कार्यक्रम को गलत दिशा देने का काम किया गया है। हमारी आवाज भोपाल पहुंच गई है और नहीं पहुंची है तो २५ दिसंबर को आत्मदाह है बड़ा आंदोलन होगा। अभी हमने एसडीएम को ज्ञापन दिया है और आने वाले सभी किसानों का धन्यवाद दुगनी ऊर्जा के साथ वह २५ दिसंबर को भी आये आर पार की लड़ाई होगी।

### यह आंदोलन कोई राजनीतिक नहीं था किसानों का कार्यक्रम था-सुभाष पारधी

भारतीय किसान मजदूर महासंघ अध्यक्ष सुभाष पारधी ने कहा कि यह आयोजन सफल रहा इसमें किसान ,व्यापारी ,प्रशासन का अच्छा योगदान रहा। हमारे द्वारा सुबह बाइक रैली से नगर भ्रमण किया गया पूरा नगर बंद था। इसके बाद अनाज मंडी से आक्रोश रैली निकाली गई जो सिविल क्लब ग्राउंड सभा स्थल पर पहुंची। यह कार्यक्रम कोई राजनीतिक नहीं था किसानों का कार्यक्रम था इस दौरान एक विक्षिप्त व्यक्ति ने आकर कार्यक्रम को खराब करने का काम किया। उसे कुछ कांग्रेसी नेताओं का सहयोग था वह मंच को कैसे खराब करें यह चाहते थे नेताओं को आपशब्द कहा। कुल मिलाकर किसानों का संगठन यह लोग बनने नहीं देना चाहते हैं अपना नाम बड़ा करना चाहते हैं इस दौरान कार्यक्रम में सभी किसान थे।

# ६१६१ परीक्षार्थियों ने हिंदी और भौतिक शास्त्र का पेपर किया हल

## हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देश अनुसार अर्धवार्षिक परीक्षा ९ दिसंबर से प्रारंभ की गई। जिसको लेकर स्कूल स्तर पर समस्त प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई थी। जहाँ सुबह से परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर भोपाल स्तर से प्राप्त प्रश्न पत्र हल किये। यह परीक्षा २ पाली में आयोजित की गई जिसमें वारासिवनी विकासखंड के २२ विद्यालयों में दर्ज ६२९४ परीक्षार्थी में ६१६१ परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर हिंदी और भौतिक विज्ञान विषय का पेपर हल किया। जिसमें हाई स्कूल की परीक्षा सुबह ९ से १२ बजे तो हाई सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा १.३० से ४.३० बजे तक आयोजित की गई। इस दौरान यह परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न की गई। वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत ११ हाई स्कूल, ११ हायर सेकेंडरी स्कूल में शांतिपूर्वक परीक्षा संचालित की गई। जिसमें कक्षा ९वीं में दर्ज २२११ परीक्षार्थी में २१५९ परीक्षार्थी उपस्थित हुए, ५२ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । इसी प्रकार कक्षा दसवीं में दर्ज १५४१ परीक्षार्थियों में १५२४ परीक्षार्थी उपस्थित रहे ,१७ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । यह दोनों कक्षा के परीक्षार्थियों के द्वारा हिंदी विषय का पेपर सुबह प्रथम पाली ९ से १२ बजे तक हल किया गया। वहीं कक्षा ग्यारहवीं में दर्ज १२८८ परीक्षार्थियों में से १२५९ परीक्षार्थी उपस्थित रहे ,२९परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । कक्षा १२ वीं में दर्ज १२५४ परीक्षार्थी में से १२१९ परीक्षार्थी उपस्थित रहे ३५ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । उक्त दोनों कक्षा के परीक्षार्थियों के द्वारा भौतिक विज्ञान व अन्य विषय का पेपर दोपहर १.३० बजे से ४.३० बजे तक हल किया गया। इस प्रकार हाई स्कूल में कुल ३७५२ परीक्षार्थी में ३६८३ परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में २५४२ परीक्षार्थी में २४७८ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार कुल ६२९४ परीक्षार्थियों में से ६१६१ परीक्षार्थी उपस्थित रहे १३३ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यह अर्धवार्षिक परीक्षा का प्रश्न पत्र भोपाल स्तर से प्राप्त हुआ जिसे विद्यार्थियों ने हल किया।



# खैरलांजी रहा बंद किसानों ने किया विरोध

## आक्रोश रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन






वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी मुख्यालय में सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ किसानों के आह्वान पर ९ दिसंबर को पूरा खैरलांजी बंद रहा। इस दौरान सड़कों गालियों चौक चौराहा पर सन्नाटा पसरा रहा । जहां पर व्यापारियों के द्वारा सभी प्रतिष्ठान बंद रखे गए केवल अति आवश्यक सेवा के प्रतिष्ठान प्रारंभ रहे। किसानों के द्वारा जनपद पंचायत खैरलांजी परिसर स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई सभा स्थल पर किसान गर्जना के तत्वावधान में आमसभा का आयोजन किया गया। जहां पर किसानों के द्वारा उपस्थित होकर सरकार के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त करते हुए उक्त आंदोलन को निरंतर जारी रखने और सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की घोषणा की जाती रही। उक्त आमसभा कार्यक्रम के पश्चात आंक्रोश रैली निकाली गई जो केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां किसानों के द्वारा किसान गर्जना संगठन के तत्वावधान में किसानों के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी का मूल्य ३१०० रूपये दिये जाने एवं प्रति क्विंटल से किसानो को बोनस दिए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेखित है कि २ दिसंबर से सोसायटी में किसानो के द्वारा धान विक्रय किया जाना है। वर्तमान में धान का मूल्य २३०० रूपये है जो कि किसानो के लिए बहुत कम है। चुनाव के पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा म.प्र के किसानो से यह वादा किया गया था कि धान खरीदी का मूल्य ३१०० रुपये किया जावेगा। परंतु उनके द्वारा धान खरीदी का मूल्य मूल्य ३१०० रुपये नही किया गया एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा माह जून वर्ष २०२३ में कहा गया कि म.प्र.के किसानों के बैंक खाते में ९१७ रूपये प्रति क्विंटल धान से बोनस के रूप में दिया जावेगा । परंतु बोनस के रूप में म.प्र.के किसानो को नहीं दिये गये। रबी की फसल को सहकारी समिति के माध्यम से खरीदी का वादा किया गया था अपना यह भी वादा पूरा नहीं किया गया। प्रदेश के किसानो को धान खरीदी का मूल्य मूल्य ३१०० रुपये नही मिलने के कारण किसानो का काफी मात्रा में नुकसान हुआ है एवं किसान बहुत ही परेशान है। यदि सोसायटी में धान खरीदी का वर्तमान मूल्य २३०० रूपये दिया जाता है तो ८०० रूपये प्रति क्विंटल से किसानो को बोनस प्रदान किया जावें, जिससे किसानो को धान का उचित मूल्य मिल सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### सरकार सत्ता के नशे में चूर होने से किसानों पर नही ध्यान-रामकुमार नगपुरे

किसान गर्जना जिलाध्यक्ष रामकुमार नगपुरे ने कहा कि सरकार के द्वारा जो किसानो से वादे किये है उसे पूरा निभाना चाहिए। किसान हमारे देश का अन्नदाता है जिन्होंने घोषणा किया था वो आज केंद्र में मंत्री भी है ,किसान देश कि रीड़ कि हड्डी है । उपराष्ट्रपति ने उस बात को पुरे दम के साथ रखा किसान सरकार से मांगने नही गया था सरकार ने खुद घोषणा कि थी जब इनकी सरकार बन गई तो अपने वादों से मुकर गए। जबकि सरकार की जिम्मेदारी होती थी कि वह अपनी घोषणा को पूरा करें । किसान एक वर्ष से सरकार की तरफ देख रहा है परंतु सरकार सत्ता के नशे में चूर है ,उन्हें पता होना चाहिए कि यह किसान है जो सरकार बनाते हैं और बिगाड़ भी देते है। भाजपा सरकार हमेशा किसानो को जुमला वादा देती है ,इस बार हमारे क्षेत्र का किसान जाग गया है और भाजपा के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन कर रहा है। हमारे किसानों को जागरूक होने की जरूरत है कि वह ऐसे किसी बहकावे में ना आयें।

# महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस कार्यशाला आयोजित

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय में ब्लेसिंग वेलफेयर सोसायटी और सेवा समिति के द्वारा प्लॉयबिलिटी स्किल्स पर स्वामी विवेकानंद कैंरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ के तत्वाधान में कार्यशाला आयोजित हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, स्वामी विवेकानंद कैंरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. हेमंत कुमार मण्डाले, कार्यक्रम प्रभारी दोमदत्त सिंह एवं सह प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व में कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्रीमती मनीषा यादव ने कहा कि युवा देश का भविष्य है। रोजगार में सबसे बड़ी समस्या स्किल्स की कमी है। ऐसे आयोजन युवाओं को स्व-रोजगार और बेहतर अवसर दिलाने में सहायक होंगे। बदलते समय में



निजी एवं शासकीय संस्थाओं में कुशल युवाओं की मांग बढ़ी है ,परन्तु ऐसी कोई भी कौशल विकास केन्द्र जहाँ पर कम्युनिकेशन स्किल एवं सॉफ्ट स्किल ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए उपलब्ध नहीं है। जिसकी कमी वर्तमान समय में छात्र छात्राओं में देखी जा सकती है। इस कार्यशाला के दौरान उन्होंने बताया कि छात्र छात्रायें इन स्किल को कहां और किस तरह से सिख सकते है। कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय में अध्ययनरत् बीएससी चतुर्थ वर्ष की छात्रा अयानी ठाकरे ने मुख्य वक्ता से पुछा कि साक्षात्कार की तैयारी के दौरान किन बातो का ध्यान रखना आवश्यक है। वहीं दूसरी छात्रा प्रगति बोकड़े ने पुछा कि गणनाकृत जोखिम क्या है, कार्यशाला के दौरान अलग अलग संकाय के लगभग ७५ छात्र छात्राएँ मौजूद रहे।

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# भारतीय शहर और असुरक्षित पेयजल

जब नीति-निर्माता पेयजल तक सबकी पहुंच को प्राथमिकता दे रहे हैं, चेन्नई में पिछले हफ्ते संदिग्ध दूषित नल जल के उपभोग से तीन व्यक्तियों की मौत होना यह याद दिलाता है कि समस्या केवल कवरेज नहीं है- यहां तक कि जिन शहरी केंद्रों में नल के जरिए जलापूर्ति का लंबा इतिहास है वहां भी खतरनाक संदूषण से मुक्त पेयजल अब तक सुनिश्चित नहीं हो पाया है। यह घटना उपनगरीय पल्लावरम में राज्य एजेंसी के जरिए पेयजल आपूर्ति से जुड़ी है, जिसने 34 अन्य लोगों को डायरिया की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंचा दिया। स्थानीय पानी के नमूनों की प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं हुई है और एजेंसी को दोषी ठहराना जल्दबाजी हो सकती है। इसके बावजूद, राज्य के मंत्री टी.एम. अनबरसन की वो टिप्पणियां संवेदनहीन और गैरजिम्मेदाराना लगती हैं जिनमें उन्होंने प्रभावित लोगों पर अपने आसपास स्वच्छता नहीं रखने का आरोप लगाया है। वजह चाहे जो हो, यह चिंताजनक है कि भारत के शहरों में पानी का गंभीर संदूषण बार-बार होना जारी है। बीते छह महीनों में, बेंगलुरु, कोची, नोएडा, विजियानगरम समेत कई शहरों में ई.कोलाई वाले पानी के उपभोग के चलते बड़े पैमाने पर लोगों के बीमार पड़ने की खबरें आयी हैं। यह उन लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने की चुनौती सामने लाता है, जो लगातार दूसरी जगहों से शहरों में आ रहे हैं और तंग इलाकों में रह रहे हैं, जिससे जलापूर्ति और जल-निकासी के बुनियादी ढांचे पर दबाव पड़ता है।

भारत जैसे उष्ण देशों में सुरक्षित पेयजल मुहैया कराने में सरकारें चुनौती का सामना करती हैं। जलशक्ति मंत्रालय के आंकड़े दिखाते हैं कि 25 राज्यों के 230 जिलों के कई हिस्सों में भूमिगत जल में आर्सेनिक और 27 राज्यों के 469 जिलों में फ्लोराइड पाया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, 2022 में दुनिया में कम-से-कम 1.7 अरब लोगों ने मल से दूषित पेयजल स्रोतों का इस्तेमाल किया। विश्व स्तर पर, अनुमानतः सालाना 10 लाख लोग असुरक्षित पेयजल और साफ-सफाई व हाथ की स्वच्छता के अभाव के चलते डायरिया होने से मरते हैं। सन् 2010 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पानी और साफ-सफाई के मानव अधिकार को स्पष्ट रूप से मान्यता दी थी। इस लिहाज से, भूमिगत जल के रासायनिक प्रदूषण के मसले से भी निपटने में किसी ढिलाई की गुंजाइश नहीं है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन इससे वाकिफ हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के पहले, उन्होंने तमिलनाडु के विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्राथमिकता के सात क्षेत्रों को लेकर अपनी 10-वर्षीय दृष्टि सामने रखी थी। इसमें प्रति व्यक्ति वार्षिक पेयजल आपूर्ति नौ लाख लीटर से बढ़ाकर 10 लाख लीटर करने; पानी की बर्बादी 50 फीसदी से घटाकर 15 फीसदी करने; और पुनर्चक्रित (रिसाइकल्ड) पानी का वितरण पांच फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी करने का वादा शामिल है। अब उन्हें अपने कहे पर अमल करने की जरूरत है, खासकर जिसका ताल्लुक सुरक्षित पेयजल से है।

# ममता के मन और है, जनता के मन और

हाल के आम चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों के दांत खट्टे करे वाले आईएनडीआईए गंठबंधन में भी खटास पैदा होती दिखाई दे रही है । संसद के शीत सत्र में इंडिया गठबंधन के घटक दल बिखरे -बिखरे नजर आ रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो सुश्री ममता बनर्जी के मन की बात तो ओठों तक आए ही गयी। वे विपक्षी गठबंधन को नेतृत्व देने के लिए लालायित है, कोई उनसे कह भर दे।

देश में लगातार क्षीण हो रही कांग्रेस और चारों दिशाओं में बिख्ररे विपक्षी दलों को एकजुट करने में मिली कामयाबी एक साल में ही दम तोड़ती नजर आ रही है । विपक्षी एकता की धुरी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की क्षमताओं को लेकर सवाल खड़े किये जाने लगे है। इसका सीधा अर्थ है कि इंडिया गठबंधन के दलों में राहुल की नेतृत्व क्षमता पर यकीन कम हो रहा है। ऐसे में यदि राहुल ने अपने आपको न बदला तो आईएनडीआईए गठबंधन की नीति और नेता दोनों बदल सकते हैं। बदलाव की मांग बंगाल से भी उठती दिखाई दे रही है और महाराष्ट्र से भी।



मेरे सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दलों के नेताओं से अच्छे संबंध हैं। हालांकि, मुझे बंगाल ही पसंद है। मुझे कहीं और जाने की कोई इच्छा नहीं है।

**ममता बनर्जी**
प.बंगाल की CM

आम चुनाव में मिली सफलता के बाद आईएनडीआईए गठबंधन के नेता हवा में उड़ने लगे थे,लेकिन पहले हरियाणा और जम्मू-कश्मीर और बाद में झारखण्ड और महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों के नतीजों ने विपक्षी गठबंधन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। एक बार ये बात फिर प्रमाणित हो गयी कि सब कुछ होने के बावजूद आईएनडीआईए गतहबंधन के पास भाजपा को रोकने की कोई प्रभावी रणनीति नहीं है। वो आक्रामकता भी नहीं है जो भाजपा को सबक सीखा सके। भाजपा ने जिस तरह से हरियाणा में विपक्ष के सामने परोसी हुई सत्ता की थाली छीन ली उसी तरह से महाराष्ट्र में भी विपक्षी गठबंधन का सीराजा फैला दिया।

आईएनडीआईए गठबंधन ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस को भाव नहीं दिया ,तो बंगाल में ममता बनर्जी ने। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने मिलकर चुनाव नहीं लड़ा तो बिहार में भी गठबंधन के प्रमुख दल आरजेडी को हार का मुंह देखना पड़ा। विधानसभा उपचुनावों के नतीजे आने के बाद संसद के शीत सत्र में भी विपक्षी एकता कमजोर ही नजर आई । अडानी मामले पर कांग्रेस के बहिर्गमन का साथ न तृमूकां ने दिया और न समाजवादी पार्टी ने। समाजवादी पार्टी के नेता ने तो यहां तक कह दिया कि राहुल गांधी कांग्रेस के नेता हैं हमारे नेता नहीं।

हाल के घटनाक्रम से इस बात के संकेत साफ मिल रहे हैं कि विपक्षी घटक दल राहुल के नेतृत्व में आगे का सफर तय करने के लिए तैयार नहीं है । बहुत से घटक दलों के लिए जिस आक्रामकता की दरकार विपक्ष को है वो तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी में दिखाई दे रही है। ?न सीपी के शरद पंवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले भी ममता के नेतृत्व को स्वीकार करने के मूड में नजर आ रहे है। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में राहुल के साथ मिलाकर चुनाव लड़ी एनसीपी चुनाव नतीजों से नाखुश है। नाखुश तो शिव सेना -उद्धव गुट भी है। आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के सुर पहले से ही बदले - बदले सुनाई दे रहे हैं।

इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि . गठबंधन जारी रहे और साथ मिलकर चुनाव लड़े। गठबंधन के नेता अभी खरगे साहब हैं। महाराष्ट्र में सपा के एमवीए छोड़ने पर उन्होंने कहा कि वहां के लोगों की ओर से जिस तरह के बयान दिए जा रहे हैं, वह नहीं दिए जाने चाहिए ।महाराशिवसेना उद्धव ठाकरे गुट की ओर से छह दिसंबर के अयोध्या विध्वंस की घटना का समर्थन किए जाने को लेकर महा विकास अघाड़ी में हलचल बढ़ गई है। समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र प्रमुख और विधायक अबु आसिम आजमी ने गठबंधन के प्रमुख घटक शिवसेना (यूबीटी) के अयोध्या में 6 दिसंबर बाबरी विध्वंस की घटना का समर्थन किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी में यह लोग कांग्रेस, एनसीपी और सपा के साथ आने के बाद कह रहे थे कि वह सेकुलर हो गए हैं।अबु आजमी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव रिजल्ट का जिक्र करते हुए कहा कि जब वे चुनाव हार गए तो फिर वही पुरानी बातें दोहराने लगे हैं। अगर ऐसा ही रहा तो महाविकास अघाड़ी आगे चल नहीं पाएगा।

भाजपा और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी के प्रति लगातार हमलावर रहे पूर्व राजयपाल सत्यपाल मलिक भी राहुल गांधी के नेतृत्व से हताश नजर आ रहे हैं। मलिक ने भी राहुल के बजाय गतहबंधन के नेतृत्व के लिए ममता बनर्जी के नाम का समर्थन किया है। मलिक चाहते हैं कि इण्डिया गठबंधन को ममता बनर्जी को नेतृत्व का मौक़ा देना चाहिये । शरद पंवार भी दबी जुबान में ममता के नाम पर सहमत नजर आ रहे हैं। मुझे लगता है कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के तमाम घटक दल संसद का शीत सत्र समाप्त होते ही अंतिम फैसला ले लेंगे। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने अभी मौन साध रखा है।

विपक्षी खेमे में मन मुटाव भाजपा के लिए जीवनदान देने वाला हो सकता है ,किन्तु एक बात ये भी है कि ममता बनर्जी को राहुल गांधी की तरह पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक जन समर्थन मिलने वाला नहीं है। वे जुझारू हैं किन्तु उनकी कोई राष्ट्रीय अपील नहीं है । हिंदी पट्टी में तो छोड़िये दक्षिण में भी कोई उनके साथ आसानी से चलने को राजी हो जाएगा ,ये कहना कठिन है। ममता बनर्जी ने बंगाल में तो अभी तक भाजपा को पांव नहीं जमाने दिए हैं लेकिन वे पूरे देश को बंगाल की तरह भाजपा के लिए चुनौती में बदल देंगी ,इसमें मुझे संदेह है।जो भी है विपक्ष का बिखराव देश के लोकतंत्र की सेहत के लिहाज से ठीक नहीं है। देश के हिन्दूकरण को रोकने के लिए विपक्ष ने यदि दरियादिली से अपना नया नेता न चुना तो इसकी बहुत बड़ी कीमत सभी को चुकाना होगी । कांग्रेस के लिए ये आत्मनिरीक्षण का सही समय है। उसे तय करना है कि वो सकल विपक्ष के दबाब में क्या राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर सकती है या उसे राहुल पर ही भविष्य की राजनीति करना है ?

आपको 4ड्ड्स्न होगा कि एक जमाने में समाजवादी सियासत के झंडावरदार मने जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आम चुनाव से ठीक पहले इंडिया गठबंधन से जान छुड़ाकर भाजपा में शरणागत हो गए थे । जेपी आंदोलन कि पैदाइश नितीश कुमार को प्रधानमंत्री के सामने दंडवत करते हुए पूरे देश ने देखा है । जाहिर है कि वे अब भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं रहे । शरद पंवार भी उम्रदराज हो चुके है। अखिलेश यादव अभी भी उत्तर प्रदेश में उलझे हैं। एक राहुल गांधी हैं जिन्होंने पूरा देश पैदल नापा है। उमके सामने पहचान का कोई संकट नहीं है । उनका असल संकट अपने नेतृत्व को प्रामाणिक न बना पाने का है। ये चुनौती कांग्रेस कि भी है कि वो राहुल के पीछे चले या और कोई नेता तलाश ले ? नेतृत्व के संकट से भाजपा को छोड़ आज सभी दल जूझ रहे हैं। जनता के मन में कौन है ये जानने की कोशिश कोई नहीं कर रहा 7

**- राकेश अचल**

# दिल्ली चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा ?

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है।

भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है।

भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दु:ख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है।

निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमश: 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

**- ललित गर्ग**

# मानव के संरक्षण एवं अधिकारों के लिए कौन लड़ेगा?

संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा घोषित दिवसों में एक महत्वपूर्ण दिवस है विश्व मानवाधिकार दिवस। प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को यह दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। इस महत्त्वपूर्ण दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। यह दिवस मानव के अस्तित्व एवं अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के संकल्प को बल देता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 10 दिसम्बर, 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र को अधिकारिक मान्यता प्रदान की थी। तब से यह दिन इसी नाम से मनाया जाने लगा। किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है- मानवाधिकार। यह दिवस एक मील का पत्थर है, जिसमें समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित होती है। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं की एक विस्तृत श्रृंखला निर्धारित की गई है, जिसकी सम्पूर्ण मानव जाति हकदार हैं। यह राष्ट्रीयता, निवास स्थान, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, धर्म, भाषा या किसी अन्य स्थिति के आधार पर भेदभाव किए बिना हर व्यक्ति के अधिकारों की गारंटी देता है। साल 2024 में मनाए जाने वाले मानवाधिकार दिवस की थीम है, 'हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी'।

किसी व्यक्ति के साथ किसी भी कीमत पर कोई भेदभाव न हो, समस्या न हो, सब शांति से खुशी- खुशी अपना जीवन जी सकें, इसलिए मानवाधिकारों का निर्माण हुआ। मानव अधिकार का मतलब मनुष्यों को वो सभी अधिकार देना है, जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। यह सभी अधिकार भारतीय संविधान के भाग-तीन में मूलभूत अधिकारों के नाम से मौजूद हैं और इन अधिकारों का उल्लंघन करने वालों को अदालत द्वारा सजा दी जाती है। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक सामाजिक, और शिक्षा का अधिकार भी शामिल है। मानवाधिकार वे मूलभूत नैसर्गिक अधिकार हैं जिनसे मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि के आधार पर वंचित या प्रताड़ित नहीं किया जा सकता।

विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र का मुख्य विषय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारी, आवास, संस्कृति, खाद्यान्न व मनोरंजन से जुड़ी मानव की बुनियादी मांगों से संबंधित है। विश्व के बहुत से क्षेत्र गरीबी से पीड़ित है, जो बड़ी संख्या वाले लोगों के प्रति बुनियादी मानवाधिकार प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है। उन क्षेत्रों में बच्चे, वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं के बुनियादी हितों को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा नस्ल भेद मानवाधिकार कार्य के विकास को बड़ी चुनौती दे रहा है। इसी तरह आदिवासी एवं दलितों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार भी मानवाधिकार का बड़ा मुद्दा है। महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़नाएं भी मानवाधिकार के सम्मुख बड़े संकट हैं। बात पेट जितनी पुरानी और भूख जितनी नई है 卐मानवाधिकार卐 की। दुनिया में जहां-जहां भी संघर्ष चल रहे हैं, चाहे सत्ता परिवर्तन के लिए हैं, चाहे अधिकारों को प्राप्त करने के लिए, चाहे जाति, धर्म और रंग के लिए वहां-वहां मानवाधिकारों की बात उठाई जाती रही है। हमारे देश में भी वक्त चाहे राजशाही का था, चाहे विदेशी हुकूमत का और चाहे स्वदेशी सरकार का हर समय किसी न किसी हिस्से में संघर्ष चलते रहते हैं। एक सौ चालिस करोड़ के देश में विचार फर्क और मांगों की लंबी सूची का होना स्वाभाविक है।

कानून और व्यवस्था का सीधा दायित्व पुलिस विभाग पर रहता है। उन्हें ही ऐसे आन्दोलनों से निपटना होता है। साधारण अपराध में लिप्त व्यक्ति से भी थाने में वे ही निपटते हैं। पुरुषों से तो बात उगलवाने के लिए मारपीट और अकारण बन्द रखने की घटनाएं तो आए दिन सुनने-पढ़ने को मिलती हैं लेकिन अब तो महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की घटनाओं की संख्या भी चौंका देने वाली है। यह बात और है कि अगर किसी महिला के साथ अत्याचार होता है तो उसकी कोई सुनवाई नहीं होती। रह-रहकर होने वाली भारतीय पुलिस की बर्बरता की घटनाओं की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गूंज होती रहती है। लेकिन तब यह कहकर कि 卐हमें उनके उपदेशों की जरूरत नहीं卐 टाल देते हैं। कश्मीर में पुलिस को साधारण अपराधियों से नहीं, राष्ट्रविरोधी तत्वों से निपटना पड़ता है। वहां यह बात स्वीकार की जा सकती है कि जब राष्ट्र की सुरक्षा और मानवाधिकारों के बीच टकराव होता है तो राष्ट्र की सुरक्षा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, परन्तु इस बड़े सिद्धान्त की ओट में कोई खेल नहीं होना चाहिए। कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। कोई बदले की भावना नहीं होनी चाहिए।

हमारा संविधान भी हमें मूलभूत अधिकारों से परिपूर्ण करता है, लेकिन मानव अधिकारों के हनन में भी हमारा देश पीछे नहीं है। आजादी के इतने सालों बाद भी बंधुआ मजदूरी को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सका है। बाल मजदूरी जो एक मासूम की जिंदगी के साथ खिलवाड़ है, वह भी खुलेआम होता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी आज भी मुंह बाए खड़ी हैं। रोटी, कपड़ा और मकान जो लोगों की मूलभूत आवश्यकताएँ हैं वे भी हमारी सरकार पूरी नहीं कर पा रही हैं। शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार, रोजगार का अधिकार, स्वच्छ जीवन का अधिकार- ये सभी बुनियादी अधिकारों का हनन होना आज के समय में एक घिनौना पाप है, त्रासदी है, विडम्बना है। अगर आज भी हमारे देश के लोगों को जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम पर, भाषा के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर भेदभाव का शिकार होना पड़ता है तो लानत है इस देश के लोगों पर और यहाँ की सरकार पर। अधिकतर मामलों में अत्याचारियों, बाहुबलियों, अमीरों का साथ देकर बेबस और लाचार लोगों पर बर्बर व्यवहार होता हैं। आज भी देश में बहुत सारे ऐसे जगह हैं जहाँ लोग खुलकर साँस भी नहीं ले पा रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या एक मानवाधिकार की बड़ी समस्या है। इलाज के नाम पर एवं शिक्षा के नाम पर जो लूट-खसोट सरेआम होती है, वह भी मानवाधिकार का खुला उल्लंघन है।

हद तो तब हो जाती है जब लोगों के अभिव्यक्ति के अधिकारों का दमन हो जाता है। लोग अपने विवेक के अधिकार के इस्तेमाल पर भी डर महसूस करने लगते हैं। दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोगों को अपने दिल की बात बोलने और अपनी आस्थाओं को बरकरार रखने पर भी देशद्रोह जैसे आरोप लगाकर बेइज्जत किया जाता है। यह सब मानव अधिकार हनन की घटनाएं नि:संदेह ही स्वार्थपूर्ण राजनीति के चलते होती है। इसे हर व्यक्ति को समझने की जरूरत है। मानव अधिकारों के साथ उनके कर्तव्य भी जुड़े होते हैं, उनका भी पालन अतिआवश्यक है। सवाल है कि मानवाधिकार के संरक्षण एवं अधिकारों के लिए कौन लड़ेगा? साम्प्रदायिक दंगे, चोरी, लूट, महिलाओं पर अत्याचार, नशीली वस्तुओं का गैर कानूनी धंधा, रोजमर्रा की बात हो गई है। शांति-प्रिय नागरिकों का जीना मुश्किल हो गया है। जन प्रतिनिधियों और राजनीतिज्ञों पर लोगों का विश्वास नहीं रहा। कौन बचाएगा मानवाधिकार को? कौन रेखा खीचेगा असामाजिक तत्वों और सामान्य नागरिक के मानवाधिकारों के बीच? राष्ट्र के सर्वोच्च मंच लोकसभा के अध्यक्ष के आसन पर लिखा है- 卐धर्म-चक्र प्रवर्तनार्थ卐। धर्म के चक्र को न्यायपूर्वक चलाएं, इसे रुकने न दें। इसमें इतना और जोड़ें-न्याय के चक्र को धर्मपूर्वक चलाएं।

युद्ध हमेशा मानवता के खिलाफ होता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान मानव व्यक्तित्व और मानवाधिकार का जो उल्लंघन हुआ था, उसने संपूर्ण विश्व के शांतिवादियों को आन्दोलित कर दिया और यह सर्वत्र अनुभव किया जाने लगा कि यदि मानव के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया, तो मानवाधिकार महज एक मजाक बनकर रह जाएगा। मानवाधिकार दिवस एक प्रेरणा है, एक संकल्प है मानव को सम्मानजनक, सुरक्षित, सुशिक्षित एवं भयमुक्त जीवन का। जीवन के चौराहे पर खड़े होकर कोई यह सोचे कि मैं सबके लिये क्यों जीऊं? तो यह स्वार्थ-चेतना मानवाधिकार की सबसे बड़ी बाधा है। हम सबके लिये जीयें तो फिर न युद्ध का भय होगा, न असुरक्षा की आशंका, न अविश्वास, न हिंसा, न शोषण, न संग्रह, न शत्रुता का भाव, न किसी को नीचा दिखाने की कोशिश, न किसी की अस्मिता को लूटने का प्रयत्न। मानव जीवन के मूलभूत अधिकारों का हनन को रोकना एवं सारे निषेधात्मक भावों की अस्वीकृति का निर्माण ही नया मानव जीवन निर्मित कर सकेंगे और यही मानवाधिकार दिवस की सार्थकता होगी।

**- ललित गर्ग**

## इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर। लेवाली कमजोर रहने से सोमवार को खाद्य तेलों में बाजार नरमी के रहे। तिलहनों में सोयाबीन बड़त पर रहा। दलहनों में चना बाजार सुस्त रहे। तुअर व मसूर मेंभी नरमी आयी। किराना जिंसों में शक्कर घटाकर बोली गयी। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में लिवाली कमजोर रहने से बाजार नरमी के रहे। तिलहनों में सोयाबीन बड़त पर रहा। दलहनों में चना घटाकर बोला गया। तुअर व मसूर में सुस्ती बनी। चना दाल में 200 रू. प्रति क्विंटल की नरमी देखी गयी। उधर, किराना जिंसों में शक्कर घटाकर बोली गयी। भाव इस प्रकार रहे –

**किराना** - शक्कर 3720-3750, खोपरा गोला 175-200, खोपरा बूरा 3800-6000 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 292-305, ऊंझा हल्का 292-300, मीडियम 308-316, बेस्ट 325-335, हल्दी निजामाबाद 200-220, सांगली 270-280, साबूदाना हल्का 5800-6000, मीडियम 5900-6050, बेस्ट 6100-6300, वरलक्ष्मी 6400, ग्लास 7000-7300, सौंफ मोटी 105-125, मीडियम 175-275, बेस्ट 285-310, सौंफ बारि?क 280-325, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-680, गरबल 655-658, मटरदाना 715-730, खसखस अनक्लीन 725-800, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 245-262, जायफल 700-725, बेस्ट 735, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1675-1900, नाग केसर 925-950, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 760-775, बेस्ट 800-815, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2350-2450, मीडियम 2750-2950, बोल्ड 3100-3200, एक्ट्रा बोल्ड 3225-3250, पानबार 2250, बड़ी इलायची 1425-1675, बेस्ट 1650-1725, तरबूज मगज 390-400, बेस्ट 575-625, काजू (240) 1050, काजू (320) 925-950, काजू एस. डब्ल्यू 900, जे.एच. 890-900, टुकड़ी 840-850, बादाम मगज 750-800, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना1025-1500, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4600 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2300-2400, (160) 2600-2650, (200) 2650-2700, (250) 2550-2700

**तेल** - सींगदाना 1450, मुम्बई 1500, राजकोट तेलिया 2320, सोया साल्वेंट 1215-1220, सोया रिफाइंड 1280-1285, कपास्या 1240, धूलिया 1245, कड़ी 1250,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1425, मुम्बई पाम 1420, मुम्बई सोया 1320,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1850, देवास-उज्जैन 1850, खंडवा-बुरहानपुर 1800, अकोला 2750 (प्रति क्व ?िंटल)

**तिलहन** - सरसो 5800-5850, एवरेज 5500-5600, रायडा 5400-5500, सोयाबीन 4150-4200, टोली (महुआ बीज) 4300-4350, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 6600-6650, एवरेज 6400-6450, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 8900-9000, एवरेज 8700-8800, हल्की 8300-8500, तुअर महाराष्ट्र 9300-9500, उड़द बेस्ट 8700-8800, एवरेज 8600-8650, शंकर 8300-8400, हल्की 8000-8100,

**दाल** - चना दाल एवरेज 8600-8700, मीडियम 8800-8900, बोल्ड 9000-9200, तुअर दाल सवा नं. 13200-13300, तुअर दाल फूल 14300-14400, तुअर दाल बोल्ड 15100-15200, मसूर दाल एवरेज 7000-7100, मीडियम 7150-7200, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 9400-9600, बोल्ड 9700-9900, मूंग मोगर 10200-10300, बोल्ड 10400-10500, उड़द दाल 11000-11100, बोल्ड 11200-11300, मोगर 10800-10900, बोल्ड 11000-11200,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2650-2700, लोकवन 2950-3000, एवरेज 2700-2800, (147) 2850-2900, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2850-2875, पूर्णा 2850-2900, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2600-2625, गज्जर 2500-2550,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 6500-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8000-9000, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-7000, तिबार 9500-10500, बासमती (921) 11000-12000, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

**मावा** - इन्दौर 340, उज्जैन 260, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर । सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे –

चॉंदी (9999) 92800, चॉंदी (99) 92700, टंच 91900, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 78800,

## इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के आईपीओ पर सभी की नजरें

नई दिल्ली। ब्लैकस्टोन समर्थित कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 4,225 करोड़ रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। इस आईपीओ में 1,475 करोड़ रुपये की नई शेयर्स बिक्री के लिए पेशकश की जा रही है। कंपनी ने बयान दिया है कि यह आईपीओ 13 दिसंबर को खुलकर 17 दिसंबर को बंद होगा।




मेष – आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। आपकी समस्याएं बढ़ने से आप परेशान रहेंगे। आपको अपने कामों को लेकर पूरी ईमानदारी से आगे बढ़ना होगा, तभी आपके काम आसानी से पूरे होंगे। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा, नहीं तो उनकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको किसी की बातों में आने से बचना होगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। जो लोग नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आप जीवनसाथी से बेवजह उलझ सकते हैं। आपके सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है।

मिथुन – आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी, जो आपको खुशी देगी। बिजनेस में भी आपकी कोई रुकी हुए डील फाइनल हो सकती है, जो लोग ऑनलाइन काम करते हैं, उन्हें कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है। आपके आसपास में आपका किसी बात को लेकर बेवजह का लड़ाई झगड़ा हो सकता है।

कर्क – आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपका किसी नये घर, मकान, दुकान आदि को खरीदने का सपना पूरा होगा। आपकी अपनी संपत्ति में इजाफा होने से आपको खुशी होगी। आपको किसी नई स्कीम का पता चल सकता है। आप अपने भविष्य को लेकर कोई निर्णय जल्दबाजी में ना लें, नहीं तो इससे कोई नुकसान होने की संभावना है।

सिंह – आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा, तभी आपके काफी काम पूरे होंगे। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती हैं, जिस पर आपको पूरा ध्यान देना होगा। आप लेनदेन से संबंधित मामलों में पूरा ध्यान दें और यदि आपने किसी अजनबी पर भरोसा किया, तो वह आपके उस भरोसे को तोड़ सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसके लिए आप कोई मौका हाथ से नहीं जाने देंगे। आपकी कोई नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत करनी होगी। जीवनसाथी को करियर में तरक्की करते देख आपको खुशी होगी।

तुला – आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने कामों को लेकर भागदौड़ में लगे रहेंगे, तभी आपके काफी काम पूरे होंगे। परिवार के सदस्यों से आपकी खूब पटेगी, जिससे आपको यदि कोई समस्या भी आएगी, तो उसे भी आप आसानी से दूर कर सकेंगे। आप किसी अजनबी की बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो वह आपके उस भरोसे को तोड़ सकता है।

वृश्चिक – आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपकी किसी बात को लेकर परिवार में सदस्यों से बेवजह बहसबाजी होने की संभावना है। कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित चल रहा था, तो उसमें भी आपको जीत मिलेगी।

धनु – आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी आपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

मकर – आज का दिन आपके लिए दीर्घकालिक योजना को गति दिलाने वाला रहेगा। आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस कामों से बहुत खुश रहेंगे, जो आपके प्रमोशन की बात को आगे बढ़ा सकते हैं। किसी नए काम की शुरुआत करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

कुंभ – आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार को संयम रखने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी, जिसमें आप पुराने गिले शिकवे न उखाड़ें। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरी अवश्य करेंगे। आपको किसी काम को लेकर कोई लोन आदि अप्लाई करना पड़ सकता है।

मीन – आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी शान शौकत पर पूरा ध्यान देंगे, जिसमें खर्चा भी खूब करेंगे। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आपको यदि कोई रोग लंबे समय से सता रहा था, तो उसमें भी आपके कष्ट बढ़ सकते है। आपके घर पर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। किसी काम को लेकर आप अकस्मात यात्रा पर जा सकते हैं।

## शब्दजाल - 7745

*शब्दजाल में देश के दस राज्यों की राजधानियां ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गां | धी | न | ग | र | मा | ज | वा | ज | पे | यी |
| द | ह | ल | प्रे | व | जी | य | द | ह | कां | रा |
| वि | स | मा | म | को | ह | पु | म | ल | ख | म |
| मि | बैं | ग | लो | र | वा | र | ध | श्री | श | दु |
| श | आ | र | ग | बा | ज | ना | तू | न | झ | प |
| है | ल | ला | र | दि | द | मुं | ती | ग | घ | ट |
| द | व | भो | पा | ल | प | ब | ज | र | व | ना |
| रा | एं | वा | ई | द | ब | ई | डू | ए | श | न्हा |
| बा | ड | ल | को | ल | का | ता | आ | ग | शी | आ |
| द | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | भु | व | ने | श्व | र | त | ब | प | म |

जयपुर,गांधीनगर,बैंगलोर,हैदराबाद, भोपाल, श्रीनगर, पटना, कोलकाता, मुंबई,भुवनेश्वर

### शब्दजाल - 7744 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | क | ल | पा | कि | स्ता | न | धी | द | ल | ज |
| र | र | ल | दे | श्री | लं | का | इं | क्षि | ट | वा |
| त | स | त | ल | र्म | छ | रा | रा | ण | ख | द |
| आ | स्ट्रे | लि | या | पु | र | न्यू | प | अ | ली | ब |
| म | गा | दो | ग | ल्ता | लं | जी | तू | फ्री | झ | र्निं |
| बां | ग | ला | दे | श | न | लैं | ना | का | घ | हा |
| ल | अ | स | त | या | प | ड | श | ज | ला | लैं |
| पे | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | ड |
| स | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| त्ता | पा | ला | ल | के | न्या | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | इं | ग्लैं | ड | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6689

**बायें से दायें:-**

१. 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
३. कुमार गौरव, पूनम की 'माँग लूंगा तुझे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत और नायिका रीना राय वाली फिल्म-२
७. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
९. सुनीलदत्त, किशोरकुमार के 'सामने वाली खिड़की में' रहती है-४
१०. करिश्मा, मनीषा की 'रंग दी रंग दी' गीत वाली फिल्म-४
११. नवीन निश्चल, रेखा की 'राज की बात कह' कव्वाली वाली फिल्म-२
१५. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार की फिल्म-३
१७. सुनील शेट्टी, नम्रता की 'जीना तेरी बाहों में' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'घायल घायल तूने मुझे' गीत वाली मिथुन, श्रीदेवी की फिल्म-२
२१. सुनीलदत्त, माला की 'चलो एक बार फिर से' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'गाये जा गीत मिलन के' गीत वाली दिलीप, नर्गिस की फिल्म-२
२५. संजयदत्त, माधुरी की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'मैं दुनिया भुला दुंगा' गीत वाली राहुल राय, अनु की फिल्म-३
३०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की १९८४ की एक फिल्म-३
३१. 'बाराना दे बाराना' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हाय रे हाय रे' गीत वाली नई फिल्म-२
२. जोहराबाई अंबाले के गीत 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'अनोखी रात' के संगीतकार-३
४. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की १९९७ की एक फिल्म-३
५. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली फिल्म-३
६. अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, शत्रु, राखी, परवीन, बिंदिया की अभिनीत फिल्म-२
८. 'मेरे अँगने में तुम्हारा' गीत वाली फिल्म-४
१०. फिरोजखान, हेमा, रेखा की फिल्म-३
१२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली विक्रम, लक्ष्मी की फिल्म-२
१३. किशोर कुमार, मधुबाला की 'कोई हमदम ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'गोरे गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शरीफ बदमाश' में नायिका कौन थी-२
१८. 'तुम रूठ के मत' गीत वाली फिल्म-३
१९. अमिताभ, जया की 'जहाँ चार यार' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आँखों से तूने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
२३. अमिताभ की 'अरे दीवानों मुझे पहचानो' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी, करिश्मा की फिल्म-३
२६. नायक-निर्माता-निर्देशक अकबर खान, रंजीता, स्मिता की फिल्म-३
२७. अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की सुभाष घई निर्देशित फिल्म-२
२८. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली बहु सितारा फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6688

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | ल्पा | | अ | स | रा | नी | | स | |
| का | | क | म | ल | | य | ल | गा | र |
| री | ना | | री | मा | | त | | ई | |
| | रा | जे | श | | प | | स | | ब |
| का | ज | ल | | दा | ग | द | फ | य | र |
| ला | | र | ख | वा | ला | | री | | सा |
| पा | पी | | ल | | क | र्ण | | घा | त |
| नी | | हि | ना | | हीं | | ज | य | |
| | जं | | य | | का | का | | ल | व |
| कि | ग | अं | क | ल | | श | क्ति | | ध |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8213

**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

### शब्द पहेली -8212 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ज | ग | | ह | सी | न | |
| वा | दा | | र | | म | | व | ध |
| प | | फि | ल | हा | ल | | | मा |
| सी | र | त | | मि | | रु | ब | ल |
| | | र | ज | | न | ख | | |
| नी | जा | त | | जो | | सा | हि | ल |
| र | | | क | र | ता | र | | ह |
| व | श | | स | | मी | | ता | जा |
| | क | ल | म | | ल | की | र | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

10 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




**मंगलवार** 2024 वर्ष का 345 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** दशमी 03.43 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 13.30 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 22.03 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 16.55 बजे तदनन्तर गर 03.43 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 08.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 56' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872189 **जूलियन दिन** 2460654.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 07 **विशेष** मानव अधिकार दिवस, वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.00 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मकर | 09.05 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 10.52 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.25 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 13.55 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 15.35 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.33 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.47 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.03 बजे से |
| | | कन्या | 00.15 बजे से |
| | | तुला | 02.26 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.40 ब.से |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः वक्त की पाबंदी

अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन को सादगी ही नहीं, वक्त की पाबंदी भी बहुत पसंद थी। वह अपना हर काम नियत समय पर करते और जो ऐसा नहीं करता उसे सही रास्ते पर लाने की कोशिश भी करते थे। उनके नौकर-चाकर भी उनके इस स्वभाव से परिचित थे, इसलिए वे भी ठीक समय पर कार्य करने के आदी थे। उनके राष्ट्रपति बनने के कुछ महीने बीत गए थे, तभी अमेरिकी कांग्रेस के चुनाव हुए। चुने गए नए कांग्रेसी सदस्यों को वॉशिंगटन ने अपने आवास पर भोज के लिए आमंत्रित किया। उद्देश्य यह था कि सभी का परस्पर परिचय भी हो जाए और कर्तव्यों का निर्धारण भी कर दिया जाए। लेकिन तय समय पर वे सदस्य नहीं पहुंचे। हालांकि उन्हें आने में कुछ ही देर का विलंब हुआ था। मेहमानों ने आकर देखा कि वाशिंगटन भोजन कर रहे हैं। सदस्य हैरत में पड़ गए। उन्हें समझ में नहीं आ रहा था कि अतिथियों के आए बगैर राष्ट्रपति भला कैसे भोजन कर रहे हैं। जॉर्ज वॉशिंगटन ने जब उनके चेहरे पर आश्चर्य का भाव देखा तो बोले, 'भाइयो, इसमें आश्चर्य की क्या बात है। मैं सभी कार्य वक्त पर करता हूं। इसलिए मेरा रसोइया कभी यह नहीं देखता कि सब के सब निमंत्रित अतिथि आ गए हैं या नहीं। वह तो निर्धारित समय पर भोजन सामने रख दिया करता है।' सदस्यों को अपनी गलती का अहसास हुआ। उन्होंने राष्ट्रपति से क्षमा मांगी। वॉशिंगटन ने उन्हें समझाते हुए कहा, 'जीवन का प्रत्येक क्षण अमूल्य है, इसलिए अपने कार्य समय पर करें ताकि अच्छे परिणामों की प्राप्ति हो।'

## सूडोकु नवताल- 6998

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6997 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई । भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दिन भर उतार-चढ़ाव के बाद बाजार टूटकर बंद हुआ। आज दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और उपभोक्ता उत्पादों एफएमसीजी स्टॉक्स में गिरावट से बाजार नीचे आया । दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 200.66 अंक करीब 0.25 फीसदी नीचे आकर 81,508.46 पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 58. 80 तकरीब .24 फीसदी गिरावट के साथ ही 24619.00 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर का शेयर सबसे अधिक 3 फीसदी से ज्यादा गिरकर बंद हुआ। टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्टेट बैंक के शेयर मुख्य रूप से नीचे आये। वहीं दूसरी ओर एलएंडटीका शेयर 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर आकर बंद हुआ। टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, कोटक बैंक के शेयर गिरावट में रहे। आज बाजार में गिरावट का कारण हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसे एफएमसीजी स्टॉक्स में हुई भारी बिकवाली है। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। इसके अलावा भारत और अमेरिका के सीपीआई डेटा और ईसीबी नीति जैसे प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से भी बाजार नीचे आया। वहीं मध्य पूर्व में जारी तनाव से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। इससे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ इस सप्ताह भारत और अमेरिका के सीपीआई डेटा और ईसीबी नीति जैसे प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इससे पहले आज सुबह सप्ताह के पहले कारोबारी ?दिन बाजार की शुरुआत गिरावट से हुई। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के कमजोर तिमाही बिक्री पूर्वानुमान के कारण एफएमसीजी शेयर फिसल गए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंकों की गिरावट लेकर 81,602.58 अंक पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मामूली गिरावट लेकर 24,633.90 अंक के स्तर पर खुला।

## महंगाई का असर रिलायंस जियो और एयरटेल पर

### - टैरिफ की दरें घटाने पर विचार

नई दिल्ली। रिलायंस जिओ, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने इंटरनेट रिचार्ज की दरें जुलाई माह से बढ़ा दी। इसके बाद से ही उनके उपभोक्ता कम होते चले गए। रेट तो बढ़ गये, लेकिन तीनों टेलीकॉम कंपनियों की कमाई कम हो गई। कुछ उपभोक्ताओं ने तीनों कंपनियों को छोड़कर बीएसएनएल का कनेक्शन ले लिया। उपरोक्त तीनों कंपनियों को तीन माह के अंदर 1.68 करोड़ से अधिक ग्राहकों को खोना पड़ा। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस जिओ को हुआ है। रिलायंस जिओ के 1.27 करोड़ उपभोक्ता घट गए। भारतीय एयरटेल के 56 लाख उपभोक्ता और वोडाफोन के 48 लाख उपभोक्ता कम हो गए। कहां रेट बढ़ा कर ज्यादा कमाई करना थी। उल्टे वह पहले की तुलना में कम हो गई। अब तीनों कंपनियां एक बार फिर से अपने टेरिफ़ पर पुनर्विचार कर रही हैं। उपरोक्त तीनों कंपनियों में इस बात पर विचार हो रहा है। इंटरनेट का प्लान इस तरीके से तैयार करें। जिससे उपभोक्ता की क्रय शक्ति भी बनी रहे। उपभोक्ता भी उसके पास बने रहें। सूत्रों के अनुसार जल्द ही तीनों कंपनियां इंटरनेट टैरिफ को कम कर सकती हैं।

## अदाणी समूह राजस्थान में 7.5 लाख करोड़ का करेगा निवेश

जयपुर। अदाणी समूह ने राजस्थान में 7.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा है कि वह पांच वर्षों के भीतर 50 प्रतिशत निवेश करेगी। यह निवेश विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा जैसे ऊर्जा, हाइड्रोजन और जलविद्युत परियोजनाएं आ ?दि। कंपनी के एक व ?रिष्ठ अ ?धिकारी के अनुसार इस निवेश से राजस्थान में हरित रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी की योजना दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत ऊर्जा परिवेश बनाने की है। यहां हुए राइजिंग राजस्थान शिखर सम्मेलन में अ ?धिकारी ने कहा कि कंपनी ने विभिन्न क्षेत्रों में इस विशाल निवेश की योजना बनाई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अदाणी समूह की दृष्टि में राजस्थान में उद्यमिता और विकास के लिए अच्छी ख़बरें हैं। इस निवेश से समृद्धि की कविता और विकास की कहानी में नया अध्याय शुरू होने का इन्तजार है। आगामी समय में इस निवेश से राजस्थान को एक नया रूप मिलने के उम्मीद है।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया गिरावट पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नरमी के दौरान रुपया शुरुआती कारोबार में सात पैसे की गिरावट के साथ 84.73 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आयातकों और विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने से रुपया कमजोर हुआ है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.70 पर खुला। शुरुआती सौदों में 84.73 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट दिखाता है। इससे पहले रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.66 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 फीसदी की बढ़त के साथ 106.14 पर रहा।

# जांच में दिघोरी के सरपंच-सचिव द्वारा बरती आर्थिक अनियमितता हुई उजागर

## कार्यवाही के लिए सीईओ जिला पंचायत को भेजा गया प्रतिवेदन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लांजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत दिघोरी के सरपंच, सचिव द्वारा आर्थिक अनियमितता बरती जाने की शिकायत ग्राम के पंच सुरेन्द्र मंसुरे, सुभाष उरकुडे, राजहंस मडामे, महेश धारणे के द्वारा 26 नवम्बर 2024 को जनसुनवाई के माध्यम से की गई थी। इस शिकायत पत्र की जाँच हेतु 7 दिसम्बर को जांच अधिकारी व्ही एस बिसेन खण्ड पंचायत अधिकारी, नरेश शिवनकर उपयंत्री, महेन्द्र सिरामे, राजेन्द्र ताण्डेकर पंचायत समन्वयक अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत दिघोरी पहुंचकर शिकायतकर्ता एवं सचिव की उपस्थिति में जांच की गई। शिकायतकर्ता सुभाष उरकुडे द्वारा अपने ब्यान में बताया कि ग्राम पंचायत दिघोरी के सरपंच एवं सचिव द्वारा ग्राम पंचायत प्रतिमाह बैठक नहीं बुलाई जाती। विगत 12 माह से कोई भी बैठक का आयोजन नहीं किया गया है। सरपंच एवं सचिव द्वारा बगैर प्रस्ताव लगभग 750000/- रुपये आहरण कर लिया गया है। ग्राम पंचायत दिघोरी में केवल 1 ही कार्य सी सी सडक निर्माण कार्य कराया गया जिसकी लागत 385000/- रुपये है। सरपंच एवं सचिव शराब के नशे में रहते है। सचिव एवं सरपंच द्वारा जो राशि आहरण की है जांच कर उचित कार्यवाही की जावे । सचिव चुमेन्द्र मरठे ग्राम पंचायत दिघोरी द्वारा बताया गया कि वह सितम्बर 2024 से ग्राम पंचायत दिघोरी में सचिव के अतिरिक्त प्रभार में है तथा मुल पदस्थापना ग्राम पंचायत टेमनी की है। ग्राम पंचायत दिघोरी में एक बार ग्राम पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया परंतु सरपंच शराब के नशे में होने से महिला पंच उठकर चले गये तथा बैठक निरस्त कर दी गई। ग्राम पंचायत दिघोरी सी सी सड़क निर्माण कार्य पूर्व से स्वीकृत था तथा कार्य प्रारंभ करने के लिये सी एम हेल्प लाईन में शिकायत लगने के कारण से कार्य प्रारंभ किया। सी सी सडक निर्माण कार्य के लिये 3 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत भवन संधारण के लिये 44 हजार रूपए स्वच्छता पखवाडा पर 42 हजार रूपए, डी एस बनाने पर 6 हजार रूपए, 15 अगस्त मनाने हेतु 12 हजार 900 रूपये, एस बी एम की राशि शौचालय निर्माण हेतु 2 हितग्राहीयों को 24 हजार रूपए, मुन्नेलाल बनोठे को नल जल संधारण हेतु 29 हजार रूपये का भुगतान किया गया है। ग्राम पंचायत में अभिलेख नही रखा गया है। ग्राम पंचायत भवन जिर्ण शिर्ण होने से अभिलेख स्वयं के घर पर अभिरक्षा में रखे है सरपंच अनुपस्थित रहे । सचिव द्वारा ग्राम पंचायत के कोई भी अभिलेख जांच के लिये प्रस्तुत नही किये गये। ऐसी स्थिति में ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर 2024-25 में 03 जुलाई 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक कुल व्यय 8 लाख 10 हजार 100 रुपये का भुगतान सरपंच सचिव द्वारा किया गया है। पंचायत दर्पण पोर्टल पर 12 नवम्बर 2024 को 21150 रूपए एवं 28 नवम्बर 2024 को 34000 रुपये राशि आहरण की गई है। सी सी सडक निर्माण वार्ड क्रमांक 1 एवं 16 ग्राम दिघोरी में निर्माण कार्य प्रगतिरत है कार्य का अद्वतन मुल्यांकन 371027 रूपए, जिसमें सामग्री की राशि 318223 रूपए व मजदुरी की राशि 52804 रुपये है। ई ग्राम स्वराज पोर्टल से कुल आहरित राशि 810000 रूपए में से केवल सी सी सडक निर्माण कार्य पर 318223 रूपए रुपये का कार्य मुल्यांकन आका गया है अन्तर की राशि 491777 रूपये का आहरण बगैर तकनिकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति के किया गया है तथा आहरण से संबंधित देयक एवं अभिलेख जाँच के दौरान प्रस्तुत नहीं किये गये है। अत 491777 रुपये सरपंच धन्नुलाल घोरमारे सचिव चुमेन्द्र मरठे द्वारा वित्तीय अनियमितता होना पाया गया। जांच अधिकारीयों द्वारा जांच में ग्राम पंचायत की मासिक बैठको का नियमित रूप से आयोजन नहीं किया जाना, ग्राम पंचायत के अभिलेखो का संधारण एवं जॉच दल के समक्ष प्रस्तुत नही किया जाना। ग्राम पंचायत की बैठक में अनुमोदन के बगैर ग्राम पंचायत खाते से राशि का आहरण किया जाना। ग्राम पंचायतो में नियमित रूप से उपस्थित नही होना । ग्राम पंचायत के खाते से 810000 रूपये राशि आहरण की गई है। जबकि ग्राम पंचायत में केवल सी सी सडक निर्माण के कार्य सामग्री पर 318223 रूपये का मुल्यांकन आका गया है। अन्तर की राशि 491777 रूपये की वित्तीय अनियमितता होना पाया गया। उक्त निष्कर्ष के साथ सीईओ जनपद पंचायत लांजी को उचित कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन प्रेषित किया है।

### सीईओ जिला पंचायत को भेजा प्रतिवेदन

उक्त जांच प्रतिवेदन के उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लांजी के द्वारा सीईओ जिला पंचायत एवं कलेक्टर बालाघाट को उचित कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन प्रेषित किया है।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने किसान संगठन द्वारा बंद को दिया समर्थन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। विधानसभा चुनाव के पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य भाजपा के बड़े नेताओं ने तथा अपने घोषणापत्र में भी प्रदेश के किसानों से 3100 रुपए के समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी किए जाने की घोषणा की थी। किंतु विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव भी संपन्न हो चुके हैं एवं एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक बीजेपी सरकार ने किसानों से किया वादा पूरा नहीं किया है। जिसको लेकर बालाघाट जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई जिलों में किसान संगठनों द्वारा सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है एवं धान का समर्थन मुल्य 3100 रुपए देने की मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर किसान संगठन द्वारा आज 10 दिसंबर को जिले के साथ ही लांजी बंद का आव्हान किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में ब्लाक कांग्रेस कमेटी लांजी द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर किसान आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी बहेला के अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के पहले अपने घोषणापत्र में किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए एवं गेंहू का समर्थन मूल्य 2700 रूपए देने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद दूसरी बार धान खरीदी शुरू हो गई है इस बावजूद भी आज सरकार किसानों को समर्थन मूल्य नहीं दें पा रही है। इसी के विरोध किसान गर्जना संगठन द्वारा बालाघाट जिला बंद का आव्हान किया गया है, जिसका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी समर्थन करती है। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, पार्षद सौरभ पशीने, मुकेश रणदिवे, शरद आसटकर, लीलाधर डोलस, अफजल बेग, लिखेंद्र उपराड़े, अनमोल तिड़के, अथर आलम, अशोक आसटकर, राजू मस्करे, संतोष लिल्हारे, पवन कश्यप, रविंद्र धारने व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बोरवेल में तोड़फोड़, वायर काटने एवं सामग्री चोरी करने की हो रही घटनाओं से किसानों में आक्रोश

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम बोलेगांव, बेनेगांव में इन दिनों किसानों के खेत में बने बोरवेल में तोड़फोड़ कर इलैक्ट्रोनिक सामानों को क्षति पहुंचाई जा रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में भुनेश्वर पंचमलाल बापुरे निवासी ग्राम बोलेगांव ने बताया कि पिछले पन्द्रह दिनों के दौरान ग्राम बोलेगांव एवं बेनेगांव के मध्य में स्थित बोरवेल कुआं के इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों को असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक किसान को लगभग पच्चीस हजार रुपये तक की नुकसानी का सामना करना पड़ रहा है। ये उपद्रवी तत्व सिर्फ सामानों को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा रहे है तथा चोरी के नाम पर केबल तार और ऑटो चुराकर ले जाते है। इससे किसानों को भारी क्षति का सामना करना पड़ रहा है, जिससे किसान काफी परेशान है। किसानों ने जानकारी में बताया कि क्षेत्र में अब तक लगभग 35 किसानों के खेत में लगे बोरवेल में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया है। जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक भुनेश्वर पंचामलाल बापुरे, रोशन पंचमलाल बापुरे, हेमराज गणेश बापुरे, सुनील भुनेश्वर बापुरे, तुलसीराम आमदारे, जोहरू, कुंजीलाल, धनीराम बूढ़ावने, सोहनलाल बापुरे, मेहतर धामने, अनिल धामने, सुनील धामने, दौलत भैंसवारे, जेठूराम, प्रेम बुढ़ावने, राजू भटेरे के बोरवेल में तोड़फोड़ कर नुकसानी पहुंचाई गई है। किसानों ने इस संबंध में पुलिस थाना लांजी में आवेदन देकर अज्ञात तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# ऐरिकेशन रोड पर फैला अतिक्रमण, वार्डवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड क्रमांक 12 ऐरिकेशन आफिस रोड़ व दखनीटोला रोड़ पर लोगों के द्वारा फैलाया गया अतिक्रमण आम लोगों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ है, एवं आए दिन दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। जिसके चलते वार्डवासियों एवं ग्रामीणजनों ने 9 दिसम्बर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पहुंचकर एसडीएम लांजी को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने ज्ञापन




के माध्यम से बताया कि लांजी नगर के वार्ड क्रमांक 12 से ग्राम दखनीटोला बिसोनी जाने वाला ऐरीकेशन रोड़ पर वार्ड क्रमांक 12 एवं ग्राम दखनीटोला, दुल्लापुर के निवासी आवागमन करते है। उक्त मार्ग की चौडाई लगभग 10 फीट की है, जिसमें कुछ वार्डवासीयों एवं दुकानदारों के द्वारा मार्ग पर भवन निर्माण सामग्री एवं चौपहिया वाहन खड़े रखकर आधी रोड़ पर अतिक्रमण कर के रखा जाता है। जिसके कारण आये दिन रोड़ पर जाम लग जाता है। इस मार्ग पर चौपहिया वाहन आने जाने पर स्थिति और भी बिगड़ जाती है एवं लोगों को वहां से निकलने में इंतजार करना पड़ता है। उक्त मार्ग पर कुछ ग्रामीणों के द्वारा रोड़ पर अनावश्यक गति अवरोधक का भी निर्माण किया जा चुका है, जिसके कारण बार बार गाड़ीयों को रोकना पड़ता है जिसके कारण दुर्घटना की संभवना बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने वार्ड क्रमांक 12 चित्रा क्लिनीक से दखनीटोला मार्ग पर स्थित भवन निर्माण मटेरियल, अनावश्यक ब्रेकर एवं रोड़ का अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान उमेश रामटेककर, राज इटोरिया, राजु दुबे, राजिक खान, सुभाष आसटकर, रमेश मेश्राम आदि उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय गांधीराम घोरमारे मरणोपरांत कंगला मांझी शौर्य सम्मान से सम्मानित

लांजी (पद्मेश न्यूज)। 5 दिसंबर 2024 को छत्तीसगढ़ जिला बालोद तहसील डौंडी लोहारा ग्राम बघमार में हीरा सिंह देव कांगे उर्फ कंगला मांझी की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमे स्वर्गीय गांधीराम घोरमारे को मरणोपरांत संस्था द्वारा कंगला मांझी शौर्य सम्मान से सम्मानित किया गया है। गांधीराम घोरमारे कंगला मांझी जी के साथ लगभग पचास वर्ष तक सामाजिक कार्य किये एवं आदिवासी समाज को जागृत करने का भी कार्य किये।वे संस्था में 1966 से जुड़े और सन 2018 तक संस्था में कार्य किया उनकी मृत्यु 17 जनवरी 2018 को हुई। इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा और संस्था सेवा में लगा दिया इन्हीं सेवा कार्यों के कारण श्री मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था नई दिल्ली द्वारा शौर्य सम्मान से सम्मानित किया गया। इस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती फुलवा देवी कांगे के द्वारा यह सम्मान दिया गया । साथ में संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के डी कांगे भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा गांधीराम घोरमारे के जीवन के बारे में उपस्थित सभी सैनिकों को अवगत कराया एवं उनके जैसा कर्तव्य निष्ठ एवं कार्य सील होने की प्रेरणा दी। जिस प्रकार उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन संस्था के लिए समर्पित कर दिया एवं समाज सेवा किया। ऐसी अपेक्षा वर्तमान सैनिकों से भी की। इन्होंने कंगला मांझी के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। यह सम्मान उनके सुपुत्र समारु लाल घोरमारे एवं परिवार को दिया गया। शौर्य सम्मान में एक स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति-पत्र दिया गया इस सम्मान को पाने के बाद समारु लाल घोरमारे ने संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष को एवं संस्था को धन्यवाद प्रेषित किया तथा सभी सैनिकों को अपने पिताजी के राह पर चलने की प्रेरणा दिया तथा सभी सैनिकों का भी धन्यवाद प्रेषित किया जिन सैनिकों ने उनके पिताजी के साथ कार्य किया उनको भी हृदय से धन्यवाद दिया साथ ही संस्था में जुड़े रहने के साथ-साथ सामाजिक कार्य करने की भी जिज्ञासा प्रस्तुत की। वर्तमान में वे तहसील शाखा साडरा के सचिव है। तहसील अध्यक्ष होमेश्वर घोरमारे एवं तहसील कार्यालय के समस्त सैनिक गण ने भी संस्था को धन्यवाद दिया।





# 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट दिनेशचंद्र थपलियाल व जिला न्यायाधीश / सचिव सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय बालाघाट एवं व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड, लांजी में 14 दिसम्बर 2024 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, दिवानी मामले, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, सिविल, विद्युत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अन्तर्गत चेक बाउन्स प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण श्रम प्रकरण, राजस्व मामले के प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन के अंतर्गत बैंक, विद्युत, नगरपालिका के वसूली प्रकरणों व चेक बाउन्स प्रीलिटिगेशन प्रकरण आदि का आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जावेगा। तहसील विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय लांजी द्वारा अपील की जाती है कि आप अपने किसी न्यायालयीन प्रकरण या जलकर, सम्पत्तिकर, विद्युत बिल, बैंक रिकवरी संबंधी प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते है, तो वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपसी सुलह द्वारा 14 दिसम्बर 2024 को जिला न्यायालय/तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाये। अधिक जानकारी के लिये जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर या म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के टोल फ्री नंबर 15100 पर नि:शुल्क कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# सरसों की 40 दिनों बाद पहली सिंचाई आवश्यक सरसों फसल के रोग प्रबंधन के लिए कृषि विभाग ने जारी की एडवायजरी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कृषि उपसंचालक राजेश खोबरागढ़े ने जिले के समस्त किसानों से सिंचाई से संबंधित विशेष परामर्श साझा किए है। जिसमे उन्होंने समस्त किसान भाईयों को सलाह दी है कि वे सरसों में बिजाई के 35-40 दिन बाद पहली सिचाई करें तथा सिचाई के साथ बची हुई यूरिया की आधी मात्रा मात्रा 35 किलोग्राम अवश्य डालें। सिंचाई करते समय ध्यान रखे की हल्की सिंचाई ही करे व खेत में पानी खड़ा न होने दें। ज्यादा पानी लगाने से तथा पानी का ठहराव ज्यादा समय तक होने से मिटी में पैदा होने वाली फफूंद रोगों के फैलने की समस्या को बढ़ावा देता है।

### रोग प्रबंधन के बारे में भी दी सलाह

कृषि उपसंचालक श्री खोबरागढ़े ने रोग प्रबंधन से अवगत कराते हुए बताया है कि तना गलन रोग की रोकथाम के लिए बिजाई के 45-50 दिन बाद कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत की दर से पहला छिड़काव करे। गलन की रोकथाम के लिए दो छिड़काव करने आवश्यक है। दूसरा छिड़काव 65-70 दिन के बाद कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत की दर से करें। साथ ही अपने खेतों में निरंतर निगरानी बनाये रखे। उन्होंने बताया है कि तापमान में लगाकार गिरावट होने से सरसों में सफेद रतुआ बीमारी के आने की संभावना बनी हुई है। इसके लक्षण खेत में दिखाई दे तो किसान 600-800 ग्राम मैंकोजेब (डाइथेन एम-45) को 250 से 300 लीटर पानी में मिला कर छिड़काव करें व 15 दिन के अंतर पर 2-3 बार छिड़काव करें। साथ ही मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही फफूंदीनाशक का प्रयोग करें।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चावल की दो बोरी सैलून पार्लर से जब्त

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी तहसील के मेंहँदीवाड़ा स्थित परमात्मा एक सैलून एवं जेंट्स पार्लर को रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि को संदिग्ध स्थिति में सैलून की एक दुकान को पंचनामा बनाकर सीलबंद किया गया। सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार ने बताया कि सूचना प्राप्ति के बाद कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार खाद्य और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मध्य रात्रि को मौके स्थल मेहँदीवाड़ा पहुँचे। रात में दुकान को पंचनामा बनाकर सीलबंद किया गया। इसके पश्चात सोमवार को मौके पर दुकान संचालक महावीर सूर्यवंशी उर्फ (छोटू) की दुकान पहुँच मामले की जांच की गई। जिसमे पाया गया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की चावल की दो सील पैक बोरिया दुकान में ही मौजूद है। इस पर दुकान संचालक द्वारा बताया गया कि उक्त चावल की बोरिया उनके द्वारा ट्रकों से ली गई है। जिसकी पुष्टि निर्धारित नही हो पाई। जिस पर पंचनामा दर्ज करते हुए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा मौके पर 50 किलो चावल (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) की दो कट्टीया जब्त कर शाखा प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी नवीन बिसेन की सुपुर्दगी में दिया गया। वहीं दुकान सील कर आगामी कार्यवाही के लिए प्रकरण निर्धारित किया गया। पंचनामा दर्ज करने के दौरान मौके पर जगदीश राधेलाल खंडेलकर, अखिलेश शेंडे, रघुवीर, अस्पाक खान, अजित मिश्रा उपस्थित रहे।



# हम होंगे कामयाब में सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा पर निकला विभाग

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यकारी अधिकारी श्रीमति दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम और जेंडर संवेदीकरण के लिए निरंतर संवाद किया जा रहा है। सोमवार को रेल्वे विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं महिला एवं बाल विकास के समन्वय से महिलाओं के लिए सुरक्षित सार्वजनिक स्थल को बनाने एवं आपातकालीन स्थिति में हिंसा पीड़ित महिला एवं बच्चियों को आपातकालीन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन 1930, वन स्टॉप सेण्टर 6262240299, पुलिस हेल्प लाइन 100, आपातकालीन हेल्प लाइन 112 के रोकथाम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे रेल्वे स्टेशन, बसस्टैंड में ऑटो ड्राईवर, बस ड्राईवर, कंडेक्टर एवं परिवहन कर्मचारियों, यात्रीगण से चर्चा कर महिला एवं बच्चो पर होने वाली हिंसा की रोकथाम एवं आपातकालीन फोन न. के बारे में बताकर जागरूकता फैलाई गई। साथ ही आपातकालीन नंबर स्टीकर बस, ऑटो, यात्री प्रतीक्षालय एवं रेल्वे स्टेशन में चस्पा कर आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर बोर्ड लगाये गए।



# पात्र-हितग्राहियों को शिविर में ही किया जायेगा लाभान्वित - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 11 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक और लक्ष्य आधारित 45 योजनाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। इन योजनाओं के लाभ से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें हितलाभ दिया जायेगा। इसके लिए प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकाय के सभी वार्डों में शिविर लगाये जायेंगे। चयनित पात्र हितग्राहियों को शिविर में ही हितलाभ वितरण किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये हैं कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले शिविर के लिए शिविर प्रभारी और सहयोगी दल का गठन करें। शिविरों की आयोजन तिथि, स्थान और समय निर्धारण कर उसका प्रचार-प्रसार भी किया जाये, जिससे अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम/मुख्य नगर पालिका अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। शिविरों के आयोजनों की कार्य योजना जिले के प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन में तैयार की जाकर कलेक्टर द्वारा निर्धारित रोस्टर अनुसार क्रियान्वित की जायेगी। इन हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़ा जायेगा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में जिन 45 हितग्राही मूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़ा जायेगा, उसमें दिव्यांग छात्रवृत्ति, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, छः वर्ष से अधिक आयु के बहुविकलांग और मानसिक रूप से अविकसित निःशक्तजन के लिए सहायता अनुदान योजना, निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मध्यप्रदेश निःशक्त छात्र/छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा में दी जाने वाली फीस, निर्वाह भत्ता, परिवहन भत्ता योजना, शत-प्रतिशत श्रवण एवं दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए आवास सहायता योजना, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, निर्माण श्रमिकों का पंजीयन (भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल), म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत भवन संनिर्माण श्रमिकों का पंजीयन, प्रसूति सहायता योजना का लाभ प्रदान करना, विवाह सहायता योजना का लाभ प्रदान करना, मृत्यु की दशा में अनुग्रह सहायता योजना का लाभ प्रदान करना, निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में स्थायी अपंगता होने पर सहायता प्रदान करना, निर्माण स्थल पर कार्य के दौरान अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एवं अनुग्रह राशि योजना-2014 और राज्य लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पर पुरस्कार योजना शामिल है।



इसी प्रकार लक्ष्य आधारित योजनों में पीएम स्वनिधि, राष्ट्रीय पशुधन मिशन (उद्यमिता विकास), किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन), किसान क्रेडिट कार्ड (कमर्शियल बैंकों के माध्यम से), किसान क्रेडिट कार्ड (सहकारी बैंकों के माध्यम से), किसान क्रेडिट कार्ड जारी करना, मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर डॉप मोर क्रॉप अंतर्गत माइक्रो इरीगेशन एवं अंडर इण्टरवेंशन और खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों के लिए विशिष्ट वित्तीय सहायताएँ एवं व्यावसायिक उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती को प्रोत्साहन योजना शामिल है। जन कल्याण अभियान में आमजन से जुड़ी 63 शासकीय सेवाओं से संबंधित आवेदकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जायेगा। इन सेवाओं में चालू खसरा/खतौनी की प्रतिलिपियों का प्रदाय, चालू नक्शा की प्रतिलिपियों का प्रदाय, अविवादित नामांतरण करना, अविवादित बंटवारा करना, नक्शा शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत कार्रवाई, सीमांकन प्रकरणों का निराकरण, कानूनी बाध्यता के कारण स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र जारी करना, कानूनी बाध्यता के कारण आय प्रमाण-पत्र प्रदाय करना, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करना, अन्य पिछड़े वर्ग के लिए जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करना, विमुक्त, घुम्मकड़ एवं अर्द्ध घुम्मकड़ जाति के लिए जाति प्रमाण-पत्र प्रदाय करना आदि।

# लामता रेल्वे स्टेशन में प्लेटफॉर्म बढ़ाने का कार्य शीघ्र किया जावे - रामकुमार असाटी

## रेल यात्री एवं क्षेत्रीय विकास समिति लामता द्वारा स्टेशन मास्टर को सौंपा गया ज्ञापन

लामता (पद्मेश न्यूज)। आज दिनांक को लामता के रेल यात्री एवं क्षेत्रीय विकास समिति के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ ग्रामीण जनों ने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर नागपुर के वरिष्ठ रेल अधिकारी के नाम का ज्ञापन लामता स्टेशन मास्टर को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से रेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को ध्यानाकर्षण कराया गया है कि लामता रेल्वे स्टेशन में रीवा इतवारी एक्सप्रेस में 22 से 26 बोगी होते है जिसमें जनरल बोगी प्लेटफार्म से बाहर खड़ा होता है, जो कि लामता रेल्वे स्टेशन का वर्तमान प्लेट्फॉर्म एक्सप्रेस ट्रेन के लिए बहुत ही छोटा है, जब से लामता में रीवा इतवारी एक्सप्रेस का स्टॉपेज हुआ है, और यह एक्सप्रेस रात्रि में चलता है और रीवा इतवारी एक्सप्रेस में जनरल बोगी सामने ओर पीछे रहता है और सामने का बोगी प्लेटफार्म के आगे पुल में और पीछे का जनरल बोगी प्लेटफार्म से बाहर खड़ा होता है जो प्लेटफॉर्म से बाहर खड़ा होता है, जिससे सफर करने वाले यात्रियों को उतरते चढ़ते समय कोई अप्रिय घटना घट सकती है इसलिए रेल प्रशासन को अतिशीघ्र प्लेटफार्म बढ़ाने की जरूरत है जिसके लिए पूर्व में ब्राड गेज संघर्ष समिति द्वारा पत्राचार के माध्यम से रेल प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। दूसरा मांग है कि जबलपुर चांदा फोर्ट एक्सप्रेस का स्टॉपेज को लेकर है वहीं तीसरी मांग है कि लामता स्टेशन में रिजर्वेशन काउंटर अतिशीघ्र प्रारंभ किया जावे और प्लेटफॉर्म के सामने बने ब्रिज में फेंसिंग लगाया जावे। रेल यात्री एवं क्षेत्रीय विकास समिति के जनरल सेकेट्री रामकुमार असाटी जी ने बताया कि रेल प्रशासन को पूर्व में हमारे द्वारा ज्ञापन के माध्यम से प्लेटफॉर्म को बढ़ाने के लिए पत्राचार किया जा चुका है, अगर प्लेटफार्म नहीं बढ़ाया जाता है तो रीवा इतवारी में सफर करने वाले यात्रियों के साथ कोई अप्रिय घटना घट सकती है इसलिए रेल प्रशासन शीघ्र ही प्लेटफार्म रीवा इतवारी एक्सप्रेस के बोगी के हिसाब से बना दिया जावे।



**जनरल सेकेट्री**
**रामकुमार असाटी**
रेल यात्री एवं क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष व लामता सरपंच के द्वारा बताया गया कि पूर्व में प्लेटफॉर्म बढ़ाने के लिए रेल प्रशासन को अवगत करा दिया गया था, रीवा इतवारी एक्सप्रेस का जनरल बोगी सामने पुल में खड़ा होता है और पीछे का बोगी प्लेटफार्म से बाहर अंधेरे में खड़ा होता है, यह एक्सप्रेस रात्रि में चलने से कोई अप्रिय घटना न घटने से पहले ही प्लेटफार्म बढ़ाने का कार्य रेल प्रशासन द्वारा पूरा कर देना चाहिए

**अध्यक्ष**
**रेल यात्री एवं क्षेत्रीय विकास समिति**
**लामता**

# रात्रि में घर का रास्ता भटकी 50 वर्षीय महिला को डायल-112 ने परिजन से मिलाया

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कोतवाली क्षेत्र में भटेरा गाँव में8 दिसम्बर की शाम एक महिला भटकते हुये देखी गई ।जो घर का रास्ता भटक गयी थी जिसे पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 08 दिसम्बर को शाम 06:19 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कंट्रोल रूम बालाघाट डायल 100 ऑपरेटर महिला प्रधान आरक्षक अर्चना पारधी ने कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना ।की थी। डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक पोतन लाल चौधरी, पायलेट रोहित केकतीकर ने मौके पर पहुँचकर महिला को संरक्षण में लेकर महिला से पूछताछ की।महिला द्वारा बताया कि वह छत्तीसगढ़ से बालघाट अपने बेटे के यहाँ आयी है। इसके अलावा महिला और कोई जानकारी नहीं दे पा रही थी। डायल 112 स्टाफ द्वारा थाने से संपर्क कर महिला के गुम होने की जानकारी प्राप्त की गयी। थाने से एफआरव्ही स्टाफ को जानकारी प्राप्त हुई की उक्त महिला के परिजन ने थाना आकर महिला के गुम होने कि सूचना दी थी। डायल 112 का स्टाफ महिला को अपने साथ लेकर थाना पहुँचे एवं महिला के बेटे को थाना बुला कर सत्यापन उपरांत रूकमणी गौरे को उनके बेटे महेंद्र गौरे के सुपुर्द किये। महेंद्र गौरे द्वारा डायल 112 सेवा एवं पुलिस स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया है।



# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामटा का सरपंच लामता और स्वास्थ समिति द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

लामता (पद्मेश न्यूज)। दिसम्बर सोमवार को सुबह 11 बजे हुलासमल कोचर सरपंच लामता एवं स्वास्थ्य समिति के सदस्यों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामता का औचक निरीक्षण किया गया, स्वास्थ केंद्र पहुंच कर बीएमओ थालेश गोपाले से मिलकर स्वास्थ्य केंद्र सभी स्टॉप से चर्चा किया गया,ओपीडी कक्ष, डिलेवरी कक्ष,एवं सभी वार्डो का निरक्षण कर मरीजों से चर्चा की गई, बीएमओ गोपाले ने बताया कि लामता अस्पताल में अब डिजिटल एक्सरे मशीन लग गई बहुत जल्द ही लामता क्षेत्रवासियों को इस सुविधा का लाभ मिल पाएगा, जिससे मरीजों को अब बालाघाट नहीं जाना पड़ेगा,,इस निरीक्षण में हुलासमल कोचर सरपंच लामता,रामकुमार असाटी,गणेश असाटी , शैलेंद्र कसार,सुशील कोचर, अनमोल चौरसिया, शत्रु ठाकरे, शतानंद द्विवेदी,नरेश घुले, डी एल हरेंद्रवार, प्रहलाद पारधी, विक्रम ठाकुर, शत्रुघन असाटी, सुनील पाठक, जतिन निषाद,एवं ग्रामवासी शामिल थे।




# ग्राम पंचायत सकरी में सरपंच पद का उपचुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ

लामता (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जनपद पंचायत के अंतर्गत सकरी ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए उपचुनाव किया जाना था जो आज दिनांक को शांतिप्रद मतदान सम्पन्न किया गया। ग्राम पंचायत सकरी में कुल मतदाता 1421 जिसमें से 1021 मतदाताओं ने मतदान किया, सकरी पंचायत के सरपंच पद के उपचुनाव में 3मतदान केंद्र बनाया गया था ,जिसमें सकरी मतदान केंद्र में 335 मतदाताओं ने मत किया, देवसर्रा मतदान केंद्र में 453 मतदाताओं ने मतदान किया ,उसी प्रकार तिनग?ी मतदान केंद्र में 240 मतदाताओं ने मतदान किया, कुल मिलाकर तीनों मतदान केंद्रों का कुल मतदान 72त्न रहा। सकरी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच मदन सिरसाम की मृत्यु लंबी बीमारी के चलते हो चुका था और 6 माह से सकरी पंचायत प्रभारी सरपंच के द्वारा संचालित था जिसका उप चुनाव आज सम्पन्न कराया गया ,इस उप चुनाव में दो प्रत्यासी चुनाव मैदान में खड़े थे और आज ग्राम पंचायत सकरी के मतदाता अपने मतदान करके ई वी एम मशीन में कैद कर दिए है अब देखना है कि किसके सर में सरपंच का ताज होता है यह 13 दिसंबर को पता चलेगा। सकरी ग्राम पंचायत का उपचुनाव पुलिस बल के निगरानी एवं लामता तहसीलदार कृष्णा नायक के संरक्षण में सम्पन्न कराया गया।



# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 10 और 11 दिसम्बर को सीहोर जिले की बुधनी और नरसिंहपुर प्रवास पर रहेंगे

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 10 एवं 11 दिसम्बर को सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा और नरसिंहपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री पटवारी अपने निर्धारित प्रवास कार्यक्रम अनुसार 10 दिसम्बर को सुबह 8 बजे भोपाल से प्रस्थान कर सुबह 10 बजे बुधनी के ग्राम छापरी में ग्राम के राजेश जाट के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने जायेंगे। तत्पष्चात वे सुबह 10.30 बजे भेरूंदा के सुदामा पैलेस गार्डन में भेरूंदा, लाडकुई, गोपालपुर ब्लाक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आभार कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री पटवारी उसी दिन दोपहर 12.30 बजे रेहटी, बुधनी, शाहगंज और बकतरा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक एवं ग्रामीणजनों से मुलाकात करेंगे। वे बकतरा से प्रस्थान कर रात्रि 8.30 बजे नरसिंहपुर पहुंचेंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे। श्री पटवारी दूसरे दिन 11 दिसम्बर को सुबह 9 बजे झोतेष्वर मंदिर श्रीधाम में ब्रह्मलीन जगतगुरू शंकराचार्य की समाधि मंदिर का लोकार्पण एवं भव्य मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री पटवारी दोपहर 1.30 बजे राजमार्ग पहुंचेंगे जहां कांग्रेस नेता संजय शर्मा के यहां दोपहर भोज एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। तत्पष्चात वे अपरान्ह 3 बजे राजमार्ग से प्रस्थान कर सायं 7 बजे भोपाल पहुंचेंगे।



# 13 को मोहन सरकार का 1 साल पूर्ण

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 1 साल का कार्यकाल 13 दिसंबर को पूर्ण होने जा रहा है। इस अवसर पर सरकार ने 1 साल का कार्यकाल जनकल्याण पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम 11 दिसंबर से शुरू हो जाएगा।

नगरीय निकायों और पंचायत स्तर तक शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 1 वर्ष पूर्ण होने पर जन कल्याण पर्व के रूप में मनाने का निर्देश मंत्रिमंडल और प्रशासकीय अधिकारियों को दिए हैं। जनकल्याण पर्व पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, जगदीश देवड़ा, सभी मंत्री, सांसद, विधायक जनकल्याण पर्व पर पिछले 1 साल में किए गए कार्यों की जानकारी जनसंख्या तक पहुंचाएंगे।

जन कल्याण अभियान का रोड मेप

11 दिसंबर से 26 जनवरी तक जन कल्याण पर्व अभियान के रूप में चलाया जाएगा। प्रभारी मंत्रियों के निर्देश पर हितग्राहियों को लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर नर्मदापुरम, पचमढ़ी, जबलपुर, अलीराजपुर, सहित अन्य जिलों में करोड़ों रुपए के विकास कार्य का भूमि पूजन और लोकार्पण होगा। राजस्व महा अभियान 3.0 अब 26 जनवरी तक संचालित किया जाएगा। इसी बीच पोलियो अभियान को भी संचालित करते हुए 38 लाख बच्चों को पोलियो का ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

# किसानों ने रैली निकालकर किया सरकार का विरोध

उकवा (पद्मेश न्यूज)।प्रदेश के सबसे बड़े धान उत्पादक बालाघाट जिले में सरकार से समर्थन मूल्य की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन उग्र होता जा रहा है सोमवार को किसानों ने उकवा बंद कराया और सड़क पर रैली निकाली और सभी किसानों ने जमकर सरकार का विरोध किया 9 दिसंबर को उकवा क्षेत्र के किसानों ने सरकार के वादे अनुरूप समर्थन मूल्य 3100 रुपए नहीं दिए जाने का विरोध करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा उकवा के सभी सदस्यों ने नायब तहसीलदार तेजलाल धुर्वे को ज्ञापन सौंपा। किसान दोपहर 12.30 बजे सड़कों पर निकले और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया ।संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य ने कहा कि भाजपा ने सरकार तो बना ली लेकिन वह किसानों को भूल गई भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र संकल्प पत्र और मोदी गारंटी के नाम से किसानों को धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रूपए देने का वादा किया था सरकार के इस वादे को याद दिलाने उकवा क्षेत्र के किसानों ने सोमवार को उकवा बंद किया जिससे किसान आक्रोशित हैं और वह आंदोलन की राह में है। उकवा बंद के दौरान व्यापारियों ने किसानों का पूर्ण समर्थन किया और अपनी अपनी दुकानें बंद रखी।किसानों के उकवा बंद को देखते हुए प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड़ पर है और जगह-जगह पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर जवानों को तैनात रखा था।



# महिला सुरक्षा शाखा द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन आज

भोपाल। मध्यप्रदेश शासन द्वारा हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान के अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन के लिए एक विशेष मैराथन दौड़ का आयोजन मानव अधिकार दिवस के अवसर 10 दिसंबर 2024 महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय द्वारा किया जा रहा है। इस दौड़ का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे न्यू रविन्द्र भवन के सामने स्थित ग्राउंड से महापौर, नगर निगम भोपाल श्रीमती मालती राय तथा समापन दोपहर 12:30 बजे बोट क्लब पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा करेंगे। यह मैराथन दौड़ सुबह 9:00 बजे न्यू रविन्द्र भवन के सामने स्थित ग्राउंड से प्रारंभ होकर बोट क्लब पर प्रातः 11:00 बजे समाप्त होगी।

## अपनी पारी में आठ छक्के और सात चौके लगाए शेरफेन ने

# रदरफोर्ड का तूफानी शतक, वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया



**बासेटेरे (सेंट किट्स एवं नेविस)।** शेरफेन रदरफोर्ड की 80 गेंदों में 113 रन की तूफानी पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट से हराया। रदरफोर्ड ने 47वें ओवर में सौम्य सरकार की गेंद पर नाहिद राणा को कैच थमाने से पहले अपनी पारी में आठ छक्के और सात चौके लगाए।

वेस्टइंडीज ने उनकी इस पारी की मदद से 295 रन का लक्ष्य 47.4 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर दिया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 294 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। उसकी तरफ से कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 101 गेंदों में 74 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज तनजीद हसन ने 60 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और छह चौके शामिल हैं। महमुदुल्लाह ने 44 गेंदों में नाबाद 50 रन और जाकर अली ने 40 गेंदों में 48 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से रोमारियो शेफर्ड ने 51 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज का स्कोर 23 ओवर के बाद तीन विकेट पर 100 रन था। कप्तान शाई होप जब 88 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 86 रन बनाकर मेहदी की गेंद पर आउट हुए तो वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 193 रन हो गया। इसके बाद रदरफोर्ड और जस्टिन ग्रीव्स (31 गेंद पर नाबाद 41) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

## श्रीलंका-द. अफ्रीका दूसरा टेस्ट रोमांचक मोड़ पर: टारगेट से 143 रन दूर श्रीलंका

**केबेरा।** साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट रोमांचक मोड़ पर आ चुका है। पांचवें दिन श्रीलंका को 143 रन की जरूरत है, जबकि साउथ अफ्रीका को 5 विकेट चाहिए। केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम की पिच पूरी तरह बिखरी नहीं है। इसलिए दोनों ही टीमों के पास जीतने का बराबर मौका है। चौथे दिन स्टंप्स तक श्रीलंका ने 5 विकेट पर 205 रन बना लिए। टीम को 348 रन का टारगेट मिला है। साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 358 और दूसरी पारी में 317 रन बनाए। वहीं श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 328 रन बनाए थे।



## आकाश दीप को मिल सकता है बचे हुए मैचों में अवसर

एडीलेड । युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर क्रिकेट सीरीज के बचे हुए मुकाबलों में खेलने का अवसर मिल सकता है। आकाश दीप ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के बाद से ही प्रभावित किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती दो मैचों में उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल पायी है। आकाश दीप ने अपने टेस्ट करियर में कुल 10 विकेट लिए हैं, जिसमें से 8 बार उन्होंने बाएं हाथ के बल्लेबाजों का शिकार किया है। ऐसे में वह ट्रेविस हेड सहित बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बन सकते हैं। पिछले कुछ समय से हेड भारतीय टीम की हार के लिए जिम्मेदार रहे हैं फिर चाहते वह गत वर्ष हुए एक दिवसीय विश्वकप को लें या पिछल साल हुआ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल। इन दोनो में ही हेड ने बड़ी पारियां खेलकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। इसके बाद भी भारतीय टीम अभी तक हेड के खिलाफ प्रभावी रणनीति नहीं बना पायी है। ऐसे में अगर अकाश दीप मैदान पर उतरते हैं तो मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर से काम का बोझ भी कम होगा।



रदरफोर्ड के शतक से वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले एकदिवसीय में हराया

जमैका (ईएमएस)। शेरफेन रदरफोर्ड के शानदार शतक 113 रनों से वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में 5 विकेट से हरा दिया। वेस्टइंडीज ने इस मैच में जीत के लिए मिले 295 रनों का लक्ष्य 48 ओवरों में ही हासिल कर लिया। इसके साथ ही मेजबान टीम को पिछले 11 मैचों के बाद पहली जीत मिली है।

इस मैच में बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार केवल 19 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद रोमारियो शेफर्ड ने लिटन दास को भी 2 रनों पर ही पेवेलियन भेज दिया। सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने इस बीच अर्धशतक लगाकर पारी को संभालने का प्रयास किया। वह 60 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वहीं कप्तान मिराज ने भी 50 रन बनाये। महमुदुल्लाह ने अंत में तेजी से 48 रन बनाकर अपनी टीम को 294 रनों तक पहुंचाया।

इसके बाद रदरफोर्ड ने जवाब में एक शतकीय पारी खेली। उनका कप्तान शाई होप ने भी साथ दिया। रदरफोर्ड ने 7 चौके और 6 छक्के लगाकर अपना शतक पूरा किया। वहीं होप ने 86 रन बनाये।

रदरफोर्ड ने शतक के साथ ही वेस्टइंडीज को लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दिलाई। इसी के साथ ही वह बांग्लादेश के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए शतक लगाने वाले वेस्टइंडीज के चौथे बल्लेबाज बने। इससे पहले कप्तान शाई होप (146 नाबाद), मार्लन सैमुअल्स (126) और क्रिस गेल (104 नाबाद) ने शतक लगाये थे।

## एडिलेड टेस्ट में हुए विवाद को लेकर सिराज और हेड पर जुर्माना लगा सकता है आईसीसी

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड पर एडीलेट टेस्ट में बहसबाजी के लिए जुर्माना लगा सकती है। एक रिपोर्ट के अनसुार इन दोनो पर ही आचारसंसहिता उल्लंघन का आरोप है पर इस मामले में इंनके निलंबन की संभावना नहीं है। दोनों खिलाड़ियों को आईसीसी द्वारा दोषी पाया गया और ऐसे में इस मामले में अब इन्हें क्या सजा मिलती है ये देखना होगा। वहीं इस घटना को लेकर हेड ने कहा, शायद यह थोड़ा आगे बढ़ गया, इसलिए मैं अपनी प्रतिक्रिया से निराश हूं, लेकिन मैं अपने लिए भी खड़ा होने जा रहा हूं। हमारी टीम में ऐसा सोचना पसंद है, हम ऐसा नहीं करेंगे। वह तरीका नहीं है जिस तरह से मैं खेल खेलना चाहता हूं और मुझे लगता है कि मेरे साथी भी ऐसे ही हैं। अगर मैं ऐसा देखता हूं, तो शायद मैं इसकी निंदा करता हूं, जो मैंने किया। वहीं सिराज ने कहा, जब आप एक अच्छी गेंद पर छक्का खाते हैं, तो यह आपको अलग तरह से परेशान करता है।

## आकाश दीप को मिल सकता है बचे हुए मैचों में अवसर

एडीलेड। युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर क्रिकेट सीरीज के बचे हुए मुकाबलों में खेलने का अवसर मिल सकता है। आकाश दीप ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के बाद से ही प्रभावित किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती दो मैचों में उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल पायी है। आकाश दीप ने अपने टेस्ट करियर में कुल 10 विकेट लिए हैं, जिसमें से 8 बार उन्होंने बाएं हाथ के बल्लेबाजों का शिकार किया है। ऐसे में वह ट्रेविस हेड सहित बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बन सकते हैं। पिछले कुछ समय से हेड भारतीय टीम की हार के लिए जिम्मेदार रहे हैं फिर चाहते वह गत वर्ष हुए एक दिवसीय विश्वकप को लें या पिछल साल हुआ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल। इन दोनो में ही हेड ने बड़ी पारियां खेलकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी।

## दूसरे टेस्ट में हार के बाद गंभीर और अगरकर के फैसलों पर उठे सवाल

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट में करारी हार के बाद से ही टीम के कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर निशाने पर आग गये हैं। गंभीर और अगरकर पर सवाल अनुभवी खिलाड़ियों की जगह हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी को वरीयता देने को लेकर लगे हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन के समय भी कहा गया था कि आईपीएल में गंभीर की टीम कोलकाता नाइटराइहडर्स (केकेआर) से राणा और नीतीश खेलते थे।

गंभीर भारतीय टीम के कोच बनने से पहले इसी टीम के मेंटर थे। गंभीर को राणा को फेवर करने की बातें भी उठ रही हैं।

नीतीश और राणा को पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में शामिल किया गया था। दोनों ने ही अपने खेल से प्रभावित किया। इसी कारण एडिलेड में भी उन्हें शामिल किया गया था। एडिलेड में भी नीतीश का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा पर राणा असफल रहे। ऐसे में ये कहा जाने गया कि अगर राणा की जगह पर आकाशदीप को शामिल किया गया होता तो टीम के लिए अच्छा रहता।

राणा ने पहले टेस्ट मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी और ट्रेविस हेड जैसे बल्लेबाज को आउट किया था और मार्नस लाबुसेन पर अंकुश लगाकर चार विकेट लिए थे पर दूसरे टेस्ट में वह प्रभावी नहीं रहे। नीतीश ने हालांकि दोनों ही मैचों में बल्लेबाजी से लोगों का दिल जीता।

## दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची



मुम्बई। दक्षिण अफ्रीका की टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे नंबर पर खिसक गयी है। दक्षिण अफ्रीका की टीम को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली 109 रनों की जीत का लाभ मिला है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को भारत को दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हराकर नंबर एक पर पहुंची थी पर वह इस स्थान पर 24 घंटे भी नहीं टिक पायी। अब दक्षिण अफ्रीका 63.33 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर है। उसने श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की घरेलू सीरीज 2-0 से जीतकर दूसरे से पहला स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल 60.71 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं भारतीय टीम 57.29 प्रतिशत अंक के साथ ही तीसरे नंबर पर है।

इससे भारतीय टीम की डब्ल्यूटीसी फाइनल की राह अब और भी कठिन हो गई है। खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए टॉप-2 में रहना जरूरी है। ऐसे में अगर भारतीय टीम को सीधे फाइनल में पहुंचना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के बचे तीन मैचों में जीत हासिल करनी होगी। भारतीय टीम अगर ऑस्ट्रेलिया से एक भी मैच में हारी तो समीकरण उसे अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर सहना पड़ेगा। भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र की अपनी आखिरी सीरीज खेल रही है जबकि ऑस्ट्रेलिया को भारत के बाद श्रीलंका में दो टेस्ट खेलने हैं। दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान के विरुद्ध दो टेस्ट खेलने हैं ऐसे में उसके पास जीतकर अपना स्थान पक्का करने का अवसर है।

## हरभजन ने बुमराह को मैक्ग्रा, वाल्श और एम्ब्रोस जैसा गेंदबाज बताया

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सराहना करते हुए उन्हें ग्लेन मैक्ग्रा , कोर्टनी वाल्श और कर्टली एम्ब्रोस जैसा गेंदबाज बताया है। हरभजन ने कहा कि कहा, बुमराह रन नहीं देते और विकेट पर गेंदबाजी करते हैं जिससे उनकी गेंबाजी खेलना काफी मुश्किल होता है। वह विरोधियों को रन बनाने के अवसर नहीं देते जिसेस बल्लेबाज उनके खिलाफ गलतियां कर देते हैं।

उन्होंने कहा कि , मैकग्राथ, वॉल्श और कर्टली एम्ब्रोस भी कुछ ऐसे ही गेंदबाज थे। उन्होंने बहुत अधि विकेट लिए और बुमराह भी यही कर रहे हैं। विकेट लेने की उनकी क्षमता के कारण उनका स्ट्राइक रेट भी कम है.

बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए दोनो ही मैच में अच्छी गेंदबाजी की। पहले टेस्ट में बुमराह ने कुल 8 विकेट लिए थे। उसी कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत दर्ज करने में सफल रही। वहीं दूसरे टेसट में भी बुमराह ने पहली पारी में भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक 4 विकेट लिए थे।

## दूसरे टेस्ट में हार के बाद गंभीर और अगरकर के फैसलों पर उठे सवाल

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट में करारी हार के बाद से ही टीम के कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर निशाने पर आग गये हैं। गंभीर और अगरकर पर सवाल अनुभवी खिलाड़ियों की जगह हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी को वरीयता देने को लेकर लगे हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन के समय भी कहा गया था कि आईपीएल में गंभीर की टीम कोलकाता नाइटराइहडर्स (केकेआर) से राणा और नीतीश खेलते थे।

गंभीर भारतीय टीम के कोच बनने से पहले इसी टीम के मेंटर थे। गंभीर को राणा को फेवर करने की बातें भी उठ रही हैं।

नीतीश और राणा को पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में शामिल किया गया था। दोनों ने ही अपने खेल से प्रभावित किया। इसी कारण एडिलेड में भी उन्हें शामिल किया गया था। एडिलेड में भी नीतीश का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा पर राणा असफल रहे। ऐसे में ये कहा जाने गया कि अगर राणा की जगह पर आकाशदीप को शामिल किया गया होता तो टीम के लिए अच्छा रहता।

राणा ने पहले टेस्ट मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी और ट्रेविस हेड जैसे बल्लेबाज को आउट किया था और मार्नस लाबुसेन पर अंकुश लगाकर चार विकेट लिए थे पर दूसरे टेस्ट में वह प्रभावी नहीं रहे। नीतीश ने हालांकि दोनों ही मैचों में बल्लेबाजी से लोगों का दिल जीता।

## कॉनवे तीसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे, चैपमैन शामिल

हैमिल्टन । न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनकी जगह पर मार्क चैपमैन को टीम में शामिल किया गया है। चैपमैन तीसरे और अंतिम टेस्ट से पहले हैमिल्टन में टीम के साथ जुड़ जाएंगे। कॉनवे पिता बनने वाले हैं, ऐसे में उन्होंने टीम से नाम वापस ले लिया है।

वहीं कोच गैरी स्टीड ने कहा, परिवार सबसे पहले आता है और हम सभी कॉनवे और उनकी पत्नी किम के पहले बच्चे का स्वागत करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं उनकी जगह शामिल चैपमैन ने भारत दौर में अच्छी बल्लेबाजी की थी। प्लंकेट शील्ड में उन्होंने 276 रन बनाये थे।

## बुमराह का अन्य गेंदबाजों को भी देना होगा साथ- रोहित

एडिलेड। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एडीलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली हार के बाद टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का बचाव किया है। रोहित ने कहा कि बुमराह हमेशा अपने बल पर ही गेंदबाजी की जिम्मेदारी नहीं उठा सकते हैं। ऐसे में अन्य गेंदबाजों को भी उनका साथ देने अपना स्तर ऊपर उठाना होगा। बुमराह ने यहां मेजबान टीम की पहली पारी में चार विकेट लिए थे। रोहित ने कहा, ' बुमराह अकेले ही पूरी जिम्मेदारी नहीं उठा सकते। वह दोनों छोर से गेंदबाजी नहीं कर सकते। इसलिए अन्य गेंदबाजों को भी आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी है, बुमराह ही हमेशा विकेट लें ये संभव नहीं है। इस मैच में युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने 16 ओवर में ही 86 रन दे दिये थे पर रोहित ने उनका भी बचाव किया है।



रोहित ने कहा, ' राणा को केवल एक टेस्ट मैच के आधार पर ही आंकना सही नहीं होगा। मुझे नहीं लगता कि उसने कुछ गलत किया है और उसे बिना किसी कारण के बाहर नहीं किया जा सकता है। राणा एक जज्बे वाला खिलाड़ी है। रोहित ने मैच में हेड और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच हुई बहस को ज्यादा तूल देने से इंकार कर दिया। हेड को आउट करने के बाद सिराज की उनसे बहस हुई थी।

इसको लेकर रोहित ने कहा, 'खेल के दौरान आक्रामक होने और अति-आक्रामक होने के बीच बहुत कम अंतर होता है। कप्तान के रूप में यह देखना मेरा काम है कि कोई भी इस सीमा को पार न करे।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज विभाग) जिला बालाघाट (म.प्र.)**

Office-e-mail -modgmbal@mp.gov.in .

क्रमांक / 1133 / खनिज / 2024 बालाघाट दिनांक 02/12/2024

म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए,

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री लक्ष्मण कुर्राहे निवासी-ग्राम लवेरी तह. किरनापुर जिला बालाघाट (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 16.10.2024 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 1029 दिनांक 25.10.2024 को प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 22.12.2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा हे. में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बालाघाट | किरनापुर | अकोला | 516 | 0.425 हे. | शासकीय | पत्थर (क्रेशर आधारित) | आवेदक द्वारा नवकरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के पक्ष में पूर्व से उत्खनिपट्टा स्वीकृत है। |
| | | | कुल रकबा | 0.425 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथि तक (कार्यालय समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुये 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 तहत् अधिमान्यता तय करने की आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समक्षा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

G19984/24

खनि अधिकारी
जिला-बालाघाट (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण-सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 16 / व0ले0लि0/2024-25 बालाघाट, दिनांक 04.12.2024

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइटwww.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं क्र. | टेण्डर क्र0 | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2024_PWDRB_386000 | बालाघाट | कलेक्टर भवन बालाघाट का मरम्मत कार्य | प्रथम आमंत्रण | 21.18 | 42360.00 | 5000.00 | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2024_PWDRB_386001 | बालाघाट | परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत गर्रा गायखुरी गोंगलई नवेगांव मार्ग लंबाई 7.475 कि.मी. प्रस्तावित लंबाई- 3.20 किलोमीटर का मरम्मत कार्य | प्रथम आमंत्रण | 16.94 | 33880.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 2024_PWDRB_386002 | बालाघाट | परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत निम्न मार्गो के मरम्मत कार्य<br>1. ब्राम्हनटोली-डोके-कोथुरना मार्ग लंबाई- 4.00 किलोमीटर<br>2. कोथुरना-गोंडीटोला मार्ग लंबाई- 1.00 किमी.<br>3. आरम्मा- बकोडी मार्ग लंबाई - 1.40 किमी. | प्रथम आमंत्रण | 11.58 | 23160.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | 2024_PWDRB_386004 | बालाघाट | परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत मंगोलीखुर्द से बटरमारा मार्ग का मरम्मत कार्य लंबाई-2.00 किलोमीटर | प्रथम आमंत्रण | 3.37 | 6740.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 5 | 2024_PWDRB_386005 | बालाघाट | परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत परसवाड़ा कोस्ते कटंगी मार्ग लंबाई.- 2.00 किमी का मरम्मत कार्य | प्रथम आमंत्रण | 3.15 | 6300.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 6 | 2024_PWDRB_386006 | बालाघाट | परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत कटंगी-मुर्री मार्ग का मरम्मत कार्य लंबाई-2.00 किमी | प्रथम आमंत्रण | 2.67 | 5340.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 7 | 2024_PWDRB_386226 | बालाघाट | जिला बालाघाट में स्थित आई0जी0 बंगला में लघुमूल गौड़ कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 10.89 | 21780.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | | कुल योग | 69.78 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20/12/2024 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

G19991/24

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

# आज भारत अपने ज्ञान, परंपरा एवं सदियों पुराने उपदेशों के आधार पर आगे बढ़ रहा है-पीएम मोदी

अहमदाबाद । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद जिले में साणंद तहसील के लेखंबा स्थित रामकृष्ण मठ द्वारा सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। मोदी ने इस अवसर पर कहा कि आज का भारत अपने ज्ञान, परंपरा व सदियों पुराने उपदेशों के आधार पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आधुनिक टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत के हाल में बढ़ रहे वर्चस्व पर बल देते हुए कहा कि आधुनिक विज्ञान के बहुत ही समर्थक स्वामी विवेकानंद मानते थे कि विज्ञान का महत्व केवल वस्तुओं या घटनाओं के वर्णन तक सीमित नहीं है, बल्कि हमें प्रेरित करने एवं आगे ले जाने में भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विश्व का तीसरी सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में कदम, ढाँचागत सुविधाओं के क्षेत्र में आधुनिक निर्माण तथा भारत द्वारा वैश्विक चुनौतियों के समाधान प्रदान किए जाने जैसी अनेक उपलब्धियों से भारत की पहचान को मान्यता मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद मानते थे कि युवा शक्ति देश की रीढ़ है। युवाओं की शक्ति के विषय में स्वामी विवेकानंद के उद्गारों का उल्लेख करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है और हमें यह जिम्मेदारी उठानी होगी। उन्होंने जोड़ा कि भारत ने आज अमृतकाल की नई यात्रा शुरू की है और विकसित भारत का अचूक लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हमें निर्धारित समयसीमा में यह लक्ष्य प्राप्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे युवा राष्ट्र है। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत के युवाओं ने दुनिया में अपनी क्षमता तथा क्षमता का प्रमाण दिया है तथा भारत की युवा शक्ति ही विश्व की सबसे



बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर रही है और उन्होंने ही भारत के विकास की जिम्मेदारी संभाली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज देश के पास समय व अवसर हैं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व के लिए युवाओं को तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी व अन्य क्षेत्रों की तरह हमारे युवाओं को देश की राजनीति में भी नेतृत्व करने की जरूरत है। उन्होंने इस अवसर पर अपने संकल्प का उल्लेख किया कि आगामी समय में 1 लाख प्रतिभाशाली व ऊर्जावान युवाओं को राजनीति में लाने के सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि ये युवा 21वीं शताब्दी की भारतीय राजनीति तथा देश के भविष्य का नया चेहरा बनेंगे। उन्होंने अध्यात्म तथा सातत्यपूर्ण विकास पर बल देते हुए कहा कि पृथ्वी को श्रेष्ठ बनाने के लिए याद रखने योग्य दो महत्वपूर्ण विचार हैं। इन दोनों विचारों के बीच समन्वय साधकर हम अधिक अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद अध्यात्म के व्यावहारिक पहलू पर बल देते थे तथा समाज की आवश्यकताएँ पूर्ण कर सकने वाला अध्यात्म चाहते थे। विचारों की शुद्धता के साथ स्वामी विवेकानंद आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने पर भी बल देते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखकर स्थायी विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नरेन्द्र मोदी ने कहा स्वामी विवेकानंद के विचार इस लक्ष्य तक पहुँचने में हमें मार्गदर्शन देंगे। अध्यात्म व टिकाऊपन; इन दोनों में संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। एक व्यक्ति मन के भीतर संतुलन का सृजन करता है, जबकि दूसरा व्यक्ति हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाना सिखाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाएँ मिशन लाइफ, एक पेड़ माँ के नाम जैसे हमारे अभियानों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने लेखंबा स्थित रामकृष्ण मठ के संत निवास, भोजनालय तथा प्रार्थना खंड का उद्घाटन किया और इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का गुजरात के साथ अनन्य नाता है। स्वामी विवेकानंद गुजरात में रहे। यह गुजरात का सौभाग्य है। स्वामीजी का जीवन चरित्र लोगों तक पहुँचाने के लिए राज्य में 100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से स्वामी विवेकानंद टूरिस्ट सर्किट का विकास हो रहा है। भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुकरण करते हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के सेवा एवं योग मार्ग को प्रधानमंत्री ने चरितार्थ किया है। प्रधानमंत्री ये प्रयास भी करते रहे हैं कि आज की युवा पीढ़ी स्वामीजी के विचारों को जाने और उनका अनुकरण करे।

## अब सत्यपाल मलिक ने भी राहुल गांधी की काबिलियत पर खड़े किए सवाल, ममता और उद्धव बेहतर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया (इंडिया) गठबंधन के नेतृत्व पर अपनी दावेदारी ठोक दी है। ममता के इस दावे से कांग्रेस असहज हो गई है। लेकिन समाजवादी पार्टी और शरद पवार की एनसीपी ने ममता का समर्थन किया है। इस बीच पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक ने भी अपनी राय जाहिर की है। मालिक का कहना है कि अगर इंडिया गठबंधन के सभी दल ममता बनर्जी को अपने नेता के रूप में आगे लाते हैं, तब यह गठबंधन निश्चित रूप से सफल होगा। उन्होंने ममता और उद्धव ठाकरे को इंडिया गठबंधन के लिए सबसे अच्छा नेता माना है।



मलिक का यह बयान ममता बनर्जी को एक मजबूत और प्रभावशाली नेता के तौर पर पहचाना दिलाता है। लेकिन कांग्रेस और खासकर राहुल गांधी के लिए परेशानी खड़ा करता है। उनका यह यह बयान उस समय में आया है जब इंडिया गठबंधन के विभिन्न दल अपने नेतृत्व और चुनावी रणनीतियों पर विचार कर रहे हैं। मलिक ने ममता और उद्धव ठाकरे दोनों को इंडिया गठबंधन के लिए उपयुक्त नेता बताया।

उन्होंने कहा, वर्तमान समय में इंडिया गठबंधन के लिए सबसे मजबूत नेता कोई है, तब वह ममता बनर्जी हैं। अगर इंडिया गठबंधन के सभी दल ममता बनर्जी को अपने नेता के रूप में आगे आने दें, तब यकीनन इंडिया गठबंधन सफल होगा।

वहीं इसके पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख और राज्यसभा सांसद शरद पवार ने ममता बनर्जी के उस बयान का समर्थन किया है जिसमें उन्होंने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की अगुवाई करने की इच्छा जाहिर की है। शरद पवार ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एक काबिल नेता हैं और उन्हें विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने की इच्छा जाहिर करने का अधिकार है।

दरअसल एक इंटरव्यू में ममता ने कहा था कि बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए वे विपक्षी गठबंधन के संचालन की जिम्मेदारी भी देख सकती हैं। ममता ने यह बयान तब दिया है जब हाल में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और महाराष्ट्र में हुए चुनावों में कांग्रेस को मिली हार और विभिन्न क्षेत्रीय दलों के बीच असंतोष के कारण विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में मतभेद सामने आए हैं।

ममता ने कहा है कि वे मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। अब सभी की निगाहें कांग्रेस के अगले कदम पर टिकी हैं, क्योंकि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस अडानी और किसानों के मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन सहित कई मुद्दों पर संसद में खुद को अलग-थलग पाती है, जहां इसके कई सहयोगी इससे दूर रहते हैं।

## विदेश सचिव ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को लेकर नई दिल्ली की चिंताएं साझा की

नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। इसी के साथ ढाका की उनकी एक दिवसीय यात्रा भी संपन्न हो गई। विदेश सचिव ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन के साथ भी बैठक की।

अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ चरमपंथी बयानबाजी और हिंसा की घटनाओं को लेकर पड़ोसी देश के साथ नई दिल्ली की चिंताएं साझा की। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि इन बैठकों के दौरान विदेश सचिव मिस्त्री ने एक लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने आपसी विश्वास, सम्मान तथा एक-दूसरे की चिंताओं और हितों के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बांग्लादेश के साथ रचनात्मक संबंध बनाने की नई दिल्ली की इच्छा को दोहराया।

मिस्त्री की यात्रा के समापन के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, विदेश सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-बांग्लादेश संबंधों में लोग मुख्य हितधारक हैं। उन्होंने कहा कि भारत का बांग्लादेश के साथ बहुआयामी संबंध, जिसमें संपर्क, व्यापार, बिजली, ऊर्जा और क्षमता निर्माण के क्षेत्र शामिल हैं, बांग्लादेश के सभी लोगों के लाभ के लिए हैं। इसमें कहा गया, विदेश सचिव ने हाल के कुछ घटनाक्रमों और मुद्दों पर भी चर्चा की और भारत की चिंताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनयिक संपत्तियों पर हमलों की कुछ अफसोसजनक घटनाओं को भी उठाया। विदेश मंत्रालय ने जोर देकर कहा, विदेश सचिव की यात्रा भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय जुड़ाव को बनाए रखने में मदद करेगी, ताकि चिंताओं को दूर करने के साथ-साथ संबंधों में महत्वपूर्ण मुद्दों को आगे बढ़ाया जा सके। बता दें कि विदेश सचिव का यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों विशेष तौर पर हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा, भड़काऊ बयानबाजी जैसी खबरें लगातार सामने आ रहा हैं। भारत ने लगातार हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ धमकियों और टारगेटेड हमलों

## यह भारत है और यह अपने बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार चलेगा-जस्टिस यादव

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव का एक बयान चर्चा का केंद्र बन गया है। शेखर कुमार ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि यह भारत है और यह अपने बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार चलेगा। जज साहब ने इसके पीछे की वजह भी जाहिर की है।



जज शेखर यादव हिंदी में निर्णय देने के साथ ही गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने वाले निर्णय के बाद चर्चा में आ गए थे। जज शेखर का जन्म 16 अप्रैल 1964 को हुआ है। जस्टिस यादव ने साल 1988 में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से लॉ में ग्रेजुएट किया। 8 सितंबर 1990 को एक वकील के रूप में पंजीकृत हो गए थे। उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट में सिविल और संवैधानिक मामलों में प्रैक्टिस की थी। शेखर कुमार यादव ने हाई कोर्ट में राज्य सरकार के अपर शासकीय अधिवक्ता और स्थायी अधिवक्ता के पद पर काम किया है। साथ ही केंद्र सरकार के स्थायी अधिवक्ता और रेलवे के वरिष्ठ अधिवक्ता के पद पर भी काम कर चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई निर्णय हिंदी में दिए हैं। जस्टिस को बीते माह जाम्बिया की यसबड यूनिवर्सिटी लुसाका ने कानून में मानद डॉक्टरेट पीएचडी से सम्मानित किया था। उन्होंने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का निर्णय देकर कहा था कि गाय एकमात्र पशु है, जो ऑक्सीजन छोड़ती है। गौरक्षा को मौलिक आधार भी करार दिया था। गौहत्या के आरोपी को जमानत देने से इंकार कर उन्होंने ये बातें कही थी। जिसके बाद जज शेखर कुमार सुर्खियों में आ गए थे।

बता दें कि जस्टिस यादव प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में पहुंचे थे, जिसमें वकील और वीएचपी स्वयंसेवक मौजूद थे। जस्टिस ने कहा कि जब आप अपने बच्चों के सामने ही जानवरों को कटते हैं, तब वे दया का भाव कैसे सीखेंगे, जबकि हम अपने बच्चों को जन्म से दया करना सिखाते है और जानवरों व प्रकृति से प्रेम करना सिखाते हैं, इसलिए कहने में झिझक नहीं कि ये भारत है और ये अपने बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार चलेगा।

## थाने में हाजिरी, चुनाव प्रचार में परेशानी...सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने जमानत की शर्तों में संशोधन को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरबाजा खटखटाया है। जमानत की शर्तों में संशोधन के लिए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस पर जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि संशोधन की हम मंजूरी देते हैं और 11 दिसंबर को मामले पर सुनवाई होगी।

बता दें कि अगस्त माह में सिसोदिया को तब बड़ी राहत मिली थी जब कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत मिली थी। वे सिसोदिया 17 महीने से तिहाड़ जेल में बंद थे। सिसोदिया को जमानत देकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वे समाज के सम्मानित व्यक्ति हैं और उनके भागने की आशंका भी नहीं है। साथ ही कहा कि मामले में ज्यादातर सबूत भी जुटाए जा चुके हैं, इसलिए उनके साथ छेड़छाड़ करने की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, गवाहों को प्रभावित करने या डराने के मामले में उनपर शर्तें लगाई जा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मनीष को 10 लाख के मुचलके पर जमानत दी है। साथ ही दो बड़ी शर्तें लगा दी हैं। पहली शर्त ये है कि उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। और दूसरी शर्त ये कि उन्हें हर सोमवार और गुरुवार को थाने में जाकर हाजिरी लगानी होगी।

## डिवाइडर से टकराकर पलटी कार दूसरी कार से टकराई, पांच छात्रों समेत सात की मौत

जूनागढ़, । गुजरात के जूनागढ़ जिले में भीषण सड़क दुर्घटना में पांच कॉलेज छात्रों समेत सात लोगों की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई और पलट कर दूसरी कार से जा टकराई। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए और शवों को पहचाना भी मुश्किल हो गया। पुलिस के मुताबिक पांचों कॉलेज छात्र एक कार में सवार होकर परीक्षा देने जा रहे थे, जबकि अन्य दो पीड़ित एक अलग कार में थे। छात्रों की तेज रफ्तार कार अचानक डिवाइडर से टकराई। टक्कर के बाद कार सड़क के दूसरी तरफ पलट गई और सामने से आ रही दूसरी कार से जा टकराई। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि दोनों कारों में सवार लोग बुरी तरह फंस गए। सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और शवों को बाहर निकाला। घटनास्थल पर दोनों कारें इतनी क्षतिग्रस्त हो गई थीं कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। पुलिस को शवों की पहचान करने में भी कठिनाई हुई। पांचों कॉलेज छात्र जूनागढ़ के एक प्रमुख कॉलेज के छात्र थे और वे एक परीक्षा देने जा रहे थे। छात्र अपनी कार में सवार थे, जबकि अन्य दो लोग दूसरी कार में थे। दोनों वाहन बहुत तेज रफ्तार में थे। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## मैंने हिंदुत्व की विचारधारा के खिलाफ बात की, न कि हिंदू धर्म के खिलाफ

### पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने अपने बयान पर हुए विवाद पर दी सफाई

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) नेता इल्तिजा मुफ्ती ने हिंदुत्व के खिलाफ अपनी विवादित टिप्पणी को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हिंदुत्व की विचारधारा के खिलाफ बात की थी, न कि हिंदू धर्म के खिलाफ। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म एक ऐसा धर्म है जो शांति और करुणा को बढ़ावा देता है और उन्होंने हिंदुत्व दर्शन की आलोचना की, जिसके बारे में उनका दावा है कि वह केवल हिंदुओं के लिए भारत चाहता है।

उन्होंने आगे कहा कि यह महात्मा गांधी का भारत है। मैंने हिंदुत्व के खिलाफ बात की है, हिंदू धर्म के खिलाफ नहीं। इल्तिजा मुफ्ती ने कहा मैंने वीर सावरकर के दर्शन के खिलाफ बात की है कि भारत केवल हिंदुओं के लिए है...मैं जानती हूं कि हिंदू धर्म एक ऐसा धर्म है जो शांति और करुणा को बढ़ावा देता है। मैं हिंदुत्व के खिलाफ हूं क्योंकि यह एक बीमारी है जिसे खत्म करने की जरूरत है।

इल्तिजा मुफ्ती के शनिवार को उनके विवादित पोस्ट ने विवाद को जन्म दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंदुत्व एक बीमारी है जिसने लाखों भारतीयों को पीड़ित किया है और एक भगवान के नाम को कलंकित किया है। एक कथित वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम को शर्म से अपना सिर झुकाना चाहिए और असहाय होकर देखना चाहिए कि कैसे नाबालिग मुस्लिम लड़कों को सिर्फ़ इसलिए चप्पलों से पीटा क्योंकि वे उनका नाम लेने से इनकार करते हैं।

हिंदू धर्म और हिंदुत्व में अंतर करते हुए मुफ़्ती ने कहा कि हिंदुत्व इस्लाम की तरह ही धर्मनिरपेक्षता, प्रेम और करुणा के मूल्यों को बढ़ावा देने वाला धर्म है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व और हिंदू धर्म में बहुत अंतर है। हिंदुत्व नफरत का एक दर्शन है जिसे वीर सावरकर ने 1940 के दशक में हिंदुओं के आधिपत्य को स्थापित करने के उद्देश्य से भारत में फैलाया था और दर्शन यह था कि भारत हिंदुओं का है और हिंदुओं के लिए है। इसलिए इसे जानबूझकर विकृत न करें।

जय श्रीराम के नारे पर बोलते हुए मुफ्ती ने कहा कि जय श्रीराम का नारा रामराज्य के बारे में नहीं है, बल्कि इसे लिंचिंग से जोड़ा जा रहा है...यह बहुत शर्मनाक है कि हिंदू धर्म को विकृत किया जा रहा है...मैंने हिंदुत्व की आलोचना की क्योंकि यह एक बीमारी है। इस बीच इल्तिजा के बयान के बाद कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि उन्होंने हिंदू धर्म की तारीफ की है। वह एक युवा नेता हैं और मुफ्ती मोहम्मद सईद की पोती हैं...हम सभी को एक-दूसरे के धर्मों का सम्मान करना चाहिए।

बीजेपी नेता रविंदर रैना ने इल्तिजा मुफ्ती के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि पीडीपी नेता ने हिंदू धर्म के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है और उनसे माफी मांगने की मांग की। राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए...पीडीपी नेता को माफी मांगनी चाहिए।

## कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना थल्ली की साड़ी का रंग बदला, कलश और मुकुट को हटाया

### भाजपा ने इसे तेलगू अस्मिता पर हमला करार दिया

हैदराबाद। कांग्रेस की रेवंत रेड्डी सरकार से फैसले से तेलंगाना में घमासान मचा है। दरअसन कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना थल्ली यानी तेलंगाना की माता की प्रतिमा का स्वरूप बदल दिया। कांग्रेस सरकार ने देवी के स्वरूप से तेलगू संस्कृति की प्रतीक वथकम्मा के कलश और मुकुट को हटाया है। उनकी साड़ी के रंग को भी बदल दिया है। बीजेपी ने इस बदलाव को तेलगू अस्मिता पर हमला करार दिया है। वहीं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने इसके खिलाफ तेलंगाना हाई कोर्ट में अर्जी लगा दी है।

बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस सरकार राजनीतिक हितों के लिए तेलंगाना की सांस्कृति पहचान से छेड़छाड़ कर रही है। कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी पार्टी की सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी को तेलंगाना की मां बोलते हैं। अब उन्हें खुश करने के लिए तेलंगाना की पहचान रही तेलंगाना थल्ली की छवि बदल रही है। कांग्रेस ने वथकम्मा कलश हटाकर देवी के हाथ खाली कर दिए हैं। उनके शरीर से तेलंगाना की समृद्धता की प्रतीक कमरबंद, पैरों में पहने जानी वाली विछुवा और गुलाबी साड़ी भी बदल दी है। गौरव का प्रतीक मुकुट भी हटाया गया है। बीजेपी का आरोप है कि यह संयोग नहीं, बल्कि सीएम रेड्डी ने नई मूर्ति के उद्घाटन के लिए सोनिया गांधी के जन्मदिन को चुना है। देवी के हाथ इसलिए खाली किए गए, वह कांग्रेस का चुनाव चिन्ह है।

तेलगू क्षेत्र में पहले से तेलगू थल्ली की धन्य-धान्य और समृद्धि देने वाली देवी के तौर पर पूजा होती रही है। उन्हें आंध्र माता कहा जाता है। नए राज्य तेलंगाना के आंदोलन के दौरान लोगों ने देवी का स्थानीय स्वरूप 'तेलंगाना थल्ली' दे दिया। इस प्रतीकात्मक मूर्ति को निर्मल जिले के निवासी बी वेंकटरमण ने डिजाइन किया था। यह मूर्ति तेलंगाना आंदोलन का प्रतीक भी बनी। 2003 में हैदराबाद के टीआरएस हेडक्वॉर्टर में 'तेलंगाना थल्ली' की पहली प्रतिमा लगाई गई। तेलंगाना के गठन के बाद यह प्रतिमा कई जगह लगाई गई। तेलंगाना थल्ली की पहली प्रतिमा में देवी को गडवाल और पोचमपल्ली के प्रसिद्ध रेशमी कपड़ों की प्रतीक गुलाबी साड़ी पहनाई गई। उनके हाथ में मक्के की बाली दी गई, जो भरपूर धन्य-धान्य और कृषि से जुड़ी थी। देवी के दूसरे हाथ में रखा गया बथकम्मा की कलश तेलंगाना के सबसे बड़े त्यौहार का प्रतीक था, जो नवरात्रों के दौरान मनाया जाता है। उन्हें समृद्धि का प्रतीक मुकुट भी पहनाया गया। उन्हें करीम नगर के प्रसिद्ध आभूषणों कमरबंद पहनाया गया और महिलाओं की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी पैरों में पहनने वाले बिछुवा से सजाया गया था। अब नए डिजाइन में देवी का मुकुट गायब है। उनकी गुलाबी साड़ी को हरा कर दिया गया है। कमरबंद हटा दिए गए हैं। हाथ में बथकम्मा का कलश भी नहीं है। चूड़ियां भी लाल से हरी हो गई हैं।

वहीं केसीआर के बेटे और पूर्व राज्य मंत्री के टी रामा राव ने कहा कि रेवंत रेड्डी तेलंगाना से केसीआर की विरासत को मिटाने की जल्दबाजी में हैं। उन्होंने कहा कि देवी की नई प्रतिमा तेलंगाना की पहचान का अपमान है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में लौटने पर राज्य सचिवालय में स्थापित राजीव गांधी की प्रतिमा को हटा देगी और उसकी जगह तेलंगाना थल्ली की मूल प्रतिमा स्थापित करेगी।

## अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बाइक, तीन युवकों की मौत

सोनभपद्र। सोनभद्र जिले के कोन-तेलुगुडुवा मार्ग पर एक बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी जिसमें सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि रविवार शाम करीब सात बजे हुई दुर्घटना में तीन बाइक सवारों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। मृतकों की उम्र करीब बीस साल थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडे ने बताया कि बिलरुआ गांव के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई, जिससे उस पर सवार तीन युवक घायल हो गए थे।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को अपने सरकारी वाहन से कोन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोन थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीनों बाइक सवारों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## स्कूली बच्चों का अपहरण करते पकड़ाए तीन साधु, ग्रामीण ने की जमकर पिटाई

सुल्तानपुर। यूपी के सुल्तानपुर में भगवा वस्त्र धारण किए तीन साधु मॉब लिंचिंग से बच गए। स्कूली बच्चों के अपहरण के चलते गांव वालों ने इन्हें घेरकर पीटा, जिसका वीडियो सामने आया। पुलिस ने तीनों साधुओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें अपहरण की बात की पुष्टि नहीं हुई। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज करके निजी मुचलके पर साधुओं को छोड़ दिया है।

लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय चाचपारा है। जहां सत्यम, प्रांजल, आदिति और अंश नाम के बच्चे स्कूल गए थे और प्रधान अध्यापिका को जानकारी दी कि साधु के भेस में लोग उन्हें कार में बैठाकर ले जा रहे थे। इसकी सूचना परिजनों को दी गई। इस पर गांव वालों ने साधुओं की गाड़ी को घेर लिया। फिर उन्हें कार से उतारकर उनकी जमकर पिटाई कर दी। इसका वीडियो वायरल हो गया।

इस बीच डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई और साधुओं को बचाकर कोतवाली लम्भुआ लेकर आई जहां साधुओं से पूछताछ की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीन साधु ग्राम के प्राथमिक विद्यालय के पास नजर आए, जहां पर कुछ हल्ला-गुल्ला होने पर गांव और आस-पास के लोग आ गए। एक बच्चे की मां की सूचना के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उन्होंने बताया कि तीनों अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में पूछताछ के लिए लाया गया। पूछताछ में पता चला कि तीनों व्यक्ति नोएडा से निकले थे। वे कुम्भ मेला प्रयागराज जाने वाले थे और उनके पास जो गाड़ी थी वह खेरकन सेरखा, हरियाणा मठ के कर्मवीर नाथ पुत्र जवाहर नाथ के नाम पंजीकृत है। तीनों साधू 6 दिसम्बर को यहां पहुंचे थे और केएनआईटी के पास स्थित हनुमान मंदिर में रात बिताई। तीनों के परिचय और प्रमाणिकताएं पुलिस द्वारा सत्यापित की गईं। प्रथम दृष्टया अपहरण के चेष्टा के घटना की पुष्टि नहीं हो पा रही है।

चाचपारा निवासी अमर यादव ने बताया सुबह 7 बजे साधू बाबा का ये गिरोह फोर व्हीलर से यहां आया था। ये लोग रास्ता पूछ रहे थे, उसके बाद ये लोग गौतमपुर गए। वापसी में ये लोग जब बच्चे स्कूल जा रहे थे तो उन्हें खींच कर ये गाड़ी में बैठा रहे थे। इनके पास नशीली दवा भी थी। जब ग्रामीणों को पता चला और चीख-पुकार मची तो इन्हें पकड़ा लिया।

# समर्थन मूल्य 3100 रु की मांग को लेकर जिला बंद आज

## कांग्रेस सहित विभिन्न संगठनों ने बंद को दिया समर्थन, नगर में प्रचार प्रसार वाहन घूमाकर बंद का किया गया आव्हान, किसान गर्जना के माध्यम से रैली निकालकर सौपा जाएगा ज्ञापन

**बालाघाट ( पदमेश न्यूज़ )। चुनाव के पूर्व किए गए वादों को निभाने और वादे के मुताबिक किसानों की धान का समर्थन मूल्य 3100 रु किए जाने की मांग को लेकर पिछले कुछ दिनों से जिले भर में चल रहे धरना प्रदर्शन आंदोलन के बीच किसान गर्जना संगठन द्वारा 10 दिसंबर मंगलवार को बालाघाट जिला बंद का आह्वान किया गया है। मंगलवार को बुलाए गए जिला बंद को कांग्रेस पार्टी सहित विभिन्न संगठनों ने अपना समर्थन दिया है।जहां 10 दिसंबर मंगलवार को किसानों की इस मांग को लेकर दोपहर 2 बजे तक प्रतिष्ठान बंद करने का समर्थन व्यापारी वर्ग द्वारा दिया गया है। तो वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ने भी किसानों के इस बंद का पूर्ण समर्थन का ऐलान करते हुए सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ बंद में शामिल होने की बात कही है। जहां मंगलवार 10 दिसंबर को सुबह से ही बंद को लेकर किसान गर्जना द्वारा नगर में घूम घूम कर समर्थन जुटाया जाएगा। तो वही जिले भर के विभिन्न संगठनों के लोग,किसानों के साथ ट्रैक्टर व बैलगाड़ी सहित अन्य वाहनों से बालाघाट पहुंचकर अपनी इस मांग को लेकर रैली निकालकर नगर भ्रमण करेंगे।वही मोदी की गारंटी में शामिल धान का 3100 रुपए समर्थन मूल्य को लेकर कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जाएगा।**

### बंद को मिला इनका समर्थन

किसानों को 3100 रु समर्थन मुल्य दिए जाने की मांग को लेकर किसान गर्जना द्वारा 10 दिसंबर को बुलाए गए जिला बंद को जिला कांग्रेस कमेटी ने अपना समर्थन देते हुए किसानों की आवाज उठाने की बात कही है।तो वही किसानों के हक अधिकारों के लिए किसान गर्जना द्वारा बुलाए गए इस जिला बंद को चेम्बर आफ कामर्स, बालाघाट, जूनियर चेम्बर आफ कामर्स बालाघाट, जिला व्यापारी संघ बालाघाट, जिला कपडा व्यापारी संघ बालाघाट, जिला किराना व्यापारी संघ बालाघाट, जिला पान व्यापारी संघ बालाघाट, जिला बर्तन व्यापारी संघ बालाघाट जिला वाहन चालक संघ बालाघाट, जिला प्राईव्हेट स्कूल प्रबंधन बालाघाट,आटो रिक्शा चालक संघ बालाघाट और जिला अधिवक्ता संघ बालाघाट सहित अन्य संगठनों द्वारा मंगलवार दोपहर 2 तक समर्थन दिए जाने की बात किसान गर्जना द्वारा कही गई है।

### प्रचार वाहन से भी जिला बंद की दी गई सूचना

उधर 10 दिसंबर मंगलवार को बुलाए गए बालाघाट जिला बंद को लेकर बालाघाट नगर सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में जिला बंद को लेकर प्रचार वाहन घूमाकर मंगलवार को जिला बंद का ऐलान किया गया। जिसमें किसान गर्जना संगठन द्वारा किसानों की मांग के समर्थन में सभी से बंद के आह्वान को समर्थन देते हुए बंद में शामिल होने का आग्रह भी किया गया है।

### किसानों की इस लड़ाई में कांग्रेस उनके साथ है- संजय उइके

जिला बंद को लेकर मीडिया को जारी किए गए बयान में बैहर विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय उइके ने बताया कि देश और



प्रदेश में बैठी भारतीय जनता पार्टी की सरकार जिनकी कथनी और करनी मे हमेशा विरोधाभास रहा है लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले हमारे देश के अन्नदाता किसानों को उनकी फसल की आय को दुगना करने की बात करने वाले जिसमें धान का मूल्य 3100/- रुपए , गेहूं का मूल्य 2700/- , लाडली बहनों को 3000/- प्रति माह देने का वादा कर वोट लेकर सरकार का गठन कर लिया और सरकार बनने के बाद अन्नदाता को धोखा देने वाली सरकार किसानो की आवाज को दबाने का काम कर रही है। इसके विरोध में 10 दिसंबर को संपूर्ण बालाघाट बंद करने का आवाह्न हमारे अन्नदाताओं द्वारा किया गया है उनकी इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी पूर्ण रूप से उनके साथ खड़ी है। मैं कांग्रेस के समस्त साथियों से अपील करता हूं कि अपने-अपने ब्लॉक स्तर पर किसानों के साथ उनके इस बंद में इस गूंगी बहरी सरकार को जगाने में कंधे से कंधा मिलाकर उनकी इस लड़ाई शामिल होकर बंद को सफल बनाने में अपना योगदान करें

### बसे भी रहेगी बंद -मुकेश चौहान

उक्त मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला बस आपरेटर एसोसिएशन अध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि कल बालाघाट बंद आव्हान को लेकर जिला बस आपरेटर एसोसिएशन ने भी किसानों को अपना समर्थन दिया है। जिसके चलते जिले के तमाम रूटों पर चलने वाली बसों को का संचालन बंद रहेगा।बसे नही चलाई जाएगी। हम बस ऑपरेटर भी किसानों की इस मांग के समर्थन में है।

### बंद को मिला सभी का समर्थन, भारी तादात में किसान पहुंचे बालाघाट- अरविंद

जिला बंद को लेकर की गई चर्चा के दौरान किसान गर्जना प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि मंगलवार जिला बंद को व्यापारी संगठनों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अपना समर्थन दिया है। पहली बार बस एसोसिएशन ने भी अपने वाहन बंद रखने का निर्णय लेते हुए इस बंद को समर्थन दिया है।किसानों के इस आंदोलन में बस ऑपरेटर भी हमारे साथ में है। कल जिले की सभी बसें भी बंद रहेगी। हमारी अपील है कि जिले भर के सभी किसान और उनके परिजन सहित बंद को समर्थन देने वाले सभी लोग बालाघाट आए और जो वादा किया है उसे निभाना पड़ेगा के नारे के साथ अपनी आवाज़ उठाएं। यह आवाज भोपाल दिल्ली तक पहुंचाएं ।उन्होंने बताया कि अभी तक जिले भर के किसानों ने हमारा बहुत सहयोग किया है हमारी सभी से अपील है कि सभी किसान अपने-अपने साधन से बालाघाट पहुंचे और सभी एकजुट होकर समर्थन मूल्य की इस आवाज को भोपाल ही नही बल्कि दिल्ली में बैठी सरकार तक पहुंचाने का काम करे।

### बालाघाट बंद में किसानों के साथ नहीं है फल, सब्जी विक्रेता संघ

सब्जी विक्रेता संघ के पदाधिकारी राकेश सेवईवार द्वारा बताया गया कि आज उन्होंने कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया है जिसमें उन्होंने सब्जी विक्रय को अति आवश्यक सेवा में शामिल करने की मांग की है क्योंकि आए दिन कोई भी संगठन उन्हें बंद का आवाहन करके उनका समर्थन मांगता है जिससे उन्हें बहुत नुकसान होता है , इसलिए वह चाहते हैं की सब्जी विक्रय को अति आवश्यक सेवा में शामिल किया जाए एवं 10 तारीख को जो किसान गर्जना द्वारा धान के समर्थन मूल्य के लिए बंद किया जा रहा है वह उसमें शामिल नहीं है, किंतु किसानों को समर्थन मूल्य सरकार दे इसके वह भी पक्ष में है ,लेकिन बालाघाट बंद में वह किसानों के साथ नहीं है।

# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज) ।बैहर थाना अंतर्गत परसा टोला से भडेरी रोड पर स्थित ग्राम बैगा टोला से कार्रवाई के बीच सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई मृतक जितेंद्र पिता दयावान पंचतिलक 36 वर्ष ग्राम मेंढकी थाना बैहर निवासी है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र पंचतिलक खेती किसानी करता था ।जिसके परिवार में माता-पिता एक भाई पत्नी और तीन बच्चे हैं। बताया गया है कि 8 दिसंबर को सुबह जितेंद्र पंचतिलक किसी काम से मोटरसाइकिल में ग्राम उकवा आया था और उकवा से अपना काम निपटाना के बाद वह अपने घर मेंढकी जाने निकला था। परसाटोला से मोटरसाइकिल में मेंढकी जाते समय बैगाटोला और करवाही के बीच कोई अज्ञात वाहन जितेंद्र की मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार हो गया ।इस अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार जितेंद्र रोड किनारे घायल बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था ।जिसके सिर में चोट की निशान थे। खबर मिलते ही परिवार के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल जितेंद्र को चौपहिया वाहन से शाम 7 बजे करीब जिला अस्पताल ले किंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिए। जितेंद्र की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई थी।9 दिसंबर को जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक महेंद्र मार्च मर्सकोले आरक्षक शरद यादव ने मृतक जितेंद्र का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना बैहर भिजवा दी है।

# ट्रेन से गिरने से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। चरेगांव पुलिस चौकी क्षेत्र में जबलपुर रेलवे लाईन पर स्थित नेहरा नदी के पास चलती ट्रेन से गिरने से गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक जीवनलाल पिता भैया लाल पारधी 46 वर्ष वार्ड नंबर 4 ग्राम सेरवी पुलिस चौकी चरेगांव निवासी है।चरेगांव पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार जीवनलाल पारधी अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। 3 दिसंबर को 11ः30 बजे करीब जीवनलाल पारधी अपनी पत्नी के साथ चरेगांव रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठकर बालाघाट आ रहा था। तभी नेहरा नदी पुल के आगे अचानक जीवनलाल पारधी चलती ट्रेन से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिसे तुरंत ही जिला अस्पताल बालाघाट में लाकर भर्ती किया गया था। अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जीवनलाल पारधी को हायर सेंटर रेफर किया गया था परिजनों ने उसे गोंदिया अस्पताल में ले गए थे। यहां से भी जीवनलाल पारधी को उसके परिवार वालों ने मेडिकल कॉलेज नागपुर ले गए थे। किंतु सिर में चोट लगने से उनकी हालत में सुधार नहीं हो पाया और परिजनों ने जीवनलाल पारधी को घर शेरवी ला लिये थे। 7एवं 8 दिसंबर की दरमियानी रात करीब 2ः30 बजे जीवनलाल पारधी की मौत हो गई। जिसकी रिपोर्ट उसके बेटे अतुल कुमार पारधी 23 वर्ष ने चरेगांव पुलिस थाना में की थी। जहां से पुलिस चौकी प्रभारी साधू सिंह गुर्जर अपने स्टाफ के साथ ग्राम शेरवी पहुंचे और मृतक जीवनलाल पारधी का शव का पंचनामा करवाई पश्चात लामता के अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सोप दिये । आगे धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।




# कियोस्क संचालक के 4 लाख 35 हजार रुपये चोरी के मामले में दो संदिग्ध से पूछताछ

## 4 माह पहले ग्राम कोसमी स्थित एक होटल से चोरी हो गए थे रुपए, आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं दो संदिग्ध, महाराष्ट्र राज्य की चंद्रपुर पुलिस ने किया था गिरफ्तार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। 4 महीना पहले ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम कोसमी स्थित एक होटल से 4 लाख 35 हजार रुपए चोरी करने के मामले में ग्रामीण पुलिस ने दो व्यक्ति को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू की है। ये दोनों व्यक्ति आंध्र प्रदेश राज्य के बताए गए हैं जिन्हें महाराष्ट्र राज्य की चंद्रपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में दो आरोपी फरार है। ज्ञात हॉकी ज्ञानेश्वर राहंगडाले ग्राम भमोड़ी निवासी की ग्राम कोसमी में बैंक ऑफ़ बड़ौदा का कियोस्क है। 25 जुलाई को सुबह 8ः00 बजे ज्ञानेश्वर राहंगडाले ने अपनी कियोस्क खोले थे। पैसों की जरूरत होने पर ज्ञानेश्वर ने बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में जाकर 4 लाख 35 हजार रुपए निकाले और वे नाश्ता करने के लिए रुपए लेकर ग्राम कोसमी एफसीआई गोदाम के पास बगदरा रोड पर स्थित होटल में होटल में नास्ता करने गए थे। जिन्होंने रूपयो से भरा थैला अपने पास ही रख लिए थे। ज्ञानेश्वर राहंगडाले नाश्ता करते-करते पास में ही स्थित मैकेनिक के पास जाकर उन्होंने अपनी गाड़ी सुधारने बोले । उस समय रुपयों से भरा थैला दुकान में ही था। ज्ञानेश्वर राहंगडाले की रूपयो से भरे थैले से कुछ सेकेंड के लिए नजर हटी, तभी 4 लाख 35 हजार रुपयो से भरा थैला पार हो गया । पलक झपकते ही रूपयो से भरा थैला दुकान से गायब हो गया। यह घटना सुबह 11ः30 बजे करीब हुई। पूछताछ करने पर बताया गया कि एक दुबला पतला ल ?का थैला लेकर नवेगांव की तरफ गया है। ज्ञानेश्वर राहंगडाले ने इस लड़के का पीछा किया किंतु यह लड़का नहीं मिल पाया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण पुलिस ने एफसीआई गोदाम के अलावा नवेगांव, हनुमान चौक ,अंबेडकर चौक में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले इन फुटेजों में चार लोग संदिग्ध पाये गये। जो ज्ञानेश्वर की रैकी कर रहे थे ।ग्रामीण पुलिस द्वारा इस मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर पिछले चार माह से जांच पड़ताल की जा रही थी। दो माह पहले महाराष्ट्र राज्य के चंद्रपुर पुलिस में आंध्र प्रदेश के दो संदिग्ध को गिरफ्तार किया। बताया गया है कि महाराष्ट्र राज्य के चदपुर में चोरी हुई थी और वहा के सीसीएस की फुटेज में कुछ संदिग्ध पाए गए थे। इस चोरी के बाद पांच लोग पुनः चंद्रपुर में चोरी करने की नियत से घूमते पाए जिनमे में दो संदिग्ध को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ ली गए। जबकि तीन फरार हो गए। जो पीछे दो माह से आंध्र प्रदेश के दो संदिग्ध चंद्रपुर की जेल में थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों संदिग्ध ग्रामीण थाना के ग्राम कोसमी स्थित होटल से 4 लाख 35 हजार रुपये की चोरी में संदिग्ध पाए गए। प्रोडक्शन वारंट की जरिए चंद्रपुर पुलिस ने 9 दिसंबर को दोनों संदिग्ध को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश किये जहां से ग्रामीण पुलिस ने दोनों को पूछताछ हेतु पुलिस रिमांड पर लिया है। इस मामले की जांच ग्रामीण थाना प्रभारी सुनील







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट